# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com भोपाल, रविवार 14 जनवरी 2024


## ईपीएफओः हाई पेंशन की डेडलाइन बढ़ाई

**नई दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने सहूलियत दी है। अधिक पेंशन पाने का विकल्प चुनने की डेडलाइन एक बार फिर से बढ़ा दी गई है। उच्च पेंशन के लिए वेतन की डिटेल्स ईपीएफओ की साइट पर अपलोड करने के लिए एंप्लॉयर्स को अब 31 मई 2024 तक का समय दिया गया है। अब नियोक्ताओं को ज्यादा पेंशन का विकल्प चुनने के लिए एक्स्ट्रा समय मिलेगा।






### सीएम डॉ. यादव ने शहडोल में आहार अनुदान योजना में हितग्राहियों को 29.11 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की

# शहडोल में खुलेगा नया कॉलेज 'सहजन' की ब्रांडिंग की जाएगी

शहडोल में एक करोड़ रुपए लागत से निर्मित स्पोर्ट्स कांप्लेक्स लोकार्पित

*मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में सहजन अर्थात मुनगा का भी उत्पादन काफी मात्रा में होता है। स्वाद और सेहत में बेजोड़ माने गए सहजन को अन्य प्रदेशों तक भेजा जाता है। इसके उत्पादन को पहचान दिलवाने और उत्पादकों को लाभान्वित करने के लिए योजना पर अमल किया जाएगा।*



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहडोल पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिले को कई सौगातें दी। उन्होंने शहडोल में नया शासकीय महाविद्यालय खोलने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस अंचल के विकास के विशेष प्रयास होंगे। आदिवासी बहुल शहडोल संभाग तेज गति से प्रगति करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में सहजन अर्थात मुनगा का भी उत्पाद काफी मात्रा में होता है। स्वाद और सेहत में बेजोड़ माने गए सहजन को अन्य प्रदेशों तक भेजा जाता है।

इसके उत्पादन को पहचान दिलवाने और उत्पादकों को लाभान्वित करने के लिए योजना पर अमल किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को शहडोल में आहार अनुदान योजना में पात्र परिवारों को राशि अंतरण और अन्य विकास कार्यों के लोकार्पण एवं ⏩ शेष पेज 4 पर

आहार अनुदान योजना में मप्र के ऐसे 14 जिलों जहां बैगा, भारिया और सहरिया विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग बहुतायत से रहते हैं, कुल 29 करोड़ 11 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की।



### श्रीअन्न से बढ़ेगी किसानों की आय सेहत भी सुधरेगी

डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने जनजातीय वर्ग के विकास के लिए पहल की है। किसी समय मिलेट्स (श्रीअन्न) को गरीबों का अन्न कहा गया था, हमारे देश का मुख्य आहार चावल, कोदो-कुटकी, ज्वार-बाजरा ही रहा है। प्रधानमंत्री ने मोटे अनाज अर्थात श्रीअन्न के उपयोग पर जोर दिया है। प्रदेश सरकार ने श्रीअन्न के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के अंतर्गत श्रीअन्न जिसमें कोदो-कुटकी, रागी, ज्वार, बाजरा आदि के उत्पादन करने वाले किसानों को प्रति किलो 10 रुपए की अतिरिक्त राशि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान की जाएगी। यह राशि सीधे किसानों के खाते में अंतरित की जाएगी। ⏩ पढ़ें पेज 02 भी

### मोहन सरकार का 'एक माह' पूर्ण



शहडोल में बहनों को सिंगल क्लिक से सीएम ने राशि अंतरित की।

## सीएम यादव ने एक महीने में ही दिखाया 'जनता-सरकार' का दम

आम जनता के हक में कई चौंकाने वाले और कठोर फैसले भी लिए

नौकरशाही को भी संदेश दिया कि मप्र को सिर्फ 'भोपाल' ही न समझें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में पिछले महीने इसी तारीख को नई सरकार का गठन हुआ था। डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली और बेहतरीन निर्णयों से प्रदेश की जनता में नई उम्मीदें भर दी।

सबसे खास बात यह रही कि डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के साथ ही सबसे पहले जनता की नब्ज टटोली और शुरुआत में ही समझ लिया कि क्या करना चाहिए, जिससे आम जनता को कई तरह की विसंगतियों से निजात मिल सके। उन्होंने शुरू से ही नपा-तुला कदम उठाते हुए ब्यूरोक्रेसी की नब्ज पकड़ी और महज एक महीने में यह बता दिया कि सरकार व प्रशासन क्या होता है? शनिवार को डॉ. मोहन यादव सरकार का एक माह का कार्यकाल पूरा हो गया। इन तीस दिनों में उनका हर कदम एक ⏩ शेष पेज 4 पर

### खबर संक्षेप

#### निकुंज श्रीवास्तव बने प्रमुख सचिव माइनिंग



**भोपाल।** मप्र के आईएएस निकुंज श्रीवास्तव को प्रमुख सचिव खनिज संसाधन विभाग पदस्थ किया है। उनके पास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के साथ राजस्व पीएस व राहत और पुनर्वास का भी अतिरिक्त प्रभार रहेगा।

#### शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का निधन



**पुणे।** मशहूर शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे (92) का शनिवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। गायिका पुणे स्थित आवास पर सो रही थीं। तभी उन्हें तकलीफ हुई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, पर वे नहीं बच सकीं।

### उज्जैन से रामेश्वरम यात्रा पर गई बस दुर्घटनाग्रस्त

# 2 यात्रियों की मौत...19 घायल सीएम ने दो अफसर मदुरै भेजे

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

उज्जैन से 21 यात्रियों को लेकर तमिलनाडु के रामेश्वरम धाम गई बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में 2 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 19 यात्री घायल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुर्घटना की जानकारी मिलने के तत्काल बाद उज्जैन से एक डिप्टी कलेक्टर व एक सीएसपी को मदुरै भेजा है। उन्होंने घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने तमिलनाडु के रामेश्वरम जिले में हुई बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं को शांति तथा परिजनों को यह दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की है। घायलों का रामेश्वरम और मदुरै के अस्पताल में इलाज चल रहा है।




घायलों का इलाज रामेश्वरम और मदुरै के अस्पताल में चल रहा

### सीएम यादव ने आर्थिक सहायता व समुचित इलाज के दिए निर्देश

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बस दुर्घटना का समाचार मिलते ही उज्जैन कलेक्टर और पुलिस प्रशासन से मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता और घायलों के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री उज्जैन कलेक्टर और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से निरंतर संपर्क बनाए हुए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर और सीएसपी को उज्जैन से मदुरै भेजा गया है। बस में मध्यप्रदेश के 21 यात्री सवार थे। दुर्घटना में मध्यप्रदेश के उज्जैन और धार जिले की एक-एक महिला की मृत्यु हो गई है। 19 यात्री घायल हैं।*






### जिन जिलों के ये एसपी, वे संवेदनशील

## हैदराबाद से बुलाए गए खरगोन बुरहानपुर और इंदौर के एसपी

◆ यह ट्रेनिंग 16 फरवरी तक चलनी थी




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

हैदराबाद के सरदार वल्लभ भाई पटेल नेशनल पुलिस एकेडमी में डेढ़ महीने की ट्रेनिंग करने के लिए गए अफसरों में से तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वापस बुला लिया गया है।

इस सभी की ट्रेनिंग सोमवार से शुरू हुई थी, जो 16 फरवरी तक चलनी थी। जिन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वापस बुलाया गया है, वे तीनों ही जिले संवेदनशील माने जाते हैं। प्रदेश के 17 एसपी अफसरों को इंडक्शन ट्रेनिंग कोर्स करवाने के लिए गृह विभाग ने सूची जारी की थी। इसमें से तीन अफसर वहीं गए थे। सोमवार से शुरू हुई ट्रेनिंग में शामिल हो चुके तीन अफसरों को अचानक शासन ने वापस बुला लिया है।

इसमें एसपी खरगोन धरमवीर सिंह, एसपी बुरहानपुर देवेंद्र पाटीदार और एसपी इंदौर ग्रामीण सुनील कुमार मेहता हैं। इन दिनों प्रदेश भर में राम मंदिर को लेकर प्रभात फेरी सहित अन्य आयोजन हो रहे हैं। प्रभात फेरी के दौरान शाजापुर जिले में हाल ही में पथराव हो गया था। इसके बाद से पुलिस ⏩ शेष पेज 4 पर




गो काष्ठ की लोहड़ी जलाकर दिया पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण का संदेश

# लोहड़ी के फेरे कर की अरदास, तिल-मक्का अर्पित कर खूब किया नृत्य, लोगों में बांटी रेवड़ी-मिठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार को पंजाबी समाज में धूमधाम से लोहड़ी का पर्व मनाया गया। पंजाबी परिवारों में अग्नि जलाई। अग्नि को भगवान का रूप मानकर चारों ओर परिक्रमा कर अरदास की। साथ ही अग्नि पर नई फसलों के आगमन के स्वरूप तिल्ली, मक्का आदि अर्पित किया।

लोहड़ी के पर्व की धूम सर्वाधिक उन घरों में दिखी, जहां संतान प्राप्ति और नववधु का आगमन हुआ है। भगवान का धन्यवाद किया। सामूहिक भोज का आनंद उठाया। लोगों में तिल से बनी मिठाइयां, रेवड़ियां, मक्का के दाने बांटे गए। वहीं जिस घर में नववधु का आगमन हुआ, उनको रेबड़ियां और अन्य खाद्य वस्तुएं उपहार में देकर बधाई दी। उनको परिवार के सभी मौजूद सदस्यों ने मिलकर नवदंपति को आशीर्वाद दिया। साथ ही बुजुर्गों का सम्मान भी किया। साथ ही जिन परिवारों में संतान की प्राप्ति हुई, इसके लिए भगवान को धन्यवाद दिया। साथ ही दुल्ला भट्टी के गीत भी गाकर खुशियां मनाई। उत्सव के समापन पर परिवार के सदस्यों ने सामूहिक रूप से भोजन का आनंद उठाया। वहीं सोशल मीडिया पर दिन भर लोगों को बधाई देने का दौर चलता रहा।

## जिन घरों में गूंजी किलकारी और नव दंपत्ति का आगमन, भगवान का माना धन्यवाद और भेंट किए उपहार

### आज लोहड़ी मेले का आयोजन

रविवार को पंजाबी समाज द्वारा होशंगाबाद रोड स्थित नर्मदा क्लब भवन में लोहड़ी मेले का आयोजन किया जाएगा। इसमें रंगारंग पंजाबी लोकगीत व संगीत के आयोजन होंगे। तो वहीं कुछ जगहों पर लोहड़ी की पूर्व संध्या पर पंजाबी समाज के लोगों ने सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन किए गए।




### गुरुद्वारा परिसर में जली गोकाष्ठ की लोहड़ी

वहीं पंजाबी समाज द्वारा इस साल लोहड़ी पर्व ईको फ्रेंडली रूप से मनाया गया। इसके तहत अधिकांश जगहों पर लकड़ी की जगह लोहड़ी गो काष्ठ की जलाई और पर्यावरण सुरक्षा व संरक्षण का संदेश दिया। पंजाबी बाग गुरुद्वारा परिसर में इस बार लोहड़ी गो काष्ठ से जलाई गई। श्रद्धालु लोहड़ी की परिक्रमा करने के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा और संरक्षण का संकल्प लिया।

### मकर विलक्कू पर्व से पहले समाज के लोगों ने सैकड़ों दीप जलाकर किया भजन

**भोपाल।** मलयाली समाज की ओर से इन दिनों 41 दिवसीय मकर विलक्कू का पर्व को लेकर उत्साह मनाया जा रहा है। इसके चलते समाज के लोगों मंदिर पर घरों में दीपमालाएं व रंगोली सजाकर भजन कीर्तन कर रहे है। इसी के तहत शनिवार को बीएचएम आरसी के पास काली मंदिर में समाज के लोगों ने तत्वमसी भजन बीएचएम आरसी समिति के तत्वधान में मकर ज्योति महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान शाम को 6.30 बजे घी से 1008 दीप जलाकर अय्यप्पा भगवान की आरती उताई गई। इसके बाद भजन-कीर्तन का दौर शुरू हुआ। तो वहीं विशाल भजन जूलूश निकाला गया।



11 नंबर अवंतिका पार्क में चल रही देवी भागवत कथा

# राम विवाह का प्रसंग संपन्न, राम दरबार की झांकी ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



शहर के 11 नंबर अवंतिका पार्क में बीते चार दिनों से देवी भागवत कथा की रस गंगा बह रही है, जिसमें संक्षिप्त रामचरित मानस के प्रसंग का वर्णन किया गया। राम जन्म से लेकर सीता स्वयंवर, रामवन गमन, लंका विजय समेत विभिन्न अध्यायों का वर्णन किया गया। इसके साथ ही राम दरबार की सुंदर झांकी सजाई गई। जिसमें राजा राम के मनमोहक स्वरूप ने सबका मन मोह लिया।

राम दरबार की छवि सबको राम मंदिर के निर्माण और राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के लिए उत्साहित कर रही थी। इसी उत्साह और उमंग में भक्तों ने खूब आनंद लिया। जय श्री राम के नारों से पंडाल गुंजायमान होता रहा। महापौर मालती राय भी 11 नंबर में चल रही देवी भागवत कथा में पहुंचीं। व्यास पीठ से जनता के कार्यों को ईमानदारी से करने का आशीर्वाद लिया। उनके साथ वार्ड नंबर 45 और वार्ड 49 के पार्षद ने भी महाराज से आशीर्वाद लिया।

## श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर में 18 से 22 जनवरी तक होगी श्रीराम कथा

**भोपाल।** शहर प्राचीन श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर श्री अर्जी वाले हनुमान मंदिर नेहरू नगर में अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के निर्माण के उद्घाटन समारोह और प्रभु श्री राम की स्थापना होने की खुशी में मंदिर प्रांगण में 18 से 22 जनवरी तक श्री राम कथा का आयोजन रखा गया है। कथा का समय दोपहर तीन से शाम छह बजे तक कथा होगी। 18 जनवरी को दोपहर 12 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी।



## सर्व सिद्धेश्वर शिव राम मंदिर में देवी प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पल्लवी नगर उत्सव समिति की ओर से सर्व सिद्धेश्वर शिव राम मंदिर में 22 जनवरी को मां जगत जननी दुर्गा की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा। इसके तहत 19 जनवरी को सर्व प्रायश्चित 10 विधि स्नान विष्णु पूजन गोदान 1:00 बजे से ध्वज यात्रा पल्लवी नगर से प्रारंभ होगी।

इसी तरह 20 जनवरी आवाहित देवता पूजन, 21 जनवरी को मंडप पूजन देवता पूजन माता रानी की भ्रमण यात्रा पल्लवी नगर में 22 जनवरी को प्रातः 10 बजे से पूजन प्रारंभ अभिजीत मुहूर्त में माता रानी की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद महाप्रसादी भंडारा सायंकाल 7:00 बजे श्री राम जी की महाआरती दीपक उत्सव मनाया जाएगा।

इस बार मकर संक्रांति पर घोड़े पर सवार होकर आ रहे सूर्य देव

# 77 साल बाद रवि, वरियान व महापुण्य योग में कल मनाई जाएगी मकर संक्रांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सूर्य के धनु राशि से मकर में प्रवेश करने के साथ ही मकर संक्रांति पर्व सोमवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। राजधानी से हजारों की संख्या में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए होशंगाबाद भी जाएंगे। इस बार 77 साल बाद रवि व महापुण्य योग मकर संक्रांति का पर्व मनाय जाएगा।



पं. रामजीवन दुबे गुरुजी के अनुसार 15 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व सूर्योदय से सूर्यास्त तक रहेगा। मकर संक्रांति के दिन केवल सूर्य ही नहीं उनके वाहन का भी बहुत महत्व है, हर साल भगवान भास्कर अलग-अलग वाहनों पर सवार होकर मकर संक्रांति का योग लेकर आते हैं। इस साल मकर संक्रांति पर सूर्य देव अश्व यानी की घोड़े पर सवार होकर आ रहे हैं। जोकि प्रदेश व देशवासियों को काफी लाभदायक रहेगा। पं. रामजीवन दुबे ने बताया कि संक्रांति के दिन तीन महत्वपूर्ण शुभ योग बन रहे हैं, जिसमें सबसे बड़ा योग है रवि योग। इस दिन सुबह 7.15 से लेकर सुबह 8.07 बजे तक रवि योग बन रहा है। इस योग में स्नान दान का विशेष महत्व है। मकर संक्रांति के दिन रवि योग के साथ ही महापुण्य योग भी बन रहा है। इस योग में दान पुण्य और पवित्र नदी में स्नान करने का विशेष महत्व है। वहीं, इस बार संक्रांति पर वरियान योग भी बन रहा है, जिसमे कुबेर और शुक्र के मंत्रों का जप करना विशेष लाभ देगा।

### यह रहेंगे मकर संक्रांति के खास मुहुर्त

- मकर संक्रान्ति पुण्य काल- सुबह 07:15 से शाम 05:46 तक।
- अवधि- 10 घंटे 31 मिनट्स
- मकर संक्रांति महा पुण्य काल- सुबह 07:15 से 09:00 तक।
- अवधि- 01 घंटा 45 मिनट्स।
- मकर संक्रांति का क्षण- 02:54 एएम।

**यह रहेगा अभिजित मुहुर्त**

- अभिजित मुहुर्तः दोपहर 12:09 से 12:51 तक।
- विजय मुहूर्त : दोपहर 02:16 से 02:58 तक।
- गोधूलि मुहूर्तः शाम 05:43 से 06:10 तक।
- रवि योगः सुबह 07:15 से 08:07 तक।
- 22 दिसंबर को मनाई जाती थी संक्रांति

# दो दिवसीय संक्रांति महोत्सव का आज से होगा आगाज, काइट फेस्टिवल से होगी शुरुआत

**भोपाल।** दो दिवसीय सांस्कृतिक महोत्सव के तहत संक्रांति महोत्सव का आयोजन रविवार से एमवीएम मैदान में किया जाएगा। जिसकी शुरुआत विशेष काइट फेस्टिवल के साथ होगी। कार्यक्रम का आगाज रविवार सुबह 10 बजे किया जाएगा। कार्यक्रम में स्थानीय पतंगबाज भी पतंग उड़ाएंगे। पतंग और डोर का इंतजाम भी किया गया है।

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में विशेष जाइन्ट काइट को हवा में उड़ाया जाएगा। जिनका आकर 5 से 25 फीट तक होगा, जिसमें कार्टून, शेर और अन्य कलाकृतियां रहेंगी। कार्यक्रम में मलखंब का प्रदर्शन, गिद्दा, भांगड़ा और लोंक-नृत्य समागम होगा, युवाओं और छात्रों के लिए एरो मॉडलिंग, एरो नॉटिक साइंस पर प्रशिक्षण रखा गया ह। पंद्रह जनवरी को मेले का समापन किया जाएगा।



नेत्र सेवा में 40 वर्ष पूर्ण होने पर सभी डॉक्टर्स एवं माताश्री नेत्रालय परिवार को शुभकामनाएं

चश्में एवं कांटेक्ट लैंस के बिना जीवन को आनंदमय बनाएँ




आँखे कुदरत की ओर से दी गई सबसे कीमती उपहार हैं। यह जितनी कीमती है उतनी ही संवेदनशील भी है। चश्में व कांटेक्ट लैंस पर निर्भरता जीवन शैली में अत्यंत दुखदायी हो जाती है। आज के आधुनिक युग में लेसिक द्वारा चश्में एवं कांटेक्ट लैंस से पूर्ण सुरक्षित रूप से निजात संभव हैं। प्रशिक्षित लेसिक एक्सपर्ट से आपरेशन करवाने पर यह सुरक्षित हैं व सफलता दर भी अधिक है। यह अब मुमकिन है कि भोपाल शहर के माता श्री नेत्रालय में उपलब्ध 'Technolas TM2' लेसिक द्वारा। इसमें Wave Front पद्धति द्वारा लेसिक किया जाता है एवं प्रोस्केन, HD-लेसिक व सुपराकोर की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। HD-लेसिक चश्में व कांटेक्ट लैंस से भी बेहतर नजर देने में सक्षम हैं। सुपराकोर के द्वारा 40 साल के अधिक आयु से भी दूर एवं पास का चश्मा उतारा जा सकता है। लेसिक आपरेशन से पूर्ण रूप से पर्दे की जाँच, कार्नियल टोपोग्राफी एवं पैकीमेट्री की जाती है, जिसमे ऑपरेशन के पश्चात होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। जिन मरीजों में कोर्निया पतली होती है। उनमें भी चश्में का नम्बर उतारा जा सकता है। इसमें ब्लेडलैस Advanced Surface Ablation (ASA) टेक्नोलॉजी द्वारा आपरेशन की सुविधा उपलब्ध है। अधिक मोटे चश्मे के नंबर को हटाने के लिए 'Phakic IOL' का प्रयोग किया जाता है। इस आधुनिक लेसिक लेजर की अनुभवी स्पेशलिस्ट डॉ. प्रीति बिंद्रा सफलतापूर्वक चश्मों से छुटकारा दिला रही हैं। भोपाल में पहली बार माताश्री नेत्रालय में अनुभवी रेटिना (आँखों के पर्दो) स्पेशलिस्ट डॉ. वाहवीर सिंह बिंद्रा की सेवायें भी उपलब्ध है। रेटिना के सभी प्रकार के ऑपरेशन एवं रेटिनो पैथी का उपचार विश्वस्तरीय मशीनों एल्कान कॉन्स्टीलेशन से किया जाता है। प्रीमच्योर नवजात बच्चों की आँखों के रेटिना की विशेष सुविधा उपलब्ध है।






भोपाल
रविवार 14 जनवरी 2024
पौस मास शुक्ल पक्ष- 03
वर्ष : 10, अंक : 298
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 27
न्यून. 13

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

### मप्र न्यायाधीश संघ के दसवें द्विवर्षीय सम्मेलन का भोपाल में शुभारंभ, सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस खन्ना ने कहा

# न्यायाधीशों के समान दृष्टि से देखने व साक्ष्य प्रस्तुत करने का समान मौका देने से होता है 'उचित न्याय'

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

उचित न्याय के लिए न्यायाधीश दोनों पक्षकारों को एक समान दृष्टि से देखते हैं और दोनों को अपनी बात रखने और साक्ष्य प्रस्तुत करने का एक समान मौका देते हैं। निर्णय देते समय इस बात का ध्यान रखना है कि पढ़ने वाला आम इंसान है, इसलिए निर्णय सरल और साफ शब्दों में होना चाहिए।

न्यायाधीशों को न सिर्फ न्यायालयों में अपितु समाज के प्रत्येक हिस्से में सम्मान मिलता है। यह बात सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना ने कही। मप्र न्यायाधीश संघ के दसवें द्विवर्षीय सम्मेलन का उद्घाटन शनिवार को राजधानी के रवींद्र भवन में मुख्य अतिथि ▶▶शेष पेज 4 पर

*सम्मेलन का उद्घाटन रवींद्र भवन में मुख्य अतिथि सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस जेके माहेश्वरी और मप्र उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया*

अधिवेशन में उच्च न्यायालय मप्र की तीनों खंडपीठ के सभी न्यायामूर्ति एवं जिला न्यायालय के लगभग 1450 न्यायाधीश उपस्थित रहे।



### वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों का प्रभावी उपयोग करें : जस्टिस बोस

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अनिरूद्ध बोस ने न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या और उनके निराकरण में विलंब होने के संबंध में अपनी चिंता प्रकट करते हुए यह अपेक्षा की कि न्यायाधीश अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण कर इसमें वैकल्पिक विवाद समाधान के तरीकों का प्रभावी उपयोग करें। जस्टिस जेके माहेश्वरी द्वारा न्यायाधीशों के अपने कर्म के प्रति सजग होने के लिए एवं न्यायाधीश के ▶▶शेष पेज 4 पर

### मप्र की न्यायपालिका महिला सशक्तिकरण पर खरी उतरीः जैन

*मप्र न्यायाधीश संघ के अध्यक्ष सुबोध जैन ने कहा कि मप्र की न्यायपालिका महिला सशक्तिकरण पर खरी उतरी है। मध्यप्रदेश की न्यायपालिका में 37 प्रतिशत महिलाएं हैं। यह गर्व की बात है। मध्यप्रदेश की न्यायपालिका के सुपर टाइम स्केल के 60 जज में से 6 महिला जज हैं। सिलेक्शन ग्रेड स्तर पर 19 महिला जज हैं। जिला न्यायाधीश के एंट्री लेवल पर 536 जज में 87 महिला जज हैं और सिविल जज सीनियर डिवीजन में 453 पदों पर 155 महिला जज हैं।*

### सही न्याय संतुष्टि देता हैः चीफ जस्टिस रवि मलिमथ

*मप्र उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ ने 60 वर्ष से लंबित एक प्रकरण के निराकरण का उदाहरण देते हुए बताया कि न्यायाधीश को मेहनत कर प्रकरण के अंतिम निराकरण के लिए सर्वोच्च कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साल 2047 तक हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश में एक भी प्रकरण न रहे। साल 2021 में पेंडिंग केस जल्द खत्म करने का लक्ष्य रखा गया था। सबसे पुराना प्रकरण 1962 का था। ढाई साल साल बाद हमारी कोशिशों से कुछ सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि वकील के तौर पर जब आप जीतते हैं तो बहुत खुशी होती है, ठीक ऐसे ही एक जज के लिए किसी भी केस का सही फैसला, सही न्याय संतुष्टि देता है।*

### 'बैकलॉग्स टू ब्रेकथ्रू' किताब का विमोचन

*जस्टिस संजीव खन्ना द्वारा 'बैकलॉग्स टू ब्रेकथ्रू' किताब का विमोचन किया गया। इसमें एक सोवेनियर का विमोचन भी न्यायामूर्ति अनिरूद्ध बोस, न्यायाधीश संघ के संविधान के द्विभाषी संस्करण का विमोचन न्यायामूर्ति जेके माहेश्वरी द्वारा किया गया।*

## खबर संक्षेप

### इंडिगो फ्लाइट की ढाका में इमरजेंसी लैंडिंग

**मुंबई।** मुंबई से विमान में सवार हुए लोगों को गुवाहाटी जाना था लेकिन वो बांग्लादेश पहुंच गए।



दरअसल, मुंबई से गुवाहाटी जाने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 5319 को गुवाहाटी में खराब मौसम के कारण बांग्लादेश के ढाका में लैंडिंग करानी पड़ी। सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। अब यात्रियों को ढाका से गुवाहाटी पहुंचाने के लिए इंडिगो कंपनी दूसरी फ्लाइट की व्यवस्था कर रही है।

### जल्द खुलेंगे इथेनॉल ईंधन स्टेशनः गडकरी

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष रिफाइनरी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन 300 इथेनॉल ईंधन




स्टेशन खोलेगी। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने यह ऐलान किया। पश्चिमी शहर पुणे में एक चीनी सम्मेलन के मौके पर गडकरी ने कहा कि इथेनॉल पंप खोलने की मेरी मांग को पेट्रोलियम मंत्री ने स्वीकार कर लिया है। उन्होंने आगे कहा, इंडियन ऑयल ने देश में 300 इथेनॉल पंप शुरू करने का फैसला लिया है।

### भारत में टेस्ला 30 अरब डॉलर का करेगी निवेश

**नई दिल्ली।** एलन मस्क की कार कंपनी टेस्ला भारतीय बाजार में प्रवेश करने के लिए एडवांस स्तर



पर बातचीत कर रही है और अगले पांच वर्षों में करीब 30 अरब डॉलर का निवेश कर सकती है। जैसे-जैसे भारत एक नई इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति का मसौदा तैयार करने के करीब पहुंच रहा है, टेस्ला भारत में आने के लिए बातचीत कर रही है। 5 वर्षों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष करीब 30 अरब डॉलर का निवेश करेगी।

### मौसम का नया रंग : दक्षिणी हवाओं और बादलों का असर, चार दिन ऐसे ही बीतेंगे

# जनवरी बना 'मार्च', दस साल की सबसे गर्म रातें, सर्दी पर ब्रेक

आधा जनवरी बीत रहा है और रात का पारा 12 डिग्री से नीचे नहीं उतर रहा

मार्च में सामान्य तौर पर रात का पारा 15 से 16 डिग्री और दिन का 30 डिग्री के करीब होता है


हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

राजधानी सहित पूरे प्रदेश में इस साल जनवरी महीने की रातें मार्च जैसी हो रही हैं। 10 साल में यह पहला अवसर है कि भोपाल में आधा जनवरी बीत रहा है और रात का पारा 12 डिग्री से नीचे नहीं उतरा है। इतना ही नहीं पूरे प्रदेश में सर्दी का असर कम होने के साथ ही इस साल अब तक पाले का भी कहीं अता-पता नहीं है।

मार्च में सामान्य तौर पर रात का पारा 15 से 16 डिग्री और दिन का 30 डिग्री के करीब होता है। शनिवार को भोपाल में दिन का तापमान एक डिग्री बढ़कर 29 और रात का 3 डिग्री की बढ़त के साथ 15 डिग्री तक पहुंच गया है। यह सामान्य से क्रमशः 4-4 डिग्री अधिक है। पिछले साल भोपाल में इस तारीख को 7 डिग्री के करीब सर्दी थी, जबकि 2014 ▶▶शेष पेज 4 पर

दिसंबर से जनवरी के बीच करीब 12 दिन ही सामान्य सर्दी के रहे

न तो ज्यादा शीतलहर रही और न ही प्रदेश में कहीं भी पाले का असर रहा



रविंद्र भवन के पास दृश्य

### सर्दी के सीजन में लंबे अरसे बाद ऐसा मौसम

इस साल सर्दी के हालात यह हैं कि दिसंबर से जनवरी के बीच करीब 12 दिन ही सामान्य सर्दी के रहे हैं। इन दिनों में रात का पारा 8 से 10 डिग्री के बीच या उसके आसपास रहा। इससे सर्दी के सीजन में लंबे अरसे बाद ऐसा हो रहा है कि जनवरी आधा बीतने को है और न तो ज्यादा शीतलहर रही और न ही प्रदेश में कहीं भी पाले का असर रहा है। लंबे समय बाद ऐसा है कि प्रदेश में अभी तक कहीं पाला नहीं रहा।

**क्यों सर्दी हो रही बेअसर?**

### पश्चिमी विक्षोभों की संख्या बढ़ी

शुक्ला के अनुसार दिसंबर और जनवरी में आने वाले पश्चिमी विक्षोभों की संख्या बढ़ने के साथ ही प्रदेश में हवाओं का बार-बार बदलने से बादल और धुंध का असर बना रहना सर्दी में कमी रहने का प्रमुख कारण है। आमतौर पर जनवरी तक आने वाले पश्चिमी विक्षोभ से बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले भी गिरते है, जिससे सर्दी तेजी से बढ़ती है। लेकिन इस बार के डब्ल्यूडी या तो कमजोर रहे या फिर हवाएं बदलने से बादल छाए रहे, जिससे रातें और गर्म हो गईं।

### जनवरी में कब कितना रहा रात का सबसे कम पारा?

इस साल 11 जनवरी को अब तक सबसे कम रात का पारा 12 डिग्री रहा। इसके अलावा पिछले 10 साल के रिकार्ड में 13 जनवरी 2017 को यह 4 डिग्री रहा है। वर्ष 2014 में 8, 2015 में 5.8, 2016 में 6, 2018 में 6.6, 2019 में 4.8, 2020 में 4.6, वर्ष 2021 में 5.2 और वर्ष 2022 में 8 जनवरी को यह 6.2 डिग्री रहा है। इस साल सबसे कम पारा 12 डिग्री से नीचे नहीं गया।

### कोहरे में आने लगी कमी

शनिवार को प्रदेश में कोहरे में काफी कमी रही। भिंड, ग्वालियर, मुरैना, मऊगंज आदि जिलों में घना कोहरा रहा, जबकि एक दर्जन जिलों में धुंध या हल्का कोहरा रहा है। प्रदेश में सबसे कम रात का पारा शहडोल के कल्याणपुर में 4.8 डिग्री रहा, जबकि सबसे गर्म दिन खंडवा में 30.1 डिग्री दर्ज हुआ है। प्रदेश में दिन का पारा सामान्य से औसतन 3 और रात का औसतन 4 डिग्री तक अधिक दर्ज हुआ है।

### शिवराज के बेटे कार्तिकेय ने यह कहकर चौंकाया

# वादे पूरे करवाने के लिए जरूरत पड़ी तो मैं 'सरकार' से भी लड़ूंगा



जरूरत पड़ी तो वादा निभाने किसी भी हद तक जाने के लिए तैयार हूं

वोट मांगने मैं आया था, इसलिए आपके साथ खड़ा हूं

विशेष प्रतिनिधि ▶▶|भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बाद अब उनके बेटे कार्तिकेय सिंह का भैरूंदा में दिया एक आक्रामक बयान खासा चर्चा में है। बुदनी क्षेत्र के लोगों को संबोधित करते हुए यहां उन्होंने कहा कि मैं नेता नहीं हूं।

फिलहाल, मेरा राजनीति में आने का कोई ईरादा भी नहीं है। फिर भी आप मुझे इतनी इज्जत देते हैं। आपके बीच मैं आया इसलिए क्योंकि वोट मांगने मेरे पिताजी नहीं आए थे, मैं आया था। बाइक लेकर आपके बीच मैं खड़ा था। यदि आप से किए गए वादे पूरे न हो पाए तो मैं चैन की नींद सो नहीं पाऊंगा। इसलिए, अब वादा निभाने आया हूं। कार्तिकेय ने कहा कि प्रदेश में अपनी ही सरकार है, इसलिए जरूरत नहीं पड़ेगी लेकिन फिर भी जरूरत पड़ी तो पीछे नहीं हटूंगा। वादे निभाने के लिए मैं किसी भी हद तक जा सकता हूं। लड़ना पड़ा तो आप मुझे अपने साथ खड़ा पाएंगे।

### शिवराज प्रचार में आते तो जीत और बड़ी होती

*कार्तिकेय ने कहा कि शिवराज जी बिना प्रचार किए बुधनी में ऐतिहासिक मतों से जीते हैं, अगर वह एक दिन भी प्रचार के लिए आते तो अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितने और मतों से वह जीतते। उन्होंने कहा कि बुधनी विधानसभा हमारा पूरा परिवार है। कांग्रेस के राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में नहीं जाने को लेकर कार्तिकेय ने निशाना साधते हुए कहा कि 'विनाश-काले-विपरीत बुद्धि' कांग्रेस की हो गई है। आज पूरा विश्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देख रहा है, उनके नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और राम मंदिर का भव्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्तिकेय ने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि क्षेत्र में मार्च में एक और क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। यह आयोजन इतना बड़ा होगा कि पूरे देश के लोगों की आंखें फटी की फटी रह जाएंगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होने के लिए पहुंचे कार्तिकेय ने हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण भी किया।*

### स्ट्रीट डॉग्स के झुंड द्वारा छह महीने के बच्चे को नोंचकर खाने का मामला

# नायब तहसीलदार की मौजूदगी में मासूम का शव कब्र से निकाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

अयोध्या नगर स्थित मिनाल रेसीडेंसी के गेट नंबर 4 के पास छह महीने के मासूम बच्चे को कुत्तों के झुंड द्वारा उठाकर ले जाने और उसे नोंचकर खाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे पुलिस की टीम नायब तहसीलदार के साथ छावनी पठार स्थित श्मशान घाट पहुंची थी। वहां से मासूम की कब्र खुदवाई गई और शव निकालकर पीएम कराया गया। शाम करीब साढ़े चार बजे के आसपास मासूम का शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है। पिता देवेंद्र से पुलिस ने एक बार फिर पूछताछ की थी। देवेंद्र ने बताया कि 10 जनवरी की सुबह वह अपनी पत्नी के साथ मिनाल काम पर गए थे। पत्नी ने सुबह करीब 11 बजे के आसपास बेटे को दूध पिलाया और दूध की बोतल देवेंद्र को दी थी। मां ने देवेंद्र से कहा था कि बेटे की देखभाल करना और भूख लगे तो उसे बोतल का दूध पिला देना। इसी बीच काम आने के कारण देवेंद्र बच्चे को छोड़कर वहां से ▶▶शेष पेज 4 पर

- पुलिस जांच में जुटी गुनहगार कौन? पुलिस ने दर्ज किए पिता के बयान





# दुनिया में कोई भी बड़ा मुद्दा भारत के साथ परामर्श के बिना तय नहीं होताः जयशंकर



### नागपुर में आरएसएस संस्थापक को किया नमन

*नागपुर। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने महाराष्ट्र के नागपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में दावा किया कि दुनिया में कोई भी बड़ा मुद्दा भारत के साथ परामर्श के बिना तय नहीं किया जाता है। उन्होंने कहा कि अब हम बदल गए हैं और हमारे प्रति दुनिया का नजरिया भी बदल गया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) से जुड़े* ▶▶शेष पेज 4 पर

### पत्नी और ससुराल पक्ष को बताया जिम्मेदार

# ससुराल में गेट ठोक रहा था, कोई बाहर नहीं निकला तो आग लगाकर दी 'जान'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

जूनी इंदौर क्षेत्र में एक युवक ने खुद को आग लगा ली। वह 80 प्रतिशत जल गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, लेकिन उसकी मौत हो गई। पारिवारिक विवाद के चलते युवक ने आत्महत्या की। उसकी पत्नी पाकिस्तान से विस्थापित होकर भारत आई थी और युवक से शादी की थी। जूनी इंदौर में रहने वाले सुनील लोहानी की शादी वर्ष 2018 में ▶▶शेष पेज 4 पर

- आत्महत्या की धमकी को परिजनों ने गंभीरता से नहीं लिया



**पत्नी मायके में रह रही थी, दहेज का केस दर्ज कराया था**

बताया जा रहा है कि सुनील की चौथी शादी है। पत्नी उससे अलग अपने मायके में रह रही थी और दहेज का केस भी उसके खिलाफ दर्ज कराया था। 4 जनवरी को वह ससुराल गया था और गेट ठोक रहा था। कोई बाहर नहीं निकला तो इसके बाद उसने खुद को आग लगा ली।

### अमेरिका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया जैसे तमाम देशों में प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर अप्रवासी भारतीयों में भारी उत्साह

# अयोध्या के श्रीराम मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा के लिए मॉरीशस में हिंदू धर्म के लोक सेवकों को दो घंटे का मिलेगा 'विशेष अवकाश'

एजेंसी ▶▶|अयोध्या

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली श्रीराम लला की प्राण-प्रतिष्ठा से पहले मॉरीशस की सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। इसके बारे में जानकर आपको भी गर्व होगा।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां आखिरी चरण में हैं। देश-दुनिया में इसके लाइव प्रसारण की व्यवस्था की जा रही है। भारत से लेकर अमेरिका, ब्रिटेन, इंडोनेशिया, ऑस्ट्रेलिया जैसे तमाम देशों में प्राण-प्रतिष्ठा ▶▶शेष पेज 4 पर



2011 में हिंदुओं की आबादी लगभग 48.5 प्रतिशत थी

◆ हिंदू धर्म के अनुयायियों की संख्या मॉरीशस में सबसे अधिक



### मॉरीशस में हिंदू धर्म का प्रसार विश्व में तीसरे नंबर पर

मॉरीशस अफ्रीका का एकमात्र देश है जहां हिंदू धर्म सबसे अधिक प्रचलित धर्म है। प्रतिशत के संदर्भ में राष्ट्र हिंदू धर्म के प्रसार में भारत और नेपाल के बाद विश्व स्तर पर तीसरे स्थान पर है। इस देश में हिंदू धर्म तब आया जब भारतीयों को गिरमिटिया मजदूर के रूप में औपनिवेशिक फ्रांसीसी और बाद में मॉरीशस एवं हिंद महासागर के पड़ोसी द्वीपों में ब्रिटिश बागानों में काम करने के लिए बहुत बड़ी संख्या में लाया गया था। प्रवासी मुख्य रूप से बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश से आए थे।

# जेलों का सतत निरीक्षण करें और बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं: सीएम

## मांस विक्रेताओं और डीजे वालों के लिए वैकल्पिक व्यस्थाएं सुनिश्चित कराएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कलेक्टरों से कहा कि वे जेलों का सतत निरीक्षण करें और जेलों में अच्छी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। जेलों में बंद बंदियों के पुर्नवास की व्यवस्था कराएं तथा आवश्यक होने पर उन्हें विधिक सहायता भी मुहैया कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि लगातार अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई हो। मुख्यमंत्री ने अफसरों को हिदायत दी कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज शनिवार को संभागीय मुख्यालय शहडोल में संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में खुले में अवैध रूप से मांस के विक्रय पर प्रतिबंध के प्रयासों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरपालिकाएं मांस बेचने वालों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएं कराएं तथा मांस बेचने के लिए उन्हें सुरक्षित स्थान उपलब्ध कराएं। डीजे वालों का रोजगार प्रभावित न हो इसके भी प्रयास किए जाएं। बएडीजीपी डीसी सागर ने शहडोल संभाग में कानून व्यवस्था के नवाचारों की जानकारी दी। बैठक में मंत्री विजय शाह, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री राघवेन्द्र सिंह, कमिश्नर गोपालचंद्र डाड, वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में संभाग स्तरीय बैठक में कानून व्यवस्था की समीक्षा की




### सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सभी कलेक्टर विभागों का औचक निरीक्षण करें। विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता लाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि औचक निरीक्षण के दौरान किसी को अनावश्यक परेशान न करें बल्कि अधिकारियों और कर्मचारियों को सकारात्मक और परिणाम मूलक कार्य करने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश के जनजातीय बाहुल्य दूर-दराज के क्षेत्रों में अपराधों को रोकने के प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि आम लोगों के मन से पुलिस का डर निकलना चाहिए, इस दिशा में पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सकारात्मक प्रयास करें। युवाओं से मिलकर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करें।

## छात्रावासों में बेहतर सुविधाएं हों, मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा

# खेल मैदानों का निर्माण हो रहा, लेकिन इनका उपयोग भी होना चाहिए: डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने शहडोल में की विकास एवं निर्माण कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शहडोल में विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रदेश के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न योजनाओं के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यों में उच्च स्तर की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं। छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलनी चाहिए।

जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी भी छात्रावासों का समय-समय पर निरीक्षण करें, छात्रावासों में रहकर अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों से चर्चा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि छात्रावासों में विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराकर, उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि खेल मैदानों का बड़ी संख्या में निर्माण हो रहा है। इन खेल मैदानों का उपयोग भी होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों से कहा कि वे युवाओं को खेल गतिविधियों से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। खेल मैदानों की रौनक बढ़नी चाहिए।




### मुख्यमंत्री ने कहा, कार्यों में नवाचार भी होना चाहिए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और परिणाम मूलक क्रियान्वयन सुनिश्चित होना चाहिए। जल संसाधन, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई परियोजनाओं, विद्युत वितरण व्यवस्था, पीएम आवास योजना, एवं अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की। बैठक में अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने शहडोल संभाग में संचालित प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी। संभागायुक्त गोपालचंद्र डाड ने विकसित भारत संकल्प यात्रा की गतिविधियों, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधामंत्री ग्राम सड़क योजना, अमृत सरोवर योजना एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की जानकारी दी। बैठक में मंत्री विजय शाह, राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल, सांसद हिमाद्री सिंह, अध्यक्ष महिला वित्त विकास निगम श्रीमती अमिता चपरा, प्रमुख सचिव सीएम राघवेन्द्र सिंह, वन संरक्षक शहडोल लखन सिह उईके सहित अन्य जन-प्रतिनिधि और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर दी बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मकर संक्रांति, लोहड़ी, पोंगल, भोगली बिहू और पौष पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव से मिले बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से आज राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सौजन्य भेंट की। कानूनगो ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को शुभकामनाएं दीं।

पन्ना जिले के चैपरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में बोले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# प्रधानमंत्री की गारंटी को पूरा कर रही विकसित भारत संकल्प यात्रा: विष्णुदत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संकल्प है कि योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी इनसे वंचित न रहे। विकसित भारत संकल्प यात्रा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी वाली गाड़ी वंचित लोगों को योजनाओं का लाभ दिला रही हैं एवं उनके संकल्प को पूरा कर रही हैं।

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने पन्ना जिले की सकरिया पंचायत के चैपरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने भी संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि 2047 का भारत, विकसित भारत होगा। यही उनका संकल्प है। जिस तरह से चोपड़ा गांव की एक आदिवासी बहन ने इस कार्यक्रम में अपनी बात रखी है और यह बताया है कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश लगातार आगे बढ़ रहा है, देश का विकास हो रहा है, यही विकसित भारत के संकल्प की पूर्ति का सबसे बड़ा संकेत है।



### राज्यपाल की पहल पर शुरू हुआ सिकल सेल एनीमिया मिशन

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा किराज्यपाल पटेल के प्रदेश और विशेषकर जनजातीय क्षेत्रों के लोगों से जीवंत संपर्क हैं। उन्होंने अपने स्तर पर सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के प्रयास शुरू किए, जो प्रमुख रूप से आदिवासी क्षेत्रों में ही पाई जाती है। शर्मा ने कहा कि राज्यपाल पटेल के प्रयासों से प्रदेश में सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति का अभियान शुरू किया गया है।

### भाजपा ने किए 6 नए जिलाध्यक्ष नियुक्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा के चार नए जिलाध्यक्ष नियुक्त किए हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने राजेंद्र मिश्रा को मऊगंज, वैशाली महाले को पांढुर्णा, कमलेश सुहाने को मैहर और कमल नयन इंगले को बड़वानी जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है।

### प्रदेश अध्यक्ष ने दी मकर संक्रांति की बधाई

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद ने मकर संक्रांति पर्व पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। शर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के पर्व पर जीवन में सुख, सद्भावना और शांति का संचार करें, यही हमारी मंगल कामना है। लोगों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएगा।

### राज्यपाल के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा शनिवार को राज्यपाल मंगूभाई पटेल के साथ पन्ना जिले के ग्राम चैपरा पहुंचकर छात्रावास का भ्रमण कर कार्यक्रम में शामिल हुए।

### भाजपा के कई दिग्गज नेता होंगे शामिल

## भाजपा आज से मंदिरों में चलाएगी स्वच्छता अभियान

**भोपाल।** पीएम मोदी के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी 14 जनवरी से प्रदेश भर के मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएगी। मुख्यमंत्री, प्रदेश अध्यक्ष, पार्टी के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, प्रदेश संगठन महामंत्री, प्रदेश के वरिष्ठ मंत्री एवं पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता 14 जनवरी को प्रदेश के विभिन्न मंदिरों में स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 14 जनवरी को उज्जैन के राम जनार्दन मंदिर, पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा पन्ना के श्री बलदेव मंदिर, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भोपाल के स्मार्ट सिटी रोड स्थित राम मंदिर, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद इंदौर के अन्नपूर्णा मंदिर, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर के श्रीविद्याधाम मंदिर, प्रहलाद पटेल विदिशा के खाटू श्याम मंदिर, राकेश सिंह जबलपुर के गढ़ाताल मंदिर के स्वच्छता अभियान में शामिल होकर मंदिर की सफाई करेंगे। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री जामवाल के साथ भोपाल के स्मार्ट सिटी रोड स्थित राम मंदिर में पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायकभगवानदास सबनानी स्वच्छता अभियान में शामिल होंगे।

# नगरीय निकायों की सड़कों के सुधार के लिए 200 करोड़ रुपए की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में नगरीय निकायों की सड़कों के सुधार के लिए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कायाकल्प योजना में 200 करोड़ रुपए की राशि के आवंटन की स्वीकृति दी है। विभागीय मंत्री विजयवर्गीय ने निर्देश दिए हैं कि निकायों को आवंटित राशि शीघ्र पहुंचाई जाएं। आयुक्त नगरीय विकास भरत यादव ने नगरीय निकायों के अधिकारियों से अपने क्षेत्र की सड़कों के रख-रखाव पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा है।

मंत्री विजयवर्गीय ने विभागीय योजनाओं की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि नगरीय क्षेत्रों में नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएँ मिलना सुनिश्चित किया जाएं। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र की सड़कें आम जनता की आशा के अनुरूप हों। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि जिन निकायों में कायाकल्प योजना में मंजूरी दी गई है उनमें सड़क निर्माण को प्राथमिकता से कराया जाएं। विभाग की कायाकल्प योजना में 200 करोड़ रुपए की राशि की मंजूरी दी गई है। विभाग की ओर से पूर्व में इस योजना में 350 करोड़ रूपए की राशि जारी की जा चुकी है।

### निकायों में वेतन और मानदेय के लिए 226.74 करोड़ रुपए की राशि

नगरीय विकास मंत्री विजयवर्गीय ने बैठक में निकायों में कार्यरत अमले को नियमित वेतन और मानदेन मिलता रहे, इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए थे। विभाग ने नगरीय निकायों को चुंगी क्षतिपूर्ति की 226 करोड़ 74 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की है। मंत्री विजयवर्गीय ने राशि का सही मद में उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री विजयवर्गीय को विगत दिनों प्रदेश दौरे के समय नगरीय क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान वेतन और मानदेय के संबंध में समस्या सुनने को मिली थी। इसी परिप्रेक्ष्य में यह राशि जारी की गई है। प्रदेश में कुल 413 नगरीय निकाय हैं। इनमें नगर पालिक निगम 16, नगर पालिक परिषद 99 और नगर परिषद की संख्या 298 हैं।

# 25 जनवरी को देश के 50 लाख नव मतदाताओं को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी, देंगे टिप्स

## मप्र में 460 स्थानों पर होंगे नव मतदाता सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा देश भर में पहली बार मतदाता बने 18 वर्ष से 23 वर्ष के युवाओं को पार्टी से जोड़ने के लिए अभियान चला रहा है। इसके लिए नव मतदाता सम्मेलन, घर-घर जाकर संवाद, महाविद्यालयों के बाहर पंजीकरण शिविर लगाने के कार्य किए गए हैं। 12 जनवरी को प्रदेश भर में युवा मतदाता भारत का भाग्य विधाता-वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 25 जनवरी को देश के आठ करोड़ नव मतदाताओं में चिन्हित 50 लाख मतदाताओं का महासम्मेलन आयोजन किया जाएगा जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे।

000



यह बात भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार ने कही। सह प्रभारी देवश्री शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को मप्र के हर विधानसभा में दो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित होंगे। इस तरह से मप्र में 460 स्थानों पर नव मतदाता सम्मेलन होगा।

### मोबाइल नंबर पर करें मिस्ड कॉल

पंवार ने बताया कि देश भर में लगभग 8 करोड़ नव मतदाता हैं, जिसमें करीब 52 लाख से अधिक नव मतदाता मप्र में हैं। देश भर के 1 करोड़ और प्रदेश के करीब 10 लाख नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। युवा मोर्चा ने मोबाइल नंबर 7820078200 पर मिस्ड कॉल जारी किया है।

### चेन्नई और लखनऊ में भी होंगे सम्मेलन

पंवार ने बताया कि 25 जनवरी को आयोजित नव मतदाताओं के महा सम्मेलन दो स्थानों पर आयोजित किए जा रहे हैं। एक सम्मेलन चेन्नई और दूसरा लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है। मोर्चा 1 जनवरी से नव मतदाताओं को लेकर अलग-अलग तरह के आयोजनों के लिए नव मतदाताओं को विकसित भारत एंबेसडर बना रहा है। मोर्चा के कार्यक्रमों में शामिल होने वाले नव मतदाताओं को नमो एप डाउनलोड कराकर विकसित भारत एंबेसडर बनाया जा रहा है। इस अवसर पर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत चौहान, मीडिया प्रभारी अंकित गर्ग, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी सुनील साहू और अभिनव शर्मा उपस्थित थे।

# मंत्री काश्यप ने लघु उद्योग भारती के नवीन ब्रोशर का किया विमोचन

**भोपाल।** एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने लघु उद्योग भारती के नवीन ब्रोशर का विमोचन किया। लघु उद्योग भारती के अरुण सोनी ने बताया कि लघु उद्योग भारती सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों के क्षेत्र में पिछले 29 वर्षों से कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों का विस्तार अधिक से अधिक किस प्रकार हो सके एवं उद्योगों में आने वाली समस्याओं का निराकरण शीघ्र करने के लिये एक वृहद बैठक का आयोजन लघु उद्योग भारती प्रदेश कार्यालय में एमएसएमई मंत्री की उपस्थिति में किया गया। प्रमुख रूप से फ्री होल्ड भूमि एवं प्रॉपर्टी टैक्स के विषय सहित अन्य विषयों को रखा गया। बैठक में मंत्री काश्यप ने कहा कि यह सरकार उद्योगों के विकास के लिए हमेशा तत्पर रही है और आगे भी तत्पर रहेगी।

भाजपा प्रदेश महामंत्री ने कहा: डबल इंजन की सरकार जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध

# सुधरेगी गरीबों की आर्थिक स्थिति: कविता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश महामंत्री व सांसद कविता पाटीदार ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार जनजातियों के सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। भाजपा सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, खेल, चिकित्सा सुविधाओं को लगातार बढ़ावा दिया जा रहा है।



उन्होने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शहडोल में आ यो जि त समारोह में मध्यप्रदेश की अति पिछड़ी बैगा, भारिया और सहरिया जनजाति की करीब एक लाख 94 हजार महिलाओं के खातों में आहार अनुदान योजना के तहत 29 करोड़ 11 लाख की राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित करने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार जताया है।

प्रदेश महामंत्री कविता पाटीदार ने कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार ने श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना लागू कर दी है। इस योजना के तहत श्री अन्न (मोटे अनाज) पर 10 रूपए प्रति किलोग्राम बोनस भी देने की घोषणा की है। यह योजना से श्री अन्न का उत्पादन बढ़ेगा और गरीब जनजातीय समाज की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ बनाने में बहुत कारगर सिद्ध होगी।

# जिला बार एसोसिएशन चुनाव में कार्यकारिणी सदस्य घोषित

**भोपाल।** जिला बार एसोसिएशन के द्विवार्षिक चुनाव में वरिष्ठ एवं कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों के परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिए गए। मुख्य चुनाव अधिकारी रवीन्द्र तिवारी ने नवनिर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्यों में उमेश शिरोमणि द्विवेदी सबसे ज्यादा वोट प्राप्त कर प्रथम स्थान पर रहे। हीरू प्रसाद शर्मा दूसरे स्थान पर और मनीष कुमार नेमा तीसरे स्थान पर रहे। इनके अलावा अभिमन्यु यादव, अनिल पाटिल, अनुराग दुबे, लखन लाल खाती, मनोहर लाल पाठक, राजकुमार अग्रवाल,सरमन सिंह राजपूत, राजेश कुमार तथा विभा श्रीवास्तव ,अंजना बनखेड़े ,संजू मिश्रा, हर्षित यादव ,अनिल जाट,मोहन दीक्षित, अँजोर चतुर्वेदी ,प्रमोद शर्मा ,अनंत संजर,पूनम मगरे, प्रियंका जोशी और ऋचा पाण्डेय निर्वाचित घोषित किए गए हैं। गौरतलब है कि मंगलवार को हुई मतगणना में जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर दीपक खरे निर्वाचित हुए है। उपाध्यक्ष पद पर संजय कुमार श्रीवास्तव ,कोषाध्यक्ष पद पर बृज बिहारी रघुवंशी ,पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुधीर दुबे और सह सचिव पद पर सोनल नायक ने विजय प्राप्त की है।

## प्रत्येक विधानसभा में 18 से 24 जनवरी के बीच होंगे सम्मेलन

मप्र कांग्रेस कमेटी की बैठक में निर्देश

# पीसीसी चीफ जीतू बोले-विधानसभा हार की निराशा से उबर कर लोकसभा चुनाव के काम में जुट जाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विधानसभा प्रभारियों की आवश्यक बैठक प्रदेश कार्यालय में शनिवार को हुई। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी शामिल हुए। बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर चर्चा हुई। इसके लिए पहले 18 से 24 जनवरी तक प्रत्येक विधानसभा में सम्मेलन कराने का निर्णय लिया गया। इसमें जिला स्तर के पदाधिकारियों के साथ ज्यादा से ज्यादा लोगों को जुटाने को कहा गया। इसके जरिए काबिज भाजपा की जनविरोधी नीतियों को जनता तक पहुंचाने और पार्टी कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा।

### कांग्रेस के डोनेशन ड्राइव को लेकर दिए गए दिशा-निर्देश



प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष, संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि पार्टी लोकसभा चुनाव से पहले विधानसभा स्तर पर सम्मेलन करेगी। कांग्रेस पार्टी लगातार लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है। इसी सिलसिले में आज की पूरी बैठक हुई। विधानसभा प्रभारी जो बनाए गए हैं उनका संगठनात्मक दायित्वों की जानकारी भी दी गई है। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को लेकर काम चल रहा है। इसको लेकर भी कांग्रेस के कार्यकतार्ओं को सक्रिय रहने को कहा गया है। ज्यादा से ज्यादा लोगों के नाम जुड़वाने को कहा गया है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के डोनेशन ड्राइव को लेकर भी दिशा निर्देश दिए गए हैं। वहीं, राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर भी बैठक में चर्चा की गई है। यात्रा प्रदेश के 9 जिलों से होकर गुजरेगी।

### बैठक में नहीं पहुंचे अधिकांश प्रभारी, गुटबाजी हावी

बैठक में बहुत कम प्रभारी पहुंचे। इसमें करीब डेढ़ सौ विधानसभा से ही प्रभारी बैठक में पहुंचे। इसको लेकर प्रदेश अध्यक्ष नाराज हुए। राजीव सिंह ने बैठक में कई प्रभारियों के अनुपस्थित रहने पर बताया कि शुक्रवार दोपहर में भी बैठक को लेकर सूचना दी गई, जिससे कई दूर रहने वाले साथी शामिल नहीं हो सकें। अलग-अलग कारणों से प्रभारी नहीं आए। उन सभी ने जानकारी दी है। बैठक में प्रभारियों ने अपने विधानसभा में गुटबाजी तो किसी ने अलग-अलग हार के कारण बताएं। इस पर प्रदेश अध्यक्ष ने सभी से हार की निराशा से उभर कर काम करने को कहा।

# लक्ष्मण के सवाल पर कमलनाथ बोले-धर्म को राजनीति से न जोड़ें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने शनिवार को कोलार रोड मां बिजासन माता मंदिर प्रागंण में श्रीमद् भागवत कथा एवं रूद्राभिषेक कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि भारत सबसे बड़ी आ ध्या त्मि क शक्ति हैं। भारत सनातन धर्म का देश है। यह भावनाएं हम सबको बल देती है। उन्होंने पूर्व कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सिंह के कांग्रेस के राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आमंत्रण अस्वीकार करने के सवाल उठाने पर कहा कि सबकी अपनी अपनी राय हो सकती है। धर्म का राजनीतिकरण नहीं होना चाहिए। धर्म को राजनीति से ना जोड़े। पूर्व विधायक लक्ष्मण सिंह ने कांग्रेस के राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण अस्वीकार करने पर कहा था कि अस्वीकार करने का क्या मतलब है। इससे क्या संदेश रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब राजीव गांधी ने मंदिर को खुलवाया था, तो आप कौन होते है इसे अस्वीकार करने वाले। उन्होंने नेताओं पर सवाल उठाते हुए कहा था कि हमारे नेता ऐसे सलाहकारों को रखेंगे तो परिणाम भी वहीं आएंगे। यह चुनाव में भी दिखेगा, नुकसान होता रहेगा।



## मासूम को शिकार बनाने के बाद नगर निगम का अमला हुआ सक्रिय

# एक दिन में पकड़े 52 डॉग, कई स्थानों पर दल से की बदसलूकी

- कॉल सेंटर नंबर 155304 पर करें शिकायत
- निगम अमले ने थाने में दर्ज कराई शिकायत
- विपक्षः आवारा कुत्तों का आतंक महापौर गायब



भोपाल। रोशनपुरा चौराहे पर राजधानी के लोगों ने बच्चों के साथ मासूम की कुत्तों द्वारा नोचे जाने पर गुस्सा जताते हुए श्रद्धांजलि व्यक्त की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिनाल रेसीडेंसी क्षेत्र में मासूम को शिकार बनाने वाले डॉग्स को लेकर नगर निगम का अमला सक्रिय हो गया है। जिसके तहत शनिवार को निगम अमले ने शहर के अलग-अलग क्षेत्रों से 52 डॉग्स को पकड़ा।

शहर के किसी भी क्षेत्र में स्ट्रीट डॉग से सबंधित शिकायत नगर निगम के कॉल सेंटर नंबर 155304 पर कॉल कर सकते हैं। शनिवार को डॉग स्क्वाड टीम मीनाल कालोनी में स्ट्रीट डॉग को पकड़ने की कार्यवाही के दौरान स्थानीय पेट लवर्स के द्वारा कार्यवाही का विरोध करते हुए हंगामा किया। जिस पर निगम अमले ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

### नेता प्रतिपक्ष ने महापौर पर रखा 1100 रुपए का इनाम

मासूम की मौत के बाद नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने महापौर मालती राय पर 1100 रुपए का इनाम घोषित कर दिया है। उनका कहना है कि आवारा कुत्तों का आतंक है, और महापौर गायब हैं। वे आम लोगों की पहुंच से दूर हो गई हैं। जो कोई भी उन्हें ढूंढ लेगा, उसे 1100 रुपए का इनाम दूंगी।



### पांच पशु प्रेमी महिलाओं पर मामला दर्ज

भोपाल। अयोध्या नगर स्थित न्यू मिनाल रेसीडेंसी में शनिवार सुबह आवारा कुत्तों को पकड़ने पहुंची नगर निगम की टीम के साथ पांच महिलाओं ने अभद्रता कर दी। महिलाएं एनजीओ से जुड़ी हुई हैं और वे नहीं चाहती थी कि नगर निगम की टीम आवारा कुत्तों को पकड़कर ले जाए। पुलिस ने उक्त मामले में पांचों महिलाओं के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा, गालीगलौज समेत अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। इससे पहले दरोगा ने उन्हें बताया कि अपर आयुक्त के आदेश हैं और उन्हें आदेश का पालन करना पड़ेगा। मामला बिगड़ता देख दारोगा ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को समझाइश दी, लेकिन वह मानने को तैयार नहीं थी। लिहाजा पुलिस ने श्रीमती सिंह, नेहा यादव, निशा द्विवेदी, श्रीमति अरोरा और द्रोपदी त्रिपाठी के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### कलेक्टर बोले, सुरक्षा महत्वपूर्ण

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने निगम कमिश्नर फ्रेंक नोबल ए के साथ कलेक्टोरेट में बैठक रखी। उन्होंने स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने बताया कि यह संवेदनशील और दुखद मामला है। इस पर तत्काल एक्शन लिया है। स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ने के अभियान की शुरूआत हो गई है।

### करोड़ों खर्च...

पिछले 3-4 साल में डॉग बाइट के काटने की कई बड़ी घटनाएं हो चुकी हैं, जबकि हर साल 1 करोड़ रुपए नसबंदी पर खर्च होते हैं, फिर भी शहर में डॉग्स की संख्या बढ़ती जा रही है।

### पशु चिकित्सक डॉ. सीपी ठाकुर से बातचीत

## आवारा कुत्ते सॉफ्ट टारगेट चुनकर ही बोलते हैं हमला



- **सवालः खाली पेट होने के कारण कुत्ते हो रहे खूंखार?**
- **जवाबः** शहरी इलाकों में आवारा कुत्तों में आक्रमकता का एक कारण भूख और प्यास भी है। उन्हें सड़क पर खाना-पानी नहीं मिल पाता है। ऐसे में किसी के हाथ में कोई सामान देखते ही उस तरफ भागने लगते हैं। ऐसे में जब सामने वाला डराता है, तो कुत्ते हमलावर हो जाते हैं। वे अपनी शिकार वाली मनोवृति में चले जाते हैं। ऐसे में वह हमला कर देते हैं।
- **सवालः कुत्तों की बढ़ती आबादी को कैसे रोका जा सकता है?**
- **जवाबः** प्रभावी नसबंदी कार्यक्रम इन्हें रोकने में मदद कर सकता है। समय के साथ, जैसे-जैसे कुत्ते प्राकृतिक मौत मरते हैं, उनकी संख्या घटती जाती है। कुत्तों की आबादी स्थिर, गैर-प्रजनन, गैर-आक्रामक और रेबीज मुक्त हो जाती है और यह समय के साथ धीरे-धीरे कम हो जाती है। नगर निगम को कुत्तों की नसबंदी का प्रभावी कार्यक्रम चलाना चाहिए। यदि इसे गंभीरता से लिया होता, तो आज अवारा कुत्तों की समस्या नहीं खड़ी होती।
- **सवालः हमले के लिए चुनते सॉफ्ट टारगेट?**
- कुत्तों में जब प्रजनन काल का मौसम होता है, तो उनमें हार्मोनल बदलाव आ रहे होते हैं। इन दिनों कुत्ते दोगुना तक ज्यादा आक्रामक हो जाते हैं। इसलिए उनसे जरा सी भी छेड़खानी करने पर वह तुरंत ही हमलावर हो जाते हैं। आवारा कुत्ते हमेशा सॉफ्ट टारगेट को चुनकर ही हमला बोलते हैं। इसलिए मासूम बच्चों और बुजुर्गों को ही अधिकतर कुत्ते शिकार बनाते हैं।

### प्रॉपर फीडिंग केंद्र और पीने के पानी की व्यवस्था की जानी चाहिएः नीलम



पेट लवर नीलम कौर का कहना है कि यदि अग्रेशन कुत्तों में है तो मुझे लगता है लोगों में भी कम नहीं है। क्योंकि इतनी स्पीड से गाड़ी चलाना, कुत्तों को मारना, जिससे वह काफी एग्रेसिव हो जाते हैं। स्ट्रीट डॉग्स के लिए जगह-जगह फीडिंग केंद्र बनाए जाने चाहिए। वहां पानी की व्यवस्था भी हो, जिससे उनका अग्रेशन कम होगा। उनका प्रॉपर वैक्सीनेशन हो। कोई एग्रेसिव है तो उसे दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए।

### बाल आयोग अध्यक्ष ने कहाः घटना दिल दहला देने वाली, देंगे नोटिस



भोपाल। भोपाल में 7 माह के बच्चे को कुत्तों ने नोंच कर मारने के मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो ने सख्त टिप्पणी की है। कानूनगो ने कहा कि यह घटना दिल दहला देने वाली है। इसमें जो भी जिम्मेदार हैं, उन पर कार्यवाही जरूरी है। इसलिए संबंधित अधिकारियों को नोटिस दे रहे हैं।




### बाल आयोग की टीम के औचक निरीक्षण में खुलासा

## सुनसान जंगल में स्कूल, सीबीएसई का बोर्ड, चल रहा था एमपी बोर्ड पाठ्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

- पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज कराने के निर्देश

राष्ट्रीय एवं मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम द्वारा शनिवार को भोपाल के करीब 30 किमी दूरी पर समरधा के घने जंगलों के बीच चलाए जा रहे सीएफआई मॉडल स्कूल, अमोनी का औचक निरीक्षण किया गया।

राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियंक कानूनगो और म.प्र. बाल आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे यहां टीम के साथ निरीक्षण के लिए पहुंचे थे। इस दौरान कई अनियमतितताएं मिलीं हैं। मोरे ने बताया कि संस्था मुख्यमार्ग से काफी दूर सुनसान जंगल में संचालित है, जिसमें अधिकांश बच्चें हिन्दू धर्म से हैं एवं इन्हें ईसाई धर्म अनुसार प्रार्थना करवाई जाती है। संस्था से धार्मिक पुस्तकें भी प्राप्त हुई हैं। बच्चों ने बताया उन्हें स्कूल द्वारा बाईबल भी दी गई थी। निरीक्षण के समय हाल ही में जलाई गई धार्मिक पुस्तकें भी पाई गईं। संस्था कैंम्पस में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा बताया गया कि स्कूल द्वारा उन्हें हिंदू धर्म के देवी-देवताओं को मानने से मना कर ईसाई धर्म अपनाने का प्रलोभन दिया जाता है। पीएफआई आवासीय स्कूल में एमपी बोर्ड का पाठ्यक्रम पढ़ाया जा रहा है, लेकिन सीबीएसई पैटर्न का बोर्ड लगाया गया है। यहां छात्रावास कोविड के बाद से बंद है, पहले यहां 60 से अधिक बच्चे थे, लेकिन विद्यार्थियों का रिकार्ड प्रबंधन नहीं दिखा सका।

### शिकायत की तो प्रबंधन ने मुंह बंद करा दिया

आयोग अध्यक्ष मोरे ने बताया कि निरीक्षण के दौरान छात्रों से चर्चा के समय एक बालिका से कुछ दिन पूर्व हुई घटना की जानकारी मिलने पर अधिकारियों को पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज करवाने के लिए निर्देशित दिए गए हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा बालिका और उसके परिवार पर मामला दबाने का दबाव बनाया जा रहा था। बाल आयोग की टीम ने जब एक-एक करके विद्यार्थियों से बातचीत शुरू की तो डरी-सहमी छात्रा ने बताया कि स्कूल का एक कर्मचारी उसे लगातार परेशान कर रहा था, उसने हाथ पकड़कर पत्र देकर प्रलोभन दिया, जिसके बाद उसने पिता को जानकारी दी। स्वजनों ने प्रबंधन से शिकायत की तो कर्मचारी का ही पक्ष लेकर छात्रा का ही मुंह बंद करा दिया गया।

### आसपास कहीं आबादी नहीं

समरधा गांव से गिद्धगढ़ जाने वाले मार्ग पर बंद वन चौकी से तीन किमी अंदर अमोनी वनक्षेत्र में फेसिंग से घिरे इस इलाके में बाहरी व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए वॉच टावर हैं। 100 एकड़ के परिसर में स्कूल और छात्रावास लेकिन आसपास कहीं आबादी नहीं है।

### शिकायत के बाद जांच शुरू, ईंट बनाने के लिए मिट्टी सप्लाई

## सरकारी जमीन से सरपंच पुत्र ने निकाली सौ ट्रैक्टर पीली मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बरखेड़ी अब्दुल्ला के सरपंच नियामत के पुत्र इरफान ने सरकारी जमीन पर ट्रैक्टर से सौ से अधिक टॉली मिट्टी खुदाई कर दी है। यह मिट्टी खुद के ईट भट्टे पर जमा कर रखी है। पिछले पंद्रह दिनों से चल रही अवैध खुदाई के बाद नजदीकी किसान ने मामले की शिकायत हुजूर एसडीएम आशुतोष शर्मा से की है। जिसके बाद नायब तहसीलदार लोकेश चौहान ने खुदाई का काम रुकवा दिया है। सोमवार को पटवारी से खुदाई और ईट भट्टे पर डाली जा रही मिट्टी के संबंध में रिपोर्ट मांगी है।



### नायब तहसीलदार से मांगी रिपोर्ट, सरपंच की जांच कराएंगे

बरखेड़ी अब्दुल्ला में अब्दुल अजीज के कब्जे की जमीन बंदोबस्त के समय सरकारी घोषित हो गई थी। किसान परिवार इस जमीन पर खेती करता था। जमीन सरकारी होने के बाद पंचायत के सरपंच पुत्र इरफान ने पिछले पंद्रह दिन पहले यहां ट्रैक्टर-ट्रॉली से जमीन की पीली मिट्टी खुदाई शुरू कर दी। किसान ने जब खुदाई करने से मना किया तो उसने कहा कि इस जमीन की खुदाई करने का पट्टा लिया गया है। विवाद बढ़ने के बाद किसान ने मामले की शिकायत हुजूर एसडीएम को दर्ज कराई। एसडीएम ने बताया कि शिकायत के संबंध में नायब तहसीलदार से रिपोर्ट मांगी गई है। सरपंच के संरक्षण को लेकर भी जांच कराई जाएगी। अवैध उत्खनन का केस बनाकर कलेक्टर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

### कोहेफिजा थाने पहुंचे दोनों पक्ष, पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

## गुफा मंदिर में बनाई जा रही बाउंड्रीवॉल को लेकर मंदिर समिति व ग्रामीणों के बीच हुआ विवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल में गुफा मंदिर जाने वाले रास्ते को लेकर विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। यहां बाउंड्रीवॉल बनाने को लेकर बरेला गांव के लोग नाराज हैं। इसी के चलते वे शनिवार को मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठ गए। दोपहर 3 बजे तक धरना चलता रहा। इस बीच, कुछ लोगों ने ग्रामीणों पर पत्थर फेंक दिए। जिसमें महिलाओं समेत कुछ ग्रामीण घायल हुए हैं। बाद में ग्रामीण कोहेफिजा थाने पहुंचे और कार्रवाई की मांग की। आरोप है कि मंदिर समिति के लोगों की ओर से फेंके गए। इधर, गुफा मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य भी कोहेफिजा थाने पहुंचे और अपना पक्ष रखते हुए कहा कि रहवासियों ने ही विवाद और तोड़फोड़ की है। इस पर पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### यह है विवाद की वजह

दरअसल गुफा मंदिर और बरेला गांव के बीच आम रास्ता है। इस पर नाला बनाया जा रहा है। इसके पास ही बाउंड्रीवॉल के निर्माण होने की खबर के बाद शनिवार सुबह बड़ी संख्या में बरेला गांव के लोग वहां पहुंच गए। ग्रमीणों का कहना है कि दीवार बनने से रास्ते की चौड़ाई 10 फीट रह गई। चौड़ाई 15 फिट होना चाहिए। क्योंकि 10 फीट में तो गाड़ियां नहीं निकल सकेंगी।

### पत्थर फेंकने से बढ़ा विवाद

बारेला गांव के नीरज पंडित ने बताया कि इस मामले में जिला प्रशासन और पुलिस थाने में शिकायत की गई। मुझे भी सिर में चोट लगी है। इसके अलावा दो अन्य माहिलाओं को भी चोट लगी है। ग्रमीणों का आरोप है पत्थर मंदिर समिति के लोगों की ओर से फेंके गए हैं।

### समिति ने भी आरोप लगाए

इधर, गुफा मंदिर प्रबंधन समिति ने भी तोड़फोड़ और हमला करने का आरोप लगाया है। समिति का कहना है कि रहवासियों ने मंदिर परिसर की निमार्णाधीन बाउंड्रीवॉल को तोड़ा है। उनकी 10 फीट चौड़े रास्ते की मांग की थी, जो महंत जी ने स्वीकार कर ली थी। निर्माण नगर निगम ने तैयार किया था। जिसका कई हिस्सों में निर्माण हो चुका है, लेकिन रहवासियों द्वारा अनर्गल तरीके से विवाद किया गया। तोड़फोड़ भी की गई। महंत के साथ महिलाओं ने अभद्र व्यवहार किया। महंत जी के ऊपर हमला करने की भी कोशिश की गई।

**दोनों पक्ष थाने पर पहुंचे** थाना प्रभारी ब्रजेंद्र मर्सकोले ने बताया कि दोनों पक्ष रास्ते के विवाद को लेकर थाने में एकत्र हुए हैं। हालांकि, दोनों ही पक्ष को आपसी सहमति से विवाद का हल करने को लेकर समझाइश दी गई है।

### नई सुविधा शुरू करने पुरानी को मिटा रहे, दो अस्पतालों में सुविधाएं खत्म करने की तैयारी

## जेपी से गायनिक तो हमीदिया से खत्म करेंगे प्रायवेट वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा विभाग में इन दिनों अजीबो गरीब नवाचार देखने को मिल रहा है। यहां पुरानी सुविधाओं को खत्म कर उसकी जगह नए निर्माण करने का काम चल रहा है। बीते दो दिनों में स्वास्थ्य विभाग में दो ऐसे आदेश जारी किए गए हैं, जिनका अब विरोध शुरू हो गया है। दो दिन पहले जेपी अस्पताल के गायनिक विभाग के करीब आधा दर्जन डॉक्टरों को काटजू अस्पताल में पदस्थ करने के निर्देश जारी किए गए।

दूसरी तरफ हमीदिया अस्पताल को तोड़कर को उसकी जगह बोनमैरो ट्रांसप्लांट यूनिट बनाने का निर्णय लिया गया। विशेषज्ञ दोनों ही निर्णयों को बेतुका बताते हैं। उनका कहना है कि नई सुविधा जरूरी हैं लेकिन इसके लिए पुरानी सुविधाओं को खत्म करना सही नहीं है।

### जेपी के आधा दर्जन डॉक्टरों को काटजू में पदस्थ करने के निर्देश जारी



### जेपी : गायनिक यूनिट को बंद करने की तैयारी

स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने काटजू अस्पताल के निरीक्षण के दौरान खाली अस्पताल देख नाराजगी जताई थी। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ाने के साथ चिकित्सकों की संख्या बढ़ाने की बात कही। ऐसे में विभागीय अधिकारियों आनन फानन में जेपी अस्पताल के आधा दर्जन महिला चिकित्सकों को काटजू भेजने का निर्णय ले लिया। अधिकारियों का मानना है कि जेपी की गायनिक यूनिट खत्म कर काटजू अस्पताल को ही महिला चिकित्सालय के रूप मे स्थापित किया जाए।

### यह होगा नुकसान

जेपी अस्पताल में गायनिक के साथ पीडियाट्रिक और अन्य विभाग है। महिलाओं को प्रसव के साथ अन्य समस्याएं भी होती हैं। बच्चों को भी इलाज की जरूरत होती है। ऐसे में एक ही जगह पर सुविधाएं मिल जाएंगी। यहां जन्मे बच्चों को इलाज की जरूरत होगी तो उन्हें जेपी ले जाना पड़ेगा।


### चलती रहेगी विंग



काटजू अस्पताल को सर्व सुविधायुक्त महिला चिकित्सालय बनाने का प्रस्ताव है। इसके लिए जेपी से चिकित्सकों को भेजा गया है। हालांकि जेपी में भी मेटरनिटी विंग चलती रहेगी। यहां दो विशेषज्ञ सहित मेडिकल ऑफिसर है।

**डॉ प्रभाकर तिवारी,** सीएमएचओ

### प्रस्ताव हो रहा तैयार



पीआईयू प्रस्ताव तैयार कर रहा है। जब प्रस्ताव पास होगा तो यूनिट बनाने का काम शुरू होगा। यह सही है कि प्रायवेट वार्ड बड़ी सुविधा है इसे खत्म नहीं किया जाना चाहिए।

**डॉ. आशीष गोहिया,** अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल

### जंगल में छिपकर बचाई जान...

## वन रक्षक को बाइक सवारों ने पीटा, बाइक भी फूंकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित डहियन तिराहा के पास सड़क पर पत्थर रखकर चैकिंग कर रहे वन रक्षक को दो बाइक सवारों ने जमकर पीटा। इतना ही नहीं, उसकी बाइक में आग भी लगा दी। वन रक्षक को जान बचाकर जंगल में छिपना पड़ा। पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार बदमाशों पर मामला दर्ज किया है।



पुलिस ने बताया कि 58 साल के खुमान सिंह नजीराबाद वन रेंज में वन रक्षक हैं। शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह नजीराबाद थाने से करीब 20 किमी दूर लटेरी, डहियन तिराहा के पास चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो युवक पहुंचे। उनका सड़क पर पत्थर रखने की बात को लेकर वन रक्षक से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों आरोपियों ने खुमान सिंह को पहले जमकर पीटा। आरोपियों के चंगुल से छूटकर वन रक्षक जंगल में छिपकर जान बचाई।

# मैत्री मैच में सीएस इलेवन टीम विजेता घोषित

एसबीआई सीजीएम 11 से बाबे अली स्टेडियम में हुआ जोरदार मुकाबला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्य सचिव एकादश और एसबीआई मुख्य महाप्रबंधक एकादश के बीच बाबे अली स्टेडियम में 20-20 क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैत्री मैच में सीएस 11 ने सीजीएम 11 को 7 विकेट से पराजित किया। इस मैच में सीजीएम 11 का नेतृत्व एसबीआई भोपाल मंडल के मुख्य महाप्रबंधक चंद्रशेखर शर्मा एवं सीएस इलेवन का नेतृत्व अनिरुद्ध मुखर्जी प्रमुख सचिव, मप्र शासन कर रहे थे। इस मैच को देखने और खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए बैंक के महाप्रबंधक कुंदन ज्योति, अजीत पाराशर, नीरज प्रसाद एवं आशा मिश्रा, अध्यक्ष एसबीआई लेडिज क्लब सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, स्टाफ सदस्य और बड़ी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

युवाओं के लिए बेहतरीन मौका, अरेरा क्लब में होंगे मैच

# आईटीएफ का 8वां मेगा अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट 16 से 21 जनवरी तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



आईटीएफ (इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन) का 8वां मेगा अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूर्नामेंट 16 जनवरी से अरेरा क्लब भोपाल में आयोजित किया जा रहा है।

आईटीएफ आयोजन समिति के सदस्य मनोज सिंह कुकरेजा, अतुल धूपर, प्रमोद दीक्षित और आशीष पांडे ने संयुक्त रूप से बताया कि भोपाल के टेनिस प्रेमी खिलाड़ियों के लिए यह बेहतर अवसर है, जब 21 जनवरी तक उन्हें दुनिया भर के रैंकिंग प्राप्त टेनिस प्लेयर को खेलते हुए देखने का मौका मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में प्रवेश निशुल्क है और रोजाना सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक मैच खेले जाएंगे। आइटीएफ के कुकरेजा ने जानकारी दी कि क्वालीफाइंग में 32 के ड्रा और एकल मुख्य ड्रा में शीर्ष अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय टेनिस खिलाड़ी शामिल होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि विश्व में 215वें स्थान पर मौजूद ओलिवर क्रॉफर्ड शीर्ष वरीयता प्राप्त हैं, वहीं मुख्य ड्रा में 2 भारतीय शामिल हैं। भारत में नंबर 2 जिन्होंने हाल ही में मोरक्को के मुकुंद शशिकुमार और प्रांजल देव के खिलाफ डेविस कप मुकाबला खेला था। टूर्नामेंट में एकल के साथ युगल स्पर्धा भी शामिल है। उन्होंने बताया कि इससे पहले 2023 में वुमन 40के का आयोजन किया गया था, जो भारत में पहला आयोजन था और बेहद सफल रहा था।

## असाटी समाज का स्नेह सम्मेलन आज

**भोपाल।** असाटी समाज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन स्नेह सम्मेलन समारोह घोड़ा पछाड़ रेस्ट हाउस में 14 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

असाटी समाज के संरक्षक अशोक गुप्ता असाटी विधायक प्रतिनिधि ने बताया की जिसमें अखिल भारतीय असाटी महासभा के पदाधिकारी भी उपस्थित होंगे एवं समाज भवन हेतु जगह क्रय की गई है जिसका विधिवत भूमि पूजन होगा। समाज भवन करीब 70 लाख की लागत से पूर्ण होगा।

भवन को लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है, वे स्वेच्छा से अधिक राशि दे रहे हैं। कल इसने सम्मेलन के दौरान 22 तारीख को हो रहे अयोध्या मैं राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए सामाजिक बन्धुओ को घर-घर झंडा वितरण किया जाएगा।

# भोपाल उत्सव मेले में सुनील पाल ने भारी जनसमूह को गुदगुदाया



**भोपाल।** दशहरा मैदान टी टी नगर पर भारी भीड़ खींचता भोपाल उत्सव मेला शनिवार शाम ठहाको से जीवंत हो उठा जब फिल्म टी वी और लाफ्टर के मैश हूर कॉमेडियन सुनील पॉल ने प्रस्तुति दी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खेल युवा सहकारिता मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का स्वागत मेला समिति अध्यक्ष मनमोहन अग्रवाल जी ने किया इस अवसर पर समिति के सुनील जैनाविन राजेश जैन अशोक गुप्ता अजय सोगानी नारायण कुशवाह डा मुखरेया मंगल आदि भी मौजूद थे


OFFICE OF THE COMMISSIONER, Gwalior Municipal Corporation

No.-/PIU/2024 (NIT) Date : 10/01/2024

Gwalior Municipal Corporation, Gwalior Invites online for the following work: जनसम्पर्क RO क्रमांक 29, दिनांक 12-01-2024

| S. No. | E-Tender No. | Tender Name | Probable Amount of Contract (Rs.) | EMD (Rs.) | Tender Fee (Rs.) | Period of completion | Date & Time |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | 2023_UAD_311699_2 | Supply & Erection of Precast median from Gole Ka Mandir to Airport at Gwalior (2nd Call) File No. 484/23*3/3 | 3,04,13,638/- | 1,79,440/- | 15,000/- | 03 Month | 10/01/24, 10:30 Am to 23/01/24, 5:30 Pm |

Full detail of the above tenders can be seen on www.mptenders.gov.in Amendments to NIT, if any shall be published on website only. (G.S.T. Excluding).

Executive Engineer (PIU) Gwalior Municipal Corporation

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

क्षेत्रीय दबावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, ... जबलपुर- 482002

Phone - +91-761-2409255

Email - sarjab@bankofbaroda.com

कब्जा नोटिस (चल एवं अचल संपत्ति के लिये)

(As per Appendix IV read with rule 8(1) of the Security Interest (Enforcement) Rules 2002

| क्र. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम व पता | नोटिस के अनुसार बैंक को देय राशि | बंधक रखी अचल सम्पत्ति का विवरण | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उधारकर्ता - विकास गुप्ता पुत्र श्री शरद चंद गुप्ता; गारंटर - श्री राहुल गुप्ता पुत्र श्री हरिओम गुप्ता | Rs. 28,15,635.93 + ब्याज एवं अन्य खर्च देय 04-09-2023 | [illegible] | 04-09-2023 / 10-01-2024 |

दिनांक: 14/01/2024, स्थान - जबलपुर — प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा, जबलपुर

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | फिल्मी विज्ञापन

हरिभूमि क्लासीफाइड संपर्क सूत्र : 9407279644, 9300009644


## जैकेट का शेष

### शहडोल में खुलेगा...

भूमिपूजन के समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति लागू करने में मप्र देश भर में अग्रणी रहा है। नए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय आने वाली पीढ़ी के लिए विकास के नए द्वार खोलते हैं। उन्होंने कहा कि शहडोल अंचल में शैक्षणिक सुविधाएं बढ़ाई जाएंगी, जिससे जनजातीय समाज के युवा उच्च शिक्षित होकर नए-नए रोजगारों से जुड़ेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के जनजाति बहुल विकासखंडों में विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग व्यवस्था भी की जाएगी।

**सुपर फूड के उत्पादन से मोटे अनाजों को मिलेगा बढ़ावा:** डॉ. यादव ने कहा कि शहडोल संभाग में प्रमुख रूप से कोदो-कुटकी की खेती होती है। कोदो-कुटकी के किसानों की आय में वृद्धि के के साथ ही इन उत्पादों के उपयोग से लोगों का स्वास्थ्य स्तर बेहतर होगा। इस अंचल में सुपर फूड माने गए रागी और अन्य मोटे अनाजों को बढ़ावा दिया जाएगा। रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में फसल उत्पादन, भंडारण, प्रोसेसिंग, मार्केटिंग, उपार्जन, ब्रांड बिल्डिंग के साथ वैल्यू चेन विकसित की जाएगी। इससे किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों का कल्याण भी होगा, जो प्रधानमंत्री श्री मोदी की प्राथमिकता भी है।

**खेल सुविधाओं के लिए संसाधनों की कमी आड़े नहीं आएगी:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसके पूर्व शहडोल में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पं. शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में एक करोड़ रूपए की लागत से अत्याधुनिक खेल परिसर, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने का कार्य करेगा। एक समय था जब एशियाई खेलों और ओलिंपिक में कुश्ती के अतिरिक्त किसी भी खेल में पदक प्राप्त नहीं होते थे। आज भारतीय खिलाड़ी अनेक खेलों में पदक प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम को जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजाति के परिवारों को 1500 रुपए मासिक राशि पोषण आहार के लिए दी जा रही है। यह मासिक अनुदान राशि पूर्व में एक हजार रूपए थी।

**जबलपुर में पहली कैबिनेट 'वीरांगनाओं' के प्रति सम्मान:** सीएम ने आहार अनुदान योजना में मप्र के ऐसे 14 जिलों जहां बैगा, भारिया और सहरिया विशेष पिछड़ी जनजाति के लोग बहुतायत से रहते हैं, कुल 29 करोड़ 11 लाख रुपए की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की। यहां विभिन्न तरह के 16 कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन भी किया। लोकार्पित कार्यों की लागत 35 करोड़ 94 लाख रुपए है। जिन कार्यों का शिलान्यास हुआ उनकी लागत 15 करोड़ 55 लाख रुपए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कैबिनेट की बैठक जबलपुर में आयोजित की गई थी, जिसका उद्देश्य रानी दुर्गावती और रानी अवंती बाई जैसी वीरांगनाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करना था। भारतीय महिलाओं ने इतिहास में पराक्रम के उदाहरण प्रस्तुत किए हैं।

### सीएम यादव ने एक...

अलग संदेश देने वाला रहा। उज्जैन में अपने घर रात बिताकर वर्षों से चले आ रहे एक मिथक को तोड़ा, तो धर्मस्थलों पर लाउड स्पीकर की तेज आवाज व खुले में अवैध तरीके से मांस विक्रय पर रोक लगा दी। इन तीस दिनों में नई सरकार ने भारी भरकम तबादले नहीं किए, किंतु 45 आइएएस, 11 आईपीएस बदलकर बड़ा संदेश दे दिया। वहीं 9 कलेक्टर, 3 एसपी व एक कमिश्नर को मैदानी पदस्थापना से हटाकर यह संदेश भी दिया कि स्वेच्छारिता अब कतई बर्दाश्त नहीं होगी। सबसे चौंकाने वाला फैसला शाजापुर कलेक्टर किशोर कान्याल को लेकर रहा। जिन्होंने भरी मीटिंग में एक चालक की औकात पर सवाल खड़े किए तो मोहन सरकार ने उन्हें बता दिया कि औकात आम आदमी की ज्यादा है। पहली बार ऐसा हुआ कि गुना बस हादसे में ट्रांसपोर्ट कमिश्नर से लेकर सीएमओ तक भी जवाबदेही तय हुई। सभी पर गाज गिरी और कुछ को सस्पेंड किया तो कुछ को हटा कर अटैच कर दिया। इस एक महीने में एक और खासियत यह रही कि उन्होंने राजधानी में बैठकर सारे फैसले नहीं लिए, बल्कि मैदानी जिलों खासकर संभागीय समीक्षा बैठकों का दौर शुरू किया। मुख्यमंत्री ने यह साफ कर दिया कि सरकार सिर्फ भोपाल तक सीमित नहीं है। एयरकंडीशन कक्षों के आदी हुए मंत्रालय व पुलिस मुख्यालय के अफसरों को भी संभागीय व जोन प्रभारी बनाकर निगरानी की नई व्यवस्था तैयार की। इस बदलाव से बताया गया कि संभागीय मुख्यालय अब सिर्फ डाकिए की भूमिका में नहीं, बल्कि मुख्य धारा में होंगे।

**अपना मप्र नई ऊंचाइयों को छुएगा:** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल कहते हैं कि एक सशक्त नेतृत्व, कठोर निर्णय, नवाचार व अध्यात्म के प्रति सद्भाव व झुकाव के साथ ही नई सरकार विकास के उच्च मापदंडों पर चल रही है। निश्चित रूप से अपना मप्र नई ऊंचाइयों को छुएगा। मोहन सरकार ने महज एक महीने में ही कई ऐसे प्रभावशाली निर्णय लिए हैं, जिसका असर जन-जन तक पहुंचा है।

### हैदराबाद से बुलाए...

मुख्यालय ने विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते इन तीनों जिलों के पुलिस अधीक्षकों को वापस ड्यूटी पर बुला लिया गया है। तीनों ने वापस आकर अपना काम-काम संभाल लिया है।

## पेज एक का शेष

### न्यायाधीशों के समान...

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस अनिरुद्ध बोस, जस्टिस जेके माहेश्वरी और मप्र उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस रवि मलिमथ द्वारा दीप प्रज्जवलन कर किया गया। अधिवेशन में उच्च न्यायालय मप्र की तीनों खंडपीठ के सभी न्यायामूर्ति एवं जिला न्यायालय के लगभग 1450 न्यायाधीश उपस्थित रहे। अधिवेशन में पहले दिन एक शैक्षणिक सत्र 'विजन 2047' के संबंध में एवं तकनीकी सत्र जमानत याचिका निराकरण विचारण में विलंब और बोर्ड प्रबंधन के संबंध में रहा। जिस पर विभिन्न न्यायाधीशों द्वारा अपने मत रखे गए।

### वैकल्पिक विवाद...

कार्य को पुनीत कार्य होना प्रकट कर न्यायाधीशों को उनकी नियुक्ति से समय दिलाई जाने वाली शपथ एवं संविधान के अंतर्गत न्यायालयों को नागरिकों के मूलभूत अधिकार की रक्षा के प्रति सजग किया। उनके द्वारा राग-द्वेष, लोभ और भय से विमुक्त होकर कार्य करने की सलाह दी गई।

### जनवरी बना 'मार्च'...

में 12 जनवरी को 8 डिग्री पर पारा दर्ज हुआ था। 13 जनवरी 2017 को यहां रात में 4 डिग्री तक सर्दी थी, जिससे तीव्र शीतलहर और प्रदेश के कई जिलों में पाला पड़ने के हालात बन गए थे। मौसम केंद्र के अनुसार अगले कुछ दिन में रात के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की कमी आएगी। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं दक्षिणी होने के साथ बादल, धुंध के असर से रात में सर्दी नहीं बढ़ रही है।

### नायब तहसीलदार...

चले गए। लौटकर आए तो पता चला कि बच्चा नहीं है। वे बच्चे की तलाश कर रहे थे, तभी एक मजदूर ने बताया कि बच्चे को कुत्तों का झुंड उठाकर ले गया है। देवेंद्र जब गेट नंबर 4 से शिव नगर की तरफ झाड़ियों में पहुंचे तो कुत्तों का झुंड बच्चे को नोंच रहे थे। पीएम के बाद डॉक्टर ने अपना ओपिनियन देते हुए बताया कि बच्चे की मौत जानवर के काटने से हुई है।

### नागपुर में आरएसएस ...

*बिंदु पर विदेश मंत्री ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की इस इकाई में भारत की जरूरत पूरी दुनिया महसूस कर रही है। मंथन कार्यक्रम से पहले विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर फोटो शेयर की। उन्होंने बताया कि नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार और माधव सदाशिवराव गोलवलकर 'गुरुजी' को स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित की। जयशंकर ने भारत और चीन के संबंधों पर भी जवाब दिया। नौवीं कक्षा के बच्चे भार्गव देशपांडे के सवाल पर कहा कि उन्होंने अपने चीनी समकक्ष को समझाया है कि जब तक आप सीमा से जुड़े मुद्दे का कोई समाधान नहीं निकाल लेते, अगर सेनाएं आमने-सामने रहेंगी और तनाव रहेगा, तो आपको यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि बाकी रिश्ते, मसलन बिजनेस और दूसरी चीजें सामान्य तरीके से चलेंगी। उन्होंने गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प का भी जिक्र किया। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले तीन साल से दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हैं। तनाव बना हुआ है। इस बात को स्वीकार करने में उन्हें कोई हिचक नहीं है।*

### ससुराल में गेट...

हुई थी। कुछ दिनों बाद ही पति व पत्नी के बीच विवाद होता था। आए दिन होने वाले विवाद से सुनील तनाव में रहने लगा था। शुक्रवार रात उनसे खुद के शरीर पर ज्वलनशील पदार्थ डाल दिया और आग लगा ली। ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे देखा। कुछ देर बाद आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक वह 80 प्रतिशत जल चुका था। परिजनों ने उसे अस्पताल में भर्ती किया था। उपचार के 9 दिन बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आत्महत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। खुद को जलाने से पहले सुनील ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर आत्महत्या के लिए पत्नी और ससुराल पक्ष को जिम्मेदार बताया। आत्महत्या की धमकी को परिजनों ने गंभीरता से नहीं लिया।

### अयोध्या के श्रीराम...

को लेकर अप्रवासी भारतीयों में भारी उत्साह है। इस बीच मॉरीशस सरकार ने एक महत्वपूर्ण कदम के तहत 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर के 'ऐतिहासिक' प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के दौरान पूजा-अर्चना में शामिल होने के लिए हिंदू धर्म के लोक सेवकों को दिन में दो घंटे का विशेष अवकाश देने का निर्णय किया है।


आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। - व्यावस्थापक


## राशिफल

**मेष:** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष:** धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क:** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती है। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह:** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या:** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला:** कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहें।

**वृश्चिक:** संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु:** आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर:** माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ:** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन:** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।


हरिभूमि भोपाल बाजार — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644, 9300009644

कान्हा नानक फार्म/प्लॉट 7509861369, 7509861379 — प्रीमियम फार्म हाउस — फार्म हाउस 349/- Sqft. — निवेश का सुनहरा मौका — डायवर्जन युक्त फार्म हाउस उपलब्ध है — पूर्णतः विकसित फार्म हाउस — प्लॉट मात्र 699/- से शुरू — प्लाट लोकेशन- 1 नं. कोकता ट्रांसपोर्ट नगर के पास कान्हासैया (न्यू RTO आफिस से मात्र 1.5km) — फार्महाउस लोकेशन अयोध्या बायपास चौराहा एवं नरेला जोड़ तिराहे से मात्र 4 किमी. की दूरी पर ग्राम अरेड़ी

Medical Help Line — विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

सफेद दाग गारंटेड इलाज — Timing 10:30 am to 8:00 pm — Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC — कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M: 9425006131, 9827249409 — 5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

वैवाहिकी — वधू चाहिए

वधू चाहिए-गुजराती 44/5'11" स्वयं का व्यवसाय इनकम 40000 मासिक, युवक हेतु कन्या चाहिए उच्च जाति बंधन नहीं संपर्क करें 98271 14645, 9131139179 (2406)

वधू चाहिए- 43 वर्ष वर के लिए, जाति ठाकुर, वधू चाहिए जाति बंधन नहीं है रायपुर में घर एवं कृषि जमीन सम्पन्न परिवार संपर्क करें मो. 9300982497 (58)

वर-वधू चाहिए - जीवन साथी चाहिए मिडिल क्लास फैमिली। जिस किसी व्यक्ति को रिश्ता करना है वही सम्पर्क करें- 7773005924 (32538)

परिचय सम्मेलन — म. प्र. राजपूत समाज — युवक-युवती परिचय सम्मेलन — रविवार, 28 जनवरी 2024

हरिभूमि — आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना — 1200/- 10X4 — अन्य साईज में @Rs. 40 sq.cm — 1 अप्रैल 2022 से लागू


## शब्द पहेली - 5394

**बाएँ से दाएँ**

1.नेमत,वर,ईष्टकृपा -4
3.उद्देश्य,ध्येय-4
8.सयाना,चतुर-4,3
10.मनुष्य-3
11.मोल,दाम-3
13.बैठने का स्थान-3
15.दौड़ना (अंग्रेजी-2)
17.पराजित-2
18.वध,कत्ल-2
19.काव्यकार,शायर-2
21.राशिचक्र की दसवीं राशि-3
25.आक्रमण,प्रहार-3
26.पालतू जानवर-3
27.ईश्वर,भगवान-7
30.ईश्वरीय कृपा-4
31.भयभीत होना, डरना-4

**ऊपर से नीचे**

2.असुर,दैत्य-3
4.गागर,घड़ा-3
5.मन की करना-4
6.प्रार्थना,ईश वंदना-4
7.चरित्र,ईमान-3
8.कार्यविधि-3
9.रेखा,लाईन-3
12.माला का मोती-3
13.राहत,विश्राम-3
14.कैनाल,उपनदी-3
16.नगद राशि-3
20.रुदन -3
22.पक्षियों का शोर-4
23.मध्यांग, कटि-3
24.12 राशियों का समूह-4
25.महल,बड़ा भवन-3
28.सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
29.अदृश्य, जो दिखाई न दे-3

**शब्द पहेली- 5393 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ज | दा | क | र | ना | | म | त | वा | ला |
| ह | रा | | त | | का | म | ना | | दा | वा |
| न | | बे | र | ह | म | | ना | रा | | रि |
| शी | ल | वा | न | | या | द | | नी | र | स |
| ल | | प | | ख | ब | र | ची | | न | |
| ता | र | न | हा | र | | का | न | भ | र | ना |
| | म | | र | ह | ब | र | | यं | | प |
| प्र | ण | य | | रा | हु | | ब | क | वा | स |
| ति | | दा | स | | बे | क | द | र | | न्द |
| का | न | | चि | रा | ग | | म | | क | हो |
| र | म | जा | न | | म | द | द | क | र | ना |

## सुडोकु नवताल - 5404

सुडोकु नवताल - 5403 का हल

# बंगाल में निर्वस्त्र कर 3 साधुओं को पीटा, अनुराग बोले- ममता सरकार ने बिगाड़ा माहौल

एजेंसी ▶▶ पुरुलिया/नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं के साथ मारपीट की गई है। भीड़ ने साधुओं को निर्वस्त्र कर पीटा। ये उत्तर प्रदेश से पश्चिम बंगाल के मशहूर तीर्थ गंगासागर मेले के लिए जा रहे थे।

साधु ने दो बेटों के साथ मकर संक्राति पर गंगासागर जाने के लिए वाहन बुक किया था। साधु ने रास्ते के बारे में पूछा, उससे कुछ लोगों को संदेह हुआ कि वे किडनैपर हैं, इसके बाद साधुओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। सोशल मीडिया पर एक 30 सेकंड की फुटेज वायरल हो रही है जिसमें कथित तौर पर साधुओं के समूह को भीड़ की ओर से निर्वस्त्र कर उन पर हमला करते हुए देखा जा सकता है। इस मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुरुलिया पुलिस के अनुसार भाषा की समस्या को लेकर साधुओं और कुछ स्थानीय लड़कियों के बीच गलतफहमी हो गई। इसके बाद लड़कियों ने भागना और चिल्लाना शुरू कर दिया। भीड़ इकट्ठा हो गई और साधुओं के साथ मारपीट की।



## गंगासागर स्नान को जा रहे साधुओं पर पुरुलिया में मारपीट, पुलिस बनी रही मूकदर्शक

### अनुराग ने कहा-बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार

### ममता बेनर्जी तुष्टिकरण की पराकाष्ठा



केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर शनिवार को पश्चिम बंगाल प्रवास पर हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से ठाकुर ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया। ममता सरकार पर निशाना साधते हुए कहा किममता दीदी के राज में बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई ईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सर फोड़ने का काम किया जाता है। बंगाल की सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। क्या ममता बेनर्जी ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं? किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता उसको बचाने सड़क पर उतर आती हैं। रेड होती है। करोड़ों रुपए बरामद होते हैं।

### यहां केवल तुष्टिकरण का बोलबाला

ममता ने बंगाल में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा खड़ी कर दी है। आज जब पूरे देश में राम नाम की गूंज है तब पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को खुशियां भी नहीं मनाने दी जा रही हैं। यहां कर्फ्यू जैसी स्थिति लगा दी गई है। अब हिंदू साधुओं के साथ मारपीट और उनकी हत्या के प्रयास के मामले सामने आए हैं। लगातार मीडिया में खबर चलाने के बाद अब जाकर कार्रवाई हुई है।

## खबर संक्षेप

### अब सीएम भजनलाल से मिले डॉ. लक्ष्यराज




**उदयपुर।** मेवाड़ के पूर्व राजपरिवार के सदस्य एवं महाराणा प्रताप के वंशज डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने शनिवार को प्रदेश के सीएम भजनलाल शर्मा से जयपुर में भेंट की। डॉ. लक्ष्यराज ने भजनलाल को महाराणा प्रताप की युद्ध स्थलि हल्दीघाटी की महान माटी और पुष्पगुच्छ भेंट किए। सिंह ने सीएम को मेवाड़ आने का आमंत्रण दिया।

### हैदराबाद में पकड़ाया असीम हत्याकांड का शूटर



**कांकेर।** असीम हत्याकांड में 11 आरोपियों को जेल दाखिल करने के बाद गोली मारने वाले शूटर को कांकेर पुलिस ने बीती रात को हैदराबाद से हिरासत में लिया है। फिलहाल पुलिस के द्वारा अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि रविवार को पुलिस कोई बड़ा खुलासा कर सकती है।

### सीईओ ने खरीदा 116 करोड़ रुपए का घर



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में महंगे घरों की खरीद-बिक्री लगातार होती रहती है। अब जानकारी सामने आई है कि मैसों सिआ की सीईओ वर्तिका गुप्ता ने लगभग 116 करोड़ रुपए का घर खरीदा है। यह ओबरॉय थ्री सिक्सटी वेस्ट में खरीदा गया है, जो मुंबई के पॉश इलाके वर्ली में स्थित है। बताया जा रहा है कि इस साल की यह सबसे बड़ी डील है।

### लाइव टीवी शो में बोलते गिरे प्रोफेसर, मौत



**तिरुवनंतपुरम।** केरल में दूरदर्शन के कृषि दर्शन कार्यक्रम में लाइव टीवी शो के दौरान प्रोफेसर अनी एस दास की मौत हो गई। वे कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे कि बोलते-बोलते कुर्सी पर लुढ़क गए और उनकी मौत हो गई। उनकी उम्र 59 वर्ष थी। आनन-फानन उन्हें अस्पताल भी ले जाया गया, लेकिन इस दौरान उनकी जान नहीं बचाई जा सकी।

## वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में गृहमंत्री शाह ने कहा

# मोदी के नेतृत्व में भारत बनेगा तीसरी 'सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था' वाला देश

गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने पिछले दो दशकों में गुजरात में हुए बदलावों का उल्लेख किया। इस अवसर पर पीएम नरेंद्र मोदी के किए गए प्रगति के कामों का भी उल्लेख किया।

एजेंसी ▶▶ गांधीनगर

गृहमंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में आयोजित तीन दिवसीय वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के सफलतापूर्वक समापन की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने पिछले दो दशकों में गुजरात में हुए बदलावों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन की दूरदर्शी शुरुआत ने राज्य में विकास के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि भारत उत्पादन और निवेश के लिहाज से दुनिया का सबसे अच्छा स्थान है जबकि गुजरात देश के भीतर सबसे पसंदीदा स्थान के रूप में सामने आया है। समापन समारोह के दौरान सीएम भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन मंत्री परषोत्तम रूपाला, जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थित रही। गृहमंत्री शाह ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा। सरकार की नीतियां तैयार हैं।

### शाह ने गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के समापन की घोषणा की

विकास के सपने को साकार करने में अहम भूमिका निभाई

पीएम मोदी ने दुनिया के सामने विकास का मॉडल पेश किया

### विकसित भारत के लिए पीएम की अहम भूमिका



गृहमंत्री शाह ने नए विचारों और रणनीतिक निवेशों के जरिए राज्य और देश की अर्थव्यवस्था दोनों को मजबूत बनाने वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के अहम योगदान को स्वीकार करते हुए कहा कि गुजरात को एक नीति-संचालित राज्य में बदलने में, राज्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने में पीएम मोदी की अहम भूमिका रही। शाह ने कहा कि वे गुजरात को एक विकसित भारत के प्रवेश द्वार के रूप में देखते हैं और दो दशक पहले शुरू की गई इस पहल की गति को बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया।

### 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' पर भी डाला प्रकाश

शाह ने जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारत के नारे, 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' की गूंज पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्राचीन वैदिक मंत्र 'वसुधैव कुटुंबकम' दुनिया के लिए एक मार्गदर्शक सिद्धांत बन गया है, जिसने भारत को एक वैश्विक मित्र के रूप में स्थापित किया है। शाह ने विवेकानंद जयंती के अवसर पर याद करते हुए कहा भारत के आत्मविश्वास में स्वामी जी का बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आत्मविश्वास से भरे युवा एक महान भारत की नींव रख रहे हैं।

### भारत दुनिया की शीर्ष पांचवीं अर्थव्यवस्था में शामिल

पीएम मोदी द्वारा बनाई गई नीति-संचालित राज्य की संस्कृति की प्रशंसा करते हुए शाह ने भरोसा जताया कि दुनिया भर के निवेशक निवेश के लिए गुजरात और भारत को पसंद करेंगे। उन्होंने पीएम के बुनियादी ढांचे में बदलाव के महत्व पर कहा कि ये सुधार भारत में चल रहे आर्थिक परिवर्तन की आधारशिला बन गए हैं। 9 वर्षों में भ्रष्टाचार मुक्त शासन के जरिए विश्व स्तर पर शीर्ष 5वीं अर्थव्यवस्था में शामिल होने तक की यात्रा पर प्रकाश डाला।

### निवेशकों को ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन के लिए किया प्रोत्साहित

भविष्य के आर्थिक क्षेत्रों में भारत की अग्रणी भूमिका पर जोर देते हुए शाह ने विद्युत वाहनों, बैटरी, हरित विकास, जैव ईंधन, इथेनॉल, अंतरिक्ष अन्वेषण और डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे का उल्लेख किया। उन्होंने इन प्रगतियों के लिए अनुकूल माहौल बनाने के लिए पीएम मोदी के मार्गदर्शन की सराहना की। भारत को शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में वैश्विक नेता बनाने की प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। गृहमंत्री शाह ने उद्योगपतियों और निवेशकों को ग्रीन हाइड्रोजन ट्रांजिशन कार्यक्रम के लिए रणनीतिक हस्तक्षेप और भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र में विशाल संभावनाओं का उल्लेख किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने वकील को दिया आदेश

# आप सभी जजों से बिना शर्त माफी मांगो, वर्ना कार्रवाई



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने एक वकील से सभी जजों से माफी मांगने को कहा। अदालत ने शुक्रवार को एक वकील को उन न्यायाधीशों से बिना शर्त माफी मांगने को कहा, जिन्हें उसने निशाना बनाया था। वकील को दिल्ली हाई कोर्ट और राजधानी की जिला अदालतों के कई न्यायाधीशों के खिलाफ दुर्भावनापूर्ण, अवांछित और बेबुनियाद टिप्पणियां करने को लेकर आपराधिक अवमानना का दोषी ठहराया गया था। वकील को 6 महीने की कैद की सजा सुनाई थी।

दिल्ली हाई कोर्ट ने 9 जनवरी को वकील को अदालत की अवमानना का दोषी ठहराया था और 6 महीने कैद की सजा सुनाई थी, साथ ही 2000 का जुर्माना भी लगाया था। हाई कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया था कि संबंधित वकील को हिरासत में लिया जाए और उसे तिहाड़ जेल अधीक्षक को सौंप दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली एक पीठ ने इस वकील की याचिका पर सुनवाई की।

### वकील को दिया गया था माफी का मौका

सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि वकील ने एक याचिका में जो अवमाननापूर्ण आरोप लगाए थे, उसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी वकील को माफी मांगने का एक अवसर दिया था लेकिन वकील ने कहा कि उसने जो भी आरोप लगाए थे, वह उन पर वह कायम है। आरोपी वकील का पक्ष रखते हुए एक वकील ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि याचिकाकर्ता माफी मांगने को तैयार है।

### बिना शर्त माफी वाला हलफनामा दें

पीठ ने कहा कि हम निर्देश देते हैं कि याचिकाकर्ता अगर इतना ही इच्छुक है तो हाई कोर्ट और जिला न्यायपालिका के उन जजों के सामने बिना शर्त माफी वाला हलफनामा दे, जिनके खिलाफ उसने आरोप लगाए थे। पुलिस-प्रशासन याचिकाकर्ता को उन एक-एक जज के सामने पेश करने का इंतजाम करेगा जिनके सामने माफीनामा दिया जाना है। उच्चतम न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 16 जनवरी के लिए तय की है।

## नीति आयोग और डब्ल्यूएफपी ने किया लॉन्च

# श्री अन्न पर आधारित 'प्रेरक' कहानियां जागरुकता बढ़ाएंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सहित कई देशों के अनुभवों को प्रदर्शित करने वाली क्षेत्रीय कहानियों का एक संग्रह नई दिल्ली में लॉन्च किया गया। यह संग्रह दुनिया भर में बाजरा को अपनाने पर क्षमता निर्माण और सर्वोत्तम तरीकों को अपनाने के लिए प्रेरित करेगा।

इस सार-संग्रह में श्रीअन्न (बाजरा) जैसी पारंपरिक जलवायु वाली फसलों के बारे में सीखने और निवेश करने में प्रेरणादायक कहानियों के जरिए दुनिया को मोटे अनाजों को लेकर जागरुकता फैलाने में मदद करेगा। एशिया और अफ्रीका में श्री अन्न को महत्व देने के लिए यह पहल अच्छी प्रथाओं को अपनाने और आदान-प्रदान करने के सफल कार्यान्वयन का प्रतीक है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सुमन बेरी ने कहा कि भारत ने बाजरा वर्ष 2023 के दौरान जलवायु लचीलापन, खाद्य सुरक्षा और छोटे किसानों, विशेषकर महिलाओं की आजीविका के लिए श्री अन्न या बाजरा को सफलतापूर्वक बढ़ावा दिया।



## सीएम सरमा का कांग्रेस पर हमला

# कांग्रेस 'बाबर' से प्रेम करती है नेहरू-राहुल मकबरे में जाते हैं

- अयोध्या न जाने के फैसले पर प्रतिक्रिया

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी



कांग्रेस ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने से इनकार करने के बाद असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने निशाना साधा है।

सरमा ने शनिवार को कहा कि भगवान राम और बाबर के बीच कांग्रेस हमेशा बाद वाले को ही चुनेगी। इसलिए 22 जनवरी को कांग्रेस ने राम मंदिर अभिषेक कार्यक्रम में शामिल होने से मना करके अच्छा किया है। नहीं तो उनकी मौजूदगी कार्यक्रम को खराब कर देती। इससे पहले भी सरमा ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा था कि उन्होंने अपने पिछले पापों को कम करने का अवसर खो दिया है। हिमंत ने कहा था कि पहले तो कांग्रेस नेताओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाना चाहिए था। हिमंत बिस्वा सरमा ने एक्स पर अफगानिस्तान के काबुल में बाबर के मकबरे पर राहुल गांधी की 2005 की एक तस्वीर भी साझा की।

# मुंबई के डोंबिवली में ऊंची इमारत में लगी आग



### 6 मंजिलें जलकर खाक हो गईं

*मुंबई। मुंबई के डोंबिवली में एक ऊंची इमारत में भीषण आग लग गई और आग पर काबू पाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। बचाव दल समय रहते सभी को बाहर निकालने में कामयाब रहे। आग लगने का कारण अभी भी पता नहीं चल पाया है। बताया जा रहा है कि आग शनिवार सुबह करीब 11 बजे लगी और 18वीं मंजिल तक फैल गई।*

## आईएनडीआईए गठबंधन में फिर तकरार आई सामने, प्रमुख पदों पर नियुक्ति पर फिर नहीं बनी बात

# नीतीश का संयोजक पद से इनकार, भाजपा ने किया 'वार'

### बिहार के सीएम बोले- अगर ऐसा है तो लालू यादव को ही बना दीजिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन के संयोजक बनने से नीतीश कुमार ने इनकार कर दिया है। संयोजक पद के लिए नीतीश के इनकार के बाद कुछ दलों ने लालू के नाम का प्रस्ताव दिया। नीतीश ने कहा कि ऐसा है तो लालू जी को ही बना दीजिए न।

लालू यादव सबसे वरिष्ठ हैं तो उन्हें गठबंधन का संयोजक क्यों नहीं बनाया जाना चाहिए? नीतीश ने कहा कि कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है इसलिए गठबंधन का चेयरमैन कांग्रेस के नेता को बनाना चाहिए। मैं गठबंधन के बिना भी विपक्ष की एकजुटता के लिए काम करूंगा।



### बैठक में ये नेता हुए शामिल

बैठक में गठबंधन को मजबूत करने, सीट बंटवारे के लिए रणनीति बनाने और गठबंधन का संयोजक बनाने पर चर्चा हुई। यह बैठक वर्चुअली हुई, जिसमें 10 पार्टियों के नेता एमके स्टालिन, शरद पवार, डी राजा, उमर अब्दुल्ला, राहुल गांधी, सीताराम येचुरी, लालू यादव-तेजस्वी यादव और अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए।

#### टीएमसी बोली

### बैठक के एजेंडे की जानकारी नहीं दी



ममता बेनर्जी के बैठक में शामिल न होने पर टीएमसी ने कहा कि उन्हें बैठक के लिए शॉर्ट नोटिस पर सूचना दी गई और साथ ही कांग्रेस ने बैठक के एजेंडे के बारे में भी कोई जानकारी नहीं दी। हाल के दिनों में यह दूसरी बार है जब टीएमसी ने कांग्रेस के साथ बैठक से इनकार किया है। मीडिया रिपोर्ट्स में कुछ और ही कहा जा रहा है।

#### अखिलेश रहे नदारद

### हर परिस्थिति के लिए रहें तैयार



बैठक में समाजवादी पार्टी की तरफ से कोई शामिल नहीं हुआ। लखनऊ में सपा ऑफिस में प्रवक्ताओं की बैठक में अखिलेश यादव ने कहा कि हमें किसी भी परिस्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए। हमने गठबंधन में हमेशा सबका सम्मान किया। भाजपा के खिलाफ लड़ाई बड़ी है। हमारा संगठन सभी 80 लोकसभा सीटों पर मजबूत है।

#### कांग्रेस-टीएमसी में जंग तेज

### ममता बेईमान और अहंकारी



पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर रस्साकशी चल रही है। बंगाल में टीएमसी कांग्रेस को दो सीटें दे रही है। इस बीच कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला है। मीडिया से बात करते हुए चौधरी ने ममता के बयान को अहंकार और उन्हें बेईमान करार दिया है। नियुक्ति पर खींचातानी मची है।

#### पवार ने बताया क्या हुआ ?


### नीतीश संयोजक की जिम्मेदारी लें



एनसीपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में गठबंधन की एक बैठक हुई। हमारे बीच चर्चा हुई कि हम सभी जल्द से जल्द सीट शेयरिंग पर फैसला लेंगे। सुझाव दिया गया कि नीतीश को संयोजक के रूप में जिम्मेदारी लेनी चाहिए। बताया जा रहा है कि सबसे पहले दिल्ली की सीटों पर चर्चा की जा सकती है।

#### अनुराग ने साधा निशाना

### केजरीवाल भ्रष्टाचारियों के साथ



मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि जो लोग कभी कांग्रेस के भ्रष्टाचार और देश से भ्रष्टाचार हटाने की बात करते थे वे आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। आज उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद सब जेल में हैं। किसी को बेल नहीं मिल रही। केजरीवाल ने सिर्फ भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाई है। जब जांच होती है तो यह लोग भागने का काम करते हैं। इंडी एलाइंस पर कहा कि आज घमंडियां गठबंधन का अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है। एक नेता दूसरे से बात नहीं करता। बंगाल में ही अधीर रंजन चौधरी कुछ और कहते हैं, ममता बेनर्जी कुछ और कहती हैं। इनके पास न नेता है, न नीति है, न नीयत है।



**जैसे-जैसे 22 जनवरी को होने जा रही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन करीब आ रहे हैं, देश में सियासी पारा गर्म होता जा रहा है। कांग्रेस ने आधे अधूरे मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा और धर्म को निजी मामला बता कर आमंत्रण को ठुकरा दिया है और अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शरीक होने से इनकार कर दिया है। राजनीतिक जानकार इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण राजनीति मान रहे हैं। कांग्रेस के इस फैसले पर जहां सोशल मीडिया में # हिंदू विरोधी काफी ट्रेंड हो रहा है, वहीं भाजपा उस पर हमलावर है। कांग्रेस के समय ही राम जन्म भूमि प्रांगण का ताला खुला था, अयोध्या में राम जन्म भूमि पर फैसला सुप्रीम कोर्ट ने दिया था, रामलला के मंदिर का निर्माण ट्रस्ट जनसहयोग से कर रहा है, इसके बावजूद कांग्रेस इसे भाजपा व संघ का कार्यक्रम बता रही है। क्या कांग्रेस 22 को अयोध्या इसलिए नहीं जाना चाहती है क्योंकि उसे अल्पसंख्यक वोट खोने का डर है, क्या उसे बहुसंख्यक की भावना का कद्र नहीं है? इन तमाम राजनीतिक पहलुओं का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# बहिष्कार की सियासत से किन्हें तुष्ट कर रही कांग्रेस



राम मंदिर
सुशील राजेश
वरिष्ठ पत्रकार

**कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के लिए राम मंदिर समारोह 'अधूरे मंदिर की सियासत' है, लेकिन उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ जो 50 कांग्रेसी नेता मकर संक्रान्ति के अगले ही दिन अयोध्या की सरयू नदी में डुबकी लगाने और फिर 'राम लला' की पुरानी प्रतिमा के दर्शन करने जा रहे हैं, उनके रामवाद और हिन्दुत्व की परिभाषा क्या है? कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी बयान दिया है कि वह 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाएंगे और प्रभु राम के दर्शन करेंगे। उसका फोटो भी सोशल मीडिया पर डालेंगे। पूर्व मुख्यमंत्रियों-कमलनाथ और अशोक गहलोत-ने भी सुविधा के मुताबिक अयोध्या जाने की बात कही है। सवाल है कि कांग्रेस में राम मंदिर को लेकर ऐसा विरोधाभास और द्वन्द्व क्यों है?**

अयोध्या के श्रीराम मंदिर और गुजरात के सोमनाथ मंदिर में कुछ समानताएं हैं। तब सोमनाथ मंदिर का उद्घाटन करने देश के प्रथम राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद और प्रथम गृहमंत्री सरदार पटेल गए थे। प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू इसके पक्षधर नहीं थे कि राष्ट्रपति मंदिर का उद्घाटन करें और सोमनाथ मंदिर को इतना भव्य, दिव्य बनाया जाए। राष्ट्रपति और गृहमंत्री ने अपनी हिन्दूवादी भावनाओं का हवाला दिया और मंदिर का उद्घाटन किया। अब अयोध्या में राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'यजमान' के रूप में उपस्थित होंगे। प्रभु राम के नेत्रों में काजल सजाने से लेकर 56 भोग परोसने तक प्रधानमंत्री की भूमिका रहेगी। प्रधानमंत्री सभी विधि-विधान निभाएंगे। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस समेत कई दलों के नेताओं ने समारोह का बहिष्कार किया है। यह राम मंदिर का नहीं, भारतीय संस्कृति का भी नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी और संघ परिवार की सियासत का विरोध है। यह विपक्ष की सद्भावना और सोच ही है। कांग्रेस में तो बहिष्कार की पारिवारिक परंपरा रही है। नेहरू, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी तो देश के प्रधानमंत्री रहे, लेकिन अयोध्या के राम मंदिर में कभी भी झांक कर नहीं देखा। सोनिया गांधी और राहुल गांधी कांग्रेस अध्यक्ष तथा उप्र से सांसद रहे, लेकिन अयोध्या के राम मंदिर का विरोध करते रहे। कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान पार्टी ने श्रीराम को 'काल्पनिक' माना और 'राम-सेतु' के खिलाफ हलफनामा सर्वोच्च अदालत में दिया। कांग्रेसी 'चुनावी हिन्दू' हैं, अलबत्ता वे तो खुद को 'मुस्लिम पार्टी' मानते रहे हैं। उनसे राम मंदिर में आने की अपेक्षा क्यों और कैसे की जानी चाहिए? चाहे आमंत्रित हों।

## कांग्रेस के भीतर विरोधाभास व द्वंद्व क्यों

राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र न्यास ने सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, अधीर रंजन चौधरी आदि को आमंत्रण भेजा है। कांग्रेस ने धर्म को 'निजी मामला' मानते हुए आमंत्रण को अस्वीकार कर दिया। कांग्रेस की आरोपिया दलीलें भी हैं कि श्रीराम के 'अधूरे मंदिर' का उद्घाटन किया जा रहा है, जो अशुभ माना जाता है। दिग्विजय सिंह सरीखे कांग्रेसी तो धर्माचार्य भी हो गए हैं। कांग्रेस ने इसे आरएसएस-भाजपा का कार्यक्रम माना है और ऐसा 'राजनीतिक लाभ' के लिए किया जा रहा है। कांग्रेस ने शंकराचार्यों द्वारा भी आमंत्रण अस्वीकार करने की आड़ ली है, जो 'अर्द्धसत्य' है। शंकराचार्य विजयेन्द्र सरस्वती की टीम प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया का एक हिस्सा है। इसके अलावा, दो शंकराचार्यों ने अपनी स्वीकृति भेजी है कि वे 22 जनवरी के पावन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शेष दो शंकराचार्यों के अपने कोई कारण होंगे, लेकिन किसी भी शंकराचार्य ने प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा को खारिज नहीं किया है। कांग्रेस ऐसी 'ओछी राजनीति' न करे और शंकराचार्यों को किसी राजनीतिक विवाद में घसीटना नहीं चाहिए। वे आध्यात्म और दर्शन के



शिखर-पुरुष हैं। वे वहीं काम करें। कांग्रेस के शीर्षस्थ नेताओं के लिए राम मंदिर समारोह 'अधूरे मंदिर की सियासत' है, लेकिन उप्र कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के साथ जो 50 कांग्रेसी नेता मकर संक्रान्ति के अगले ही दिन अयोध्या की सरयू नदी में डुबकी लगाने और फिर 'राम लला' की पुरानी प्रतिमा के दर्शन करने जा रहे हैं, उनके रामवाद और हिन्दुत्व की परिभाषा क्या है? कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने भी बयान दिया है कि वह 22 जनवरी के बाद अयोध्या जाएंगे और प्रभु राम के दर्शन करेंगे। उसका फोटो भी सोशल मीडिया पर डालेंगे। हिमाचल के कांग्रेसी मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी अयोध्या के समारोह में शामिल होंगे। पूर्व मुख्यमंत्रियों-कमलनाथ और अशोक गहलोत-ने भी सुविधा के मुताबिक अयोध्या जाने की बात कही है। सवाल है कि कांग्रेस में ऐसा विरोधाभास और द्वन्द्व क्यों है?

## प्राण-प्रतिष्ठा संघ का कार्यक्रम नहीं

कांग्रेस ऐसे आध्यात्मिक और ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा बने या राजनीतिक कारणों से बहिष्कार करे, यह उसकी सोच है। हालांकि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि राम में आस्था रखने वाले लोग आज भी, कल भी, परसों भी अयोध्या जा सकते हैं। हम किसी धर्म, गुरु और भगवान के खिलाफ नहीं हैं। दरअसल कांग्रेस हिन्दूवाद का विरोध भी करना चाहती है और ऐसा व्यक्त भी नहीं होने देना चाहती। यह उसका वैचारिक द्वन्द्व है, लेकिन 22 जनवरी का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम संघ परिवार का ही नहीं है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनना चाहिए, यह सर्वोच्च अदालत की पांच न्यायाधीशों की पीठ का निर्णय था। कांग्रेस ने भी उस फैसले को स्वीकार किया था। संविधान पीठ ने ही प्रधानमंत्री को निर्देश दिए थे कि वह मंदिर निर्माण के लिए एक ट्रस्ट का गठन करें। कैबिनेट में यह फैसला लिया गया और न्यास का गठन किया गया। यदि अयोध्या में भाजपा-विहिप के नेता और कार्यकर्ता सक्रिय दिख रहे हैं, तो उसमें क्या गलत है? संघ परिवार ने राम मंदिर के लिए बेहद लंबा संघर्ष किया है, आंदोलन में कारसेवकों ने कुर्बानियां दी हैं। यदि इतने व्यापक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और उनकी टीम शामिल नहीं होगी, तो आम बंदोबस्त से लेकर सुरक्षा-व्यवस्था तक की जिम्मेदारी किसकी होगी? कोई अनहोनी हो गई, तो जवाबदेही किसकी होगी? प्रशासन के लिए भाजपा को लोकतांत्रिक जनादेश मिला है। यदि कांग्रेस, सपा, तृणमूल, वामपंथी दलों, शरद पवार की एनसीपी, लालू के राजद और नीतीश कुमार आदि को समारोह का बहिष्कार करना है, तो कोई नई बात नहीं है, क्योंकि उनके निशाने पर पीएम मोदी हैं।

## कांग्रेस का 'मुस्लिम तुष्टिकरण'

दरअसल बुनियादी कारण राजनीतिक है। यह तो स्पष्ट है कि अधिकतर उत्तरी भारत के राज्यों में कांग्रेस के पक्ष में 50 फीसदी तक मुस्लिम वोट आते रहे हैं। औसतन सबसे अधिक मुसलमान कांग्रेस को ही वोट देते हैं। यह कर्नाटक और तेलंगाना के चुनावों से भी स्पष्ट हो चुका है। आखिर 'मुस्लिम तुष्टिकरण' की निश्चित राजनीति को कांग्रेस कैसे गंवा सकती है? हिन्दुओं के वोट कांग्रेस के पक्ष में परंपरागत ही रह गए हैं। जहां भाजपा के साथ उसका सीधा चुनावी मुकाबला है, उन सीटों पर 70 फीसदी से अधिक हिन्दू भाजपा को ही वोट देते हैं। 2019 के आम चुनाव में अपर कास्ट हिन्दुओं के करीब 60 फीसदी, ओबीसी हिन्दुओं के करीब 55 फीसदी और आदिवासी-दलित हिन्दुओं के भी भरपूर वोट भाजपा के पक्ष में आए थे। चूंकि राम मंदिर का मुद्दा इतना बड़ा और सशक्त बन गया है कि बेशक हिन्दुओं के वोट भाजपा की झोली भर देंगे। कांग्रेस और विपक्ष के ज्यादातर बड़े नेता 'जालीदार टोपी' पहन कर इफ्तार पार्टियों में शिरकत करते रहे हैं, हालांकि वे मुसलमान नहीं हैं। यह भी सियासत का एक रंग है। तो फिर राम मंदिर का बहिष्कार क्या उन्हें 'धर्मनिरपेक्ष' बना देगा? यथार्थ यह है कि कांग्रेस सोच और सियासत के स्तर पर हिन्दू-विरोधी या राम-विरोधी नहीं है, कांग्रेसी भी मंदिरों में जाने और पूजा-पाठ करने का ढोंग रचते रहे हैं, लेकिन वे घोर मोदी-विरोधी हैं, लिहाजा उनके प्रत्येक सकारात्मक कदम का विरोध करना उनकी सियासी मजबूरी है। कांग्रेस के 'आदिपुरुष' महात्मा गांधी की दिनचर्या 'राम नाम' से ही शुरू होती थी। क्या वह 'संघी' या 'भाजपाई' थे?

## सनातन ही हिंदुस्तान की सांस्कृतिक पहचान

अब देश के गांव-गांव, गली-मुहल्ले 'राममय' हो चुके हैं। प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह 'राष्ट्रोत्सव' के तौर पर घोषित हुआ है और मनाया भी जा रहा है। करीब 500 साल के विदेशी आक्रांताओं के कब्जे, संघर्षों, बलिदानों, गुलामी के बाद एक सांस्कृतिक स्वप्न, संकल्प साकार हो रहा है। राम सबके हैं और सभी राममय हैं। प्रभु राम अपनी नई अयोध्या में लौट रहे हैं और महलनुमा भव्य मंदिर में विराजमान होंगे। श्रीराम कण-कण में व्याप्त हैं और सनातन के प्रतीक हैं। सनातन ही हिन्दुस्तान की पहचान है। आसुरी तत्व त्रेता में भी थे और आज भी हैं। राम ही उनका उद्धार करेंगे। प्रभु राम प्रथम धर्मनिरपेक्ष और स्वीकारवादी भगवान हैं। राम ही सनातन संस्कृति के पूज्य 'आध्यात्मिक आदिपुरुष' हैं। ऐसा पहली बार हुआ है कि देश के प्रधानमंत्री ने 11 दिन का 'विशेष अनुष्ठान' आरंभ किया है। तपस्वियों और मनीषियों ने उन्हें कठोर यम-नियम सुझाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि वह भावुक और भाव-विह्वल हैं। उनके लिए यह कल्पनातीत अनुभूतियों का समय है, जिन्हें वह 140 करोड़ भारतीयों के साथ साझा अनुभूत करना चाहते हैं। इस अवसर पर करोड़ों भारतीयों की दुआएं और ऊर्जा भी समन्वित होकर एक 'आत्मिक पुंज' का आकार लेंगी। उद्घाटन करने वाले नेता या सिर्फ वोट बटोरने की राजनीति करने वाले नेता इतने लंबे, कष्टकारक, निर्जल, व्रत वाले अनुष्ठान नहीं किया करते। क्या सोनिया-राहुल गांधी ने इसके अंश अनुष्ठान भी कभी किए हैं? कमोबेश राम मंदिर का मुद्दा ऐसा है, जिसका न तो विरोध और न ही बहिष्कार किया जाना चाहिए। आज मुसलमान भी खुद को 'राम के वंशज' मान रहे हैं। राम-भक्तों के लिए भंडारा आयोजित कर रहे हैं। आयोजनों पर फूल बरसा रहे हैं। राम तो ब्रह्मांड के प्रतीक हैं, लिहाजा अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी आदि गैर-हिन्दूवादी देश भी 'राममय' हो रहे हैं। अब सनातन के चिह्नों का पुनरोत्थान आरंभ हुआ है, तो यह अयोध्या के पार भी जाएगा। दरअसल ऐसे ही हिन्दूवादी प्रयास 'असली धर्मनिरपेक्षता' हैं। संविधान भी उन्हें स्वीकार करता है। कांग्रेस का जो भी तर्क हो।

# विश्व में जिनका मुकाबला नहीं उनका नाम है जगतगुरु रामभद्राचार्य



शख्सियत
प्रभात झा
पूर्व सांसद एवं पूर्व भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

विश्व में लगभग एक अरब दिव्यांग हैं। इसी के अंतर्गत भारत में भी लगभग तीन करोड़ से अधिक दिव्यांगों की संख्या है। इन्हें पहले विकलांग कहा जाता था। नरेंद्र मोदी जब प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने 2 दिसम्बर 2015 को अपने 'मन की बात' कार्यक्रम में शारीरिक रूप से अक्षम लोगों को 'दिव्यांग' नाम से संबोधित करने का निर्णय बताया। विश्व पटल पर जब दिव्यांगों के बारे में विचार करते हैं तो देखने में आता है कि ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका, जर्मनी, अमेरिका, ब्रिटेन सहित अनेक देशों में दिव्यांगों ने कहीं गणित तो कहीं भौतिकी, कहीं मीडिया, कहीं संगीत के क्षेत्र में असाधारण उपलब्धि हासिल की है। यहां तक कि एक दिव्यांग को कार्यक्षेत्र में 'नोबेल पुरस्कार' भी मिला।

लेकिन जब भारत में दिव्यांगों की चर्चा शुरू होती है तो एक ऐसे व्यक्तित्व का नाम उभरकर आता है जो न केवल 140 करोड़ भारतीयों के लिए बल्कि विश्व के करोड़ों लोगों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत करते हैं। उनके जीवन से न केवल दिव्यांग, बल्कि करोड़ों सर्वांग व्यक्तियों को प्रेरणा मिलती है। भारत के उस व्यक्तित्व का नाम है जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य। उनको कोई दृष्टि बाधित या दिव्यांग कहता है, तो कहते हैं कि मुझे यह अच्छा नहीं लगता। मैने अपनी इन्हीं आंखों से साक्षात भगवान मर्यादा पुरूषोत्तम के बाल्यकाल रूप को देखा है। 14 जनवरी 1950 को उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के शांडिल्य खैर गांव में जन्मे, जिनका पूर्व में नाम डॉ. गिरिधर लाल मिश्र था, वे जन्म के दो माह बाद ही अपने दोंनों आंखों की ज्योति खो चुके थे, लेकिन उन्होंने साहस नहीं खोया। 14 जनवरी से वे अयोध्या में नौ दिनों तक अमृत महोत्सव मनाएंगे।

पूज्य रामभद्राचार्य जी के जीवन के अतीत का जब अध्ययन करते हैं तो लगता है कि ईश्वर ने उन्हें साक्षात अपनी शक्ति प्रदान की है। उन्होंने जीवन में कभी भी ब्रेल लिपि का उपयोग नहीं किया। जब वे पांच वर्ष के हुए तो श्रीमदभगवत गीता और सात वर्ष की आयु में श्रीरामचरितमानस पूरी तरह से कंठस्थ कर लिया था। आरंभ से आचार्य (परास्नातक) तक सभी कक्षाओं में प्रथम श्रेणी एवं प्रथम स्थान प्राप्त किया। संपूर्णानंद संस्कृत विश्विद्यालय वाराणसी से शास्त्री तथा आचार्य में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। तदुपरांत पीएचडी शोध के बाद धर्म सम्राट स्वामी करपात्री जी के निर्देश पर रामानंद संप्रदाय में विरक्त दीक्षित होकर जगतगुरु रामभद्राचार्य के पद पर सर्वसम्मति से मूर्धाभिषेक हुए। ऐसे विलक्षण साहित्यकार जिनकी पुस्तकों का लोकार्पण देश के दो सबसे लोकप्रिय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी तथा नरेंद्र मोदी ने किया। 240 ग्रंथों का प्रणयन जिसमें चार महाकाव्य सहित साहित्य के सभी विधाओं में रचनाएं रची गईं। साहित्य के क्षेत्र में सबसे प्रतिष्ठित सम्मान साहित्य अकादमी से 2005 में सम्मानित किए गए।

19 नवम्बर 1992 को चित्रकूट मध्य प्रदेश में श्रीतुलसीपीठ की स्थापना रामभद्राचार्य जी द्वारा की गई। श्री तुलसी प्रज्ञाचक्षु दिव्यांग उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की स्थापना की गई। उसके बाद विश्व स्तर पर दिव्यांगों के लिए जगतगुरु रामभद्राचार्य ने विश्वविद्यालय की स्थापना की। यह विश्व का पहला दिव्यांग विश्वविद्यालय है, जहां से अब तक पांच हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर देश के खासकर उत्तर प्रदेश के अनेक उच्च स्थानों पर पदस्थ हैं। विकलांग विश्वविद्यालय की स्थापना 2001 में की गई। इसके पश्चात श्री गीता ज्ञान मन्दिर राजकोट गुजरात की स्थापना भी उनके द्वारा की गई। वशिष्ठ अयनम हरिद्वार उत्तराखण्ड की स्थापना भी उनके द्वारा की गई। साहित्य तथा सामाजिक योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा 2015 में उन्हें पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया। जगतगुरु रामभद्राचार्य विकलांग विश्वविद्यालय के वे जीवनपर्यंत कुलाधिपति बने रहेंगे। भारत सरकार के स्वच्छता अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उन्हें नौ रत्नों में शामिल किया गया।



### 14 जनवरी से अयोध्या में स्वामी जी का अमृत महोत्सव प्रारंभ

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जब रामजन्मभूमि मामले पर बहस चल रही थी, तो मुस्लिम पक्ष ने ये सवाल खड़ा किया कि अगर बाबर ने राममंदिर तोड़ा तो तुलसीदास ने जिक्र क्यों नहीं किया। हिंदू पक्ष के लिए संकट खड़ा हो गया, लेकिन तब संकट मोचन बने श्रीरामभद्राचार्य जी। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15 जुलाई 2003 को गवाही दी और तुलसीदास के दोहाशतक में लिखे उस दोहे को जज साहब को सुनाया, जिसमें बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा राम मंदिर को तोड़ने की बात कही गई है। जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य ने दृष्टि बाधित होने के बावजूद 75 वर्ष के अपने अमृतकाल में जो कुछ किया है, वह विश्व में भारत की संस्कृति एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए अद्वितीय, अतुलनीय और अस्मरणीय है।

भौतिक नेत्र न होते हुए भी, ब्रेल लिपि के बिना उपयोग के अब तक वे 1275 से अधिक श्रीरामचरितमानस पर कथा प्रवचन कर चुके हैं और श्रीमद्भागवत पर 1115 से अधिक कथा वाचन अभी तक कर चुके हैं। धारा प्रवाह संस्कृत संभाषण में विश्व में उनका कोई जोड़ नहीं है। वे एक घंटे में 100 श्लोक बनाने की क्षमता रखते हैं। दर्शनए काव्य एवं लेखन अप्रतिहर्त गति उन्हें प्रदान है। तत्काल समस्या पूर्ति पर संस्कृत, हिंदी आदि भाषाओं में वे श्लोक एवं अन्य विधा रच लेते हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ न्यूयॉर्क में आयोजित विश्व शांति शिखर सम्मेलन में सोलह मिनट का उनका ऐतिहासिक भाषण संपन्न हुआ था। वे 22 भाषाओं के ज्ञाता हैं। विश्व में अनेक राष्ट्रों में उनकी कथाएँ संपन्न हुई हैं। भारतीय वांगमय के लगभग डेढ़ लाख पृष्ठ वे लिख चुके हैं। उनके मस्तिष्क में डेढ़ लाख से अधिक श्लोक रचा-बसा हुआ है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शैक्षिक विषय में शोध करने की उन्हें अनुमति प्रदान की गई है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जब रामजन्मभूमि मामले पर बहस चल रही थी, तो मुस्लिम पक्ष ने ये सवाल खड़ा किया कि अगर बाबर ने राममंदिर तोड़ा तो तुलसीदास ने जिक्र क्यों नहीं किया। हिंदू पक्ष के लिए संकट खड़ा हो गया, लेकिन तब संकट मोचन बने श्रीरामभद्राचार्य जी। उन्होंने इलाहाबाद उच्च न्यायालय में 15 जुलाई 2003 को गवाही दी और तुलसीदास के दोहाशतक में लिखे उस दोहे को जज साहब को सुनाया, जिसमें बाबर के सेनापति मीर बाकी द्वारा राम मंदिर को तोड़ने की बात कही गई है। दोहा इस प्रकार हैः

रामजन्म मंदिर महिं मंदिरहि तोरि मसीत बनाय।
जबहि बहु हिंदुन हते, तुलसी कीन्ही हाय।।
दल्यो मीर बाकी अवध, मंदिर राम समाज।
तुलसी रोवत हृदय अति, त्राहि त्राहि रघुराज।।

जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य जी बताते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर होने के 437 प्रमाण न्यायालय को दिए गए हैं। वे प्राचीन ग्रंथों का उल्लेख करते हुए बताते हैं कि वाल्मीकि रामायण के बाल खंड के आठवें श्लोक से श्रीराम जन्म के बारे में जानकारी शुरू होती है। यह सटीक प्रमाण है। इसके बाद स्कंद पुराण में राम जन्म स्थान के बारे में बताया गया है। इसके मुताबिक राम जन्म स्थान से 300 धनुष की दूरी पर सरयू माता बह रही हैं। एक धनुष चार हाथ का होता है। आज भी यदि नापा जाए तो जन्म स्थान से सरयू नदी उतनी ही दूरी पर बहती दिखेगी। इसके पूर्व अथर्व वेद के दशम कांड के 31वें अनु वाक्य के द्वितीय मंत्र में स्पष्ट कहा गया है कि 8 चक्रों व नौ प्रमुख द्वार वाली श्री अयोध्या देवताओं की पुरी है। उसी अयोध्या में मंदिर महल है। उसमें परमात्मा स्वर्ग लोक से आए। रामभद्राचार्य जी बताते हैं कि वेद में भी श्रीरामजन्म का स्पष्ट प्रमाण है। ऋग्वेद के दशम मंडल में इसका प्रमाण है। रामचरितमानस में बहुत ही स्पष्ट लिखा है। तुलसी शतक में कहा गया है कि बाबर के सेनापति व दुष्ट यवनों ने राम जन्मभूमि के मंदिर को तोड़कर मस्जिद का ढांचा बनाया और बहुत से हिंदुओं को मार डाला। तुलसीदास जी ने तुलसी शतक में इस पर दुख भी प्रकट किया था। मंदिर तोड़े जाने के बाद भी हिंदू साधु रामलला की सेवा करते थे।


स्वामी रामभद्राचार्य जी ने प्रमाणों से इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीशों को चकित कर दिया कि श्री रामलला अयोध्या उसी विवादित स्थल पर विराजते हैं। उनके दिए गए तर्कों के तारतम्य में ही उच्चतम न्यायालय में भी बहस हुई तो अधिवक्ताओं ने उनके द्वारा प्रस्तुत तथ्यों को न्यायाधीशों के सामने प्रस्तुत किया। यह कहने में कोई संकोच नहीं कि श्रीरामजन्मभूमि पर ही अयोध्या में श्री रामलला विराजते हैं, के पक्ष में निर्णय लेने में रामभद्राचार्य जी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। यह जगजाहिर है कि वे संकल्प के प्रति इतने दृढ़ रहते हैं कि उन्होंने वृंदावन में अनेक बार कथा की लेकिन भगवान बांके बिहारी के दर्शन करने नहीं गए। उन्होंने प्रण लिया है कि 'जब तक श्रीकृष्ण जन्मभूमि विवाद समाप्त नहीं होगा तब तक मैं वहां दर्शन करने नहीं जाऊंगा'।

बिहार के सीतामढ़ी जिले में शहर से तीन किलोमीटर दूरी पर स्थित पुनौराधाम मां जानकी (सीताजी प्राकट्यस्थल है, यह शास्त्रों के आधार पर सिद्ध किया जा चुका है। उन्होंने मुझे बुलाकर कहा कि 'मैं यहां पर तब तक जानकी नवमी में कथा करता रहूंगा जब तक यहां स्थित मन्दिर का जीर्णोद्धार नहीं होगा और यह धार्मिक पर्यटन स्थल नही बन जाएगा1' उनके कहने पर मैंने राज्यसभा में यह विषय उठाया। विश्व के सामने यह बात पहली बार आई कि जगत जननी मां मिथलेश्वरी का प्राकट्यस्थल पुनौराधाम है। स्वतंत्रता के बाद पहली बार यह हुआ कि गुरुजी और मेरे आग्रह पर बिहार के तत्कालीन राज्यपाल डॉ. रामनाथ कोविंद, जो बाद में देश के राष्ट्रपति बने, तथा जानकी नवमी पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पुनौराधाम पधारे थे। गुरुजी एवं सीतामढ़ीवासियों सहित मिथिला सहित विश्व के एक-एक व्यक्ति के मन में यह गर्व है कि 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा होने जा रही है। लेकिन करोड़ों मिथिलावासियों और देशवासियों के मन में यह विचार अभी तक बना हुआ है कि मां सीता प्राकट्यस्थल का जीर्णोद्धार वृहद रूप से कब प्रारम्भ होगा और अयोध्या धाम की तरह कब पुनौराधाम कब बनेगा? गुरु जी अक्सर कहते हैं कि ' बिना राम के सीता नहीं और बिना सीता के राम नहीं'। पीएम मोदी भी कभी जय श्रीराम नहीं कहते बल्कि वे कहते हैं जय सियाराम।

सीया राममय सब जग जानी।
करउँ प्रनाम जोरि जुग पानी।।
जानि कृपाकर किंकर मोहू।
सब मिलि करहु छाड़ि छल छोहू।।

जगतगुरु स्वामी रामभद्राचार्य विश्व में न केवल दिव्यांगों की, बल्कि करोड़ों लोगों के आराध्य हैं। इसलिए आराध्य हैं कि दृष्टि बाधित होने के बावजूद जो उन्होंने 75 वर्ष के अपने अमृतकाल में जो कुछ किया है, वह विश्व में भारत की संस्कृति एवं सांस्कृतिक जागरण के लिए अद्वितीय, अतुलनीय और अस्मरणीय है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 27 अक्टूबर 2023 को जब चित्रकूट पहुंचे, तो उन्होंने कहा कि 'रामभद्राचार्य जी हमारे भारत राष्ट्र के धरोहर हैं'।

# आंदोलन को सिरे चढ़ाने वालों को भी हमें याद रखना होगा



राम मंदिर
मनोज कुमार अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

अयोध्या में भव्य राम मंदिर बनने की यात्रा बिल्कुल आसान नहीं थी। विवाद हुए। हिंसा हुई। कारसेवकों की जानें गईं। पांच सदी लंबे संघर्ष में हजारों नाम अनाम रामभक्तों ने सिर्फ जन्मभूमि स्थान के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। आखिरकार आस्था की जीत हुई और अदालत ने राम मंदिर के पक्ष में फैसला सुनाया।

राम मंदिर आंदोलन को 1990 के दशक में भाजपा ने अपना समर्थन दिया और भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं कार्यकर्ताओं ने रामजन्म मुक्ति आंदोलन को सफल बनाने के लिए सक्रिय योगदान किया। इस समूचे आंदोलन में कुछ ऐसे चेहरे हैं जिनके योगदान को भुला पाना सम्भव नहीं। मंदिर निर्माण आंदोलन चलाने के लिए जनसमर्थन जुटाने में अशोक सिंघल की अहम भूमिका रही। कई लोगों की नजरों में वह राम मंदिर आंदोलन के 'चीफ़ आर्किटेक्ट' थे। लाल कृष्ण आडवाणी ने सोमनाथ से अयोध्या तक रथयात्रा शुरू की थी। हालांकि बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने समस्तीपुर ज़िले में उन्हें गिरफ्तार कर लिया था। चार्जशीट के अनुसार, आडवाणी ने छह दिसंबर 1992 को कहा था, ''आज कारसेवा का आख़िरी दिन है।'' आडवाणी के ख़िलाफ़ विवादित ढांचा गिराने की साज़िश का लम्बे समय तक आपराधिक मुक़दमा चला।

1992 में विवादित ढांचा विध्वंस के समय मुरली मनोहर जोशी आडवाणी के बाद भाजपा के दूसरे बड़े नेता थे। छह दिसंबर 1992 को घटना के समय वह विवादित परिसर में मौजूद थे। गुंबद गिरने पर उमा भारती उनसे गले मिली थीं। इस समय वे भाजपा के मार्गदर्शक मंडल में हैं। छह दिसंबर 1992 को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री कल्याण सिंह थे। उन पर आरोप था कि उनकी पुलिस और प्रशासन ने जान-बूझकर कारसेवकों को नहीं रोका। कल्याण सिंह का नाम उन 13 लोगों में शामिल था जिन पर विवादित ढांचा को गिराने की साज़िश करने का आरोप लगा था।

राम मंदिर आंदोलन के लिए 1984 में 'बजरंग दल' का गठन किया गया था और पहले अध्यक्ष के तौर पर उसकी कमान संघ ने विनय कटियार को दी थी। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जन्मभूमि आंदोलन को आक्रामक बनाया। छह दिसंबर के बाद कटियार का राजनीतिक क़द तेजी से बढ़ा। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव भी बने। वे फ़ैज़ाबाद (अयोध्या) लोकसभा सीट से तीन बार सांसद चुने गए।

विवादित ढांचा विध्वंस केस में साध्वी ऋतंभरा के ख़िलाफ़ आपराधिक साज़िश के आरोप तय किए गए थे। अयोध्या आंदोलन के दौरान उनके उग्र भाषणों के ऑडियो कैसेट पूरे देश में सुनाई दे रहे थे।

विश्व हिंदू परिषद के दूसरे नेता प्रवीण तोगड़िया राम मंदिर आंदोलन के वक्त काफी सक्रिय रहे थे। अशोक सिंहल के बाद विश्व हिंदू परिषद की कमान उन्हें ही सौंपी गई थी। हालांकि वीएचपी से अलग होकर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद नाम का संगठन बनाया। प्रवीण तोगड़िया इन दिनों अलग-थलग पड़ गए हैं।

विष्णु हरि डालमिया विश्व हिन्दू परिषद के वरिष्ठ सदस्य थे और वह संगठन में कई पदों पर रहे। वह विवादित ढांचा ढहाए जाने के मामले में सह अभियुक्त भी थे। 16 जनवरी 2019 को दिल्ली में उनके आवास पर डालमिया का निधन हो गया।

कोलकाता के एक मारवाड़ी व्यापारी परिवार में जन्मे दो युवा भाई शरद कोठारी (23 साल) और राम कोठारी (20 साल) 30 अक्तूबर 1990 को कलकत्ता से अयोध्या कारसेवा में शामिल होने के लिए पहुंचे। 30 अक्तूबर को विवादित गुम्बद पर चढ़ कर भगवा ध्वज लहराने वालों में दोनों भाई प्रमुख थे। 2 नवंबर को पुनः कारसेवा के लिए आए युवाओं की अगुवाई कर रहे दोनों भाई पुलिस की गोलियों का शिकार बन कर राम मंदिर आंदोलन के लिए अपनी जान की आहुति दी। इन दोनों भाइयों का बलिदान भुला पाना संभव नहीं है। इन के माता पिता बहिनों ने जीवन के कई दशक उनके अभाव में बिताए हैं।

यूं तो यह सूची बहुत लंबी है, लेकिन श्रेय चाहे किसी को दिया जाए, एक बात बिल्कुल साफ़ है कि इसने राजनीतिक रूप से हाशिए पर रही भाजपा को वो राजनीतिक समर्थन दिलाया, जिस पर सवार होकर भाजपा केंद्र में पहले गठबंधन और फिर अपने बूते सरकार बनाने में सफल रही। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जन्मभूमि मंदिर के निर्माण व प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम की अगुवाई कर रहे हैं। कई विरोधी दलों के नेताओं को यह अखर रहा है।

# भिंड कलेक्टर के सामने दो पक्षों ने तानी बंदूकें, पूरे गांव के हथियार लाइसेंस सस्पेंड

गांव में विकसित भारत यात्रा के तहत शिविर का किया गया था आयोजन

**घटना के बाद पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अजनौधा गांव में विकसित भारत यात्रा के तहत शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में शिरकत करने के लिए खुद भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव भी पहुंचे थे। शिविर के दौरान गांव के ही लाखन सिंह ने पूर्व सरपंच रेखा शर्मा के कार्यकाल में हुए कार्यों की शिकायत करना कलेक्टर से शुरू किया, इस बात का विरोध पूर्व सरपंच रेखा शर्मा के बेटे अभिषेक शर्मा ने किया तो दोनों के बीच विवाद होने लगा। अभिषेक ने वर्तमान सरपंच के कार्यकाल के कार्यों की शिकायत करना शुरू कर दी। लाखन सिंह वर्तमान सरपंच का समर्थक है, लिहाजा वह भी अभिषेक की शिकायत को सहन नहीं कर सका। दोनों में जमकर विवाद हुआ।

*शिविर में गांव के लाखन सिंह ने पूर्व सरपंच रेखा शर्मा के कार्यकाल में हुए कार्यों की शिकायत कलेक्टर से की तो पूर्व सरपंच के बेटे अभिषेक शर्मा ने विरोध किया तो दोनों के बीच विवाद हो गया*

### कलेक्टर के कार्यक्रम से जाने के बाद फिर हुआ दोबारा हुआ विवाद

कलेक्टर के सामने ही दोनों पक्ष आपस में झगड़ने लगे। कलेक्टर ने अपने सामने झगड़ा देखकर जैसे तैसे माहौल को शांत कराया और वहां से निकल गए, लेकिन कलेक्टर के निकलते ही अभिषेक शर्मा और लाखन सिंह के बीच फिर से विवाद होने लगा। विवाद इतना बढ़ गया की मौके पर पथराव हो गया और गोलियां चलने लगी। इस दौरान अभिषेक शर्मा के साथ मारपीट भी की गई। इस घटना के बाद पंचायत के समस्त लाइसेंस निलंबित किए जाने की कार्रवाई भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव ने की। वहीं गांव में फायरिंग किए जाने के मामले की जांच को लेकर मेहगांव पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### पुलिस बल भी तैनात किया

कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव जिला मुख्यालय तक पहुंच नहीं पाए कि उनके पास गोलियां चलने की सूचना पहुंच गई। इसके बाद कलेक्टर ने तुरंत निर्णय लेते हुए अजनौधा गांव के सभी शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए। इसके बाद अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत लेकर अभिषेक शर्मा मेहगांव थाने पहुंचा। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल भी तैनात किया गया है।

### अभी स्थिति नित्रंयण में

कार्यक्रम के बाद घटना की सूचना मिली। इसके बाद एसपी ने पुलिस बल तैनात किया गया है। अजनौधा गांव के सभी शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए। फिलहाल स्थिति नित्रंयण में हैं।

**संजीव सक्सेना,** कलेक्टर भिंड

---

रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सरवर में मशरूम फैक्ट्री के पास हुआ हादसा

# अनियंत्रित बाइक सड़क किनारे पत्थर से टकराई, युवक की मौत, दूसरा गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रातीबड़ थाना क्षेत्र स्थित ग्राम सरवर में मशरूम फैक्ट्री के पास शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे के आसपास तेज रफ्तार बाइक सड़क से अनियंत्रित होकर साइड में पड़े पत्थर से टकरा गई। इस हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका रिश्तेदार गंभीर रूप से घायल हुआ है। घायल का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार अजय बारेला पिता अमर सिंह बारेला (20) ग्राम बीलखेड़ा, थाना बिल्किसगंज, जिला सीहोर में रहता था और मजदूरी करता था। शुक्रवार रात वह अपनी बहन के देवर मुकेश बारेला के साथ बीलखेड़ा से गांव सिकंदराबाद जाने के लिए बाइक से निकला था। दोनों गांव सरवर पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क से बाहर निकल गई। सड़क निर्माणाधीन होने के कारण आसपास पत्थर पड़े हुए थे। इसी पत्थर से बाइक जाकर टकरा गई और अजय को गंभीर चोट आई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डायल 100 से मुकेश को अस्पताल में भर्ती करा दिया था, लेकिन अजय को गंभीर चोट होने के कारण एंबुलेंस का इंतजार करना पड़ा। मौके पर पहुंची एंबुलेंस अजय को लेकर हमीदिया अस्पताल पहुंची थी, वहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

---

## खबर संक्षेप



### श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज में वर्कशॉप

**भोपाल।** शनिवार को शासकीय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय में स्वामी विवेकानंद कॅरियर मागदर्शन प्रकोष्ठ तथा वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका विषय फाइनेंशियल एज्यूकेशन फॉर यंग सिटीजन्स रहा। वर्कशॉप में करीब 100 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इसमें मार्गदर्शक एवं मुख्यवक्ता विवेक वर्मा ने उन्हें विभिन्न सत्रों में फायनेशियल मैनेजमेंट, मनी सिक्योरिटी, एनएसडीएस, सीढीएस, प्रायमरी मार्केटिंग आदि के बारे में बताया।

### टॉयलेट क्लीनर पीने से महिला की मौत

**भोपाल।** ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित बाग दिलकुशा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। टॉयलेट क्लीनर पीने के बाद परिजन उन्हें हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे थे। वहां उनका इलाज चल रहा था। करीब 12 दिन चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार 35 साल की शकीला बी पति शाहिद खान, बाग दिलकुशा में रहती थी। वह ग्रहणी थी। गत 31 दिसंबर की रात उन्होंने गलती से टॉयलेट क्लीनर पी लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शकीला बी के बयान दर्ज किए।

### कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव को दी जन्मदिन की बधाई



**औबेदुल्लगंज।** अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय सचिव अमृता धवन को उनके निजी निवास दिल्ली पहुंच कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संजय मदान शेंकी और उनके अनुज युवा जिला विधानसभा नेता विशाल मदान ने जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### सेन को औबेदुल्लागंज टीआई बनने पर दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** सेन समाज के गौरव वीरेंद्र सेन को औबेदुल्लागंज थाना प्रभारी बनने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर छात्र संघ नेता अभिषेक सेन, प्रमोद सराठे, नितिन सेन, दिनेश सेन, प्रमोद सेन, विष्णु प्रमोद सेन, गगनदीप सिंह, मनीष चौरसिया आदि ने औबेदुल्लागंज पदोन्नति पर बधाई दी देकर स्वागत किया।

---

औबेदुल्लागंल मंडी प्रांगण में विकसित भारत यात्रा कार्यक्रम में पटवा ने जनता से किया संवाद, कहा-

# पीएम बोले तो पूरा लाभ अब मोदी राज में संभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

उन वंचित लोगों तक पहुंचना जो विभिन्न योजनाओं के पात्र हैं, लेकिन लाभ नहीं मिल रहा है इस विकसित भारत यात्रा के माध्यम से उन्हें लाभ दिया जा रहा हैं। पीएम बोले तो पूरा लाभ मतलब प्रधानमंत्री होने का असल फायदा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में पहुंचाया जा रहा है।

यह बात शनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरा मंडी प्रांगण में क्षेत्र के विधायक सुरेन्द्र पटवा ने जनता से सीधे संवाद के दौरान कही। एक हितग्राही ने विधायक से संवाद के दौरान मिल रहे लाभ को चटकारों के साथ पेश किया, जिसके बाद सभा स्थल में खुशनुमा वातावरण निर्मित हो गया। शिवर में बच्चों से सीधे संवाद में विधायक ने पूछा आपका विधायक कौन है एवं कैसा काम कर रहा है, इस पर बच्चों ने विधायक का नाम भी लिया एवं क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे हैं ऐसा वक्तव्य भी पेश किया।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, अशोक यादव, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष सोनू चौकसे, मीडिया प्रभारी पंकज कोठारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र नागर, रविंद्र विजय वार्गीय, परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, नगर परिषद उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल, माखन परमार, दशरथ गुर्जर, माधव यादव, कृष्ण गोपाल पाठक, नरेश सेठी, गजेंद्र नागर, सुजीत यादव, राम किशोर नंदवंशी ने मंच संचालन किया। दीपू परमार, सुनील सेरिया, राजेंद्र साहू, शंकरलाल इरपाचे, मनोज चौरसिया, बागिस अग्रवाल, विक्रम यादव, अनूप चौधरी, प्रमोद सेन, रामेश्वर नागर, पवन जोत सिंह, आमिर ममनून, हरगोविंद वर्मा, सुरजीत सिंह चौहान, लोकेश परमार, रामकिशोर चौहान, संजय प्रजापति, महेंद्र यादव, हेमराज चौहान, कमलेश नरवरिया, कोमल चौहान, पुरुषोत्तम शर्मा, शांतनु पांडेय, बचन सिंह लोधी, रवि शंकर राय, लालमान नंदबंशी, माखन सेन, जीतू नंदवंशी सोनू राय, नंदू शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष माया राय, राधा मालवीय, आरती यादव, सपना रैकवार, रेखा कपूर, राधा कुशवाहा, राधा साहू, समीक्षा यादव, सना ममनून, हेमलता चौरसिया, पूजा लोधी, सरोज नागर आदि कार्यक्रम में में उपस्थित रहे। नगर परिषद के सभी पार्षद, भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, विभागों के अधिकारी तथा एसडीएम चंद्रशेखर श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रीति नागौद, नायब तहसीलदार नीलेश सरबटे, परिषद सीएमओ सोनाली शर्मा ने संकल्प यात्रा की व्यवस्था अच्छी होने से विधायक सुरेंद्र पटवा ने प्रशंसा की। आखिर में सोनाली शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### पटवा ने किया शिविरों का अवलोकन

विधायक ने लगे शिविरों का अवलोकन भी किया। उन्होंने योजनाओं से वंचित आमजन को लाभ दिलाया और लाभार्थियों को योजनाओं के किट भी वितरित किए। नगर परिषद अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे ने नगर विकास पर बताया और नगर वासियों से आह्वान किया कि नगर को सुंदर स्वच्छ बनाने में परिषद की मदद करें। यात्रा शिवर में एक दृष्टिबाधि बालिका द्वारा किए गए डांस की सभी ने खूब सराहना की। स्कूली बच्चों द्वारा मनमोहक संदेशात्मक गीत एवं डांस की प्रस्तुति दी गई। विभागों ने अपने-अपने विभागों के कार्यों की अवधारणा रखी। शिविर में कई विभागों ने तत्काल लाभ दिलाने कार्रवाई की। कार्यक्रम में नगर के जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक-स्वैच्छिक संगठन सहित कई विभाग की प्रदर्शनी शामिल रही।

### मिलेट उत्पाद के बारे में बता रहा कृषि विभाग



संकल्प यात्रा शिविर में प्रधानमंत्री की महत्वकांक्षी एवं किसानों को अलग तरह की खेती करने के लिए प्रेरित करने वाले उत्पाद मिलेट के बारे में भी बताया गया। कृषि विभाग ने बताया कि आज लोग बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं ऐसी स्थिति में लोग मोटा एवं बारिक अनाज, कोदो, कुटकी, रागी, कंगनी एवं जैविक उत्पाद को शामिल कर अच्छा जीवन जी सकते हैं। कृषि विभाग ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देने प्रयास कर रहा है। क्षेत्र में इन उत्पादों को बढ़ाने के लिए प्रयास जारी हैं। विधायक सुरेंद्र पटवा ने स्टॉल पर पहुंचकर प्रशंसा की।

---

औद्योगिक नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा

# सांसद भार्गव ने गिनाईं सरकार की उपलब्धियां, अंतिम व्यक्ति को मिल रहा लाभ



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का निकाली गई, जिसमें मुख्य अतिथि विदिशा सांसद रमाकांत भार्गव, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल रही। नपा अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि शिनिवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, गैस एजेंसी, कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के स्टॉल लगाकर सरकार की योजनाओं के बारे में लोगों को बताया गया। वहां उपस्थित सभी लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम के दौरान सांसद रमाकान्त भार्गव ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को आम जनता के बीच रखा और बताया कि किस प्रकार से डबल इंजन की सरकार उनके लिए कार्य कर रही है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अमृत काल चल रहा है। आजादी के बाद ऐसा पहली बार हुआ कि हमारी डबल इंजन की सरकार गांव-गांव में जा कर योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचा रही है।

### आज भारत अपनी पहचान के लिए किसी का मोहताज नहीं : पटवा

भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा ने कहा कि आज भारत अपनी पहचान के लिए किसी का मोहताज नहीं है, चारों तरफ भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से गरीबों, किसानों के लिए जो योजनाएं चलाई जा रही है। लोग इस योजनाओं से कैसे लाभ ले सकते हैं। इसकी संपूर्ण जानकारी देना इसका मकसद है। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा प्रचंड बहुमत से अपना पताका फहराएगी।

---

हेलमेट देकर पहनने का दिलाया संकल्प

# पुलिस ने वाहन चालकों को रोका फाइनेंस कंपनी ने दिए हेलमेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक क्षेत्र में यातायात पुलिस 1 जनवरी से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मना रही है। इसके अंतर्गत लगातार लोगों को हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसमें अनन्त चौराहे पर यातायात पुलिस ने हाईवे पर बेरीकेड्स लगाकर लोगों रोका और हेलमेट पहनने के लिए समझाइश दी। लगभग 100 वाहन चालकों को एसके फाइनेंस की ओर से हेलमेट भी दिए गए।

इस अवसर पर उपस्थित एसडीओपी विकास पांडेय ने कहा कि हेलमेट अवश्य पहने, कहीं हेलमेट न पहनने का शौक, शोक में न बदल जाए। उन्होंने हाईवे पर लोगों हेलमेट पहन कर ही वाहन चलाने का संकल्प भी दिलाया। एसडीओपी विकास पांडेय ने दो पहिया वाहन चालकों को रोक कर बताया की हेलमेट पहनने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों में कमी लाई जा सकती है। संकल्प लें कि हेलमेट लगा कर ही वाहन चलाएंगे। एसके फाइनेंस कंपनी के स्टेट प्रोडक्शन मैनेजर प्रजीत मजूमदार ने कहा कि हमने मानवता के नाते अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए शनिवार को 100 मजदूरों को हेलमेट वितरित किए है। इस अवसर पर थाना प्रभारी सुरेश मीना, अमरसिंह निगम, तेजपाल सिंह, मदन मोहन रघुवंशी, लखन मेवाड़ा ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत वाहन चालकों को पंपलेट बांटे और समझाइश दी।

### वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में अनुभूति शिविर का आयोजन

**भोपाल।** वन विभाग द्वारा अनुभूति कार्यक्रम 2023-24 के तहत वन, वन्यप्राणी एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से आयोजित प्रशिक्षण सह जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ।

राजधानी स्थित वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में आयोजित द्वितीय शिविर में शासकीय नवीन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बागसेवनिया के 115 विद्यार्थियों एवं 5 विद्यालयीन स्टाफ सहित कुल 120 प्रतिभागियों ने भाग लिया। शिविर में शामिल हुए हर बच्चे को अनुभूति वैग, केप, पठनीय सामग्री, स्टीकर, पेन, ब्रोशर, बैच प्रदान किए गए। शिविर के शुरू में में भी बाघ गीत, प्रतिभागियों द्वारा गाया गया।

---

नगर पालिका को ओडीएफ डबल प्लस रेटिंग मिली

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 : मंडीदीप निकाय गार्बेज फ्री सिटी प्रमाणीकरण अंतर्गत वन स्टार शहर घोषित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में गार्बेज फ्री सिटी प्रमाणीकरण के अंतर्गत जोनल स्तर पर मण्डीदीप को 1 स्टार शहर घोषित किया गया है। इसमें स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 की एक महत्वपूर्ण केटेगरी गार्बेज फ्री सिटी (जीएफसी) रेटिंग दी गई है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर उपाध्याय ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण-2022 में भी मंडीदीप 1 स्टार शहर घोषित हुआ था। ओडीएफ 2023 स्टेटस में नगर पालिका को ओडीएफ डबल प्लस रेटिंग प्राप्त हुई है। नगर पालिका को ओडीएफ डबल प्लस रेटिंग मिली है। इसका अर्थ यह है कि ये शहर शत-प्रतिशत खुले में शौच मुक्त हैं और यहां सामुदायिक और सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति भी अच्छी है। खुले में शौच पर रोक लगी है और अब लोग जागरूक हुए हैं इसका नतीजा यह है मंडीदीप नगर पालिका इस श्रेणी में पहुंचे हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में मंडीदीप को 50 हजार से अधिक और एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में 1 स्टार के साथ 18वी रैंक प्राप्त हुई है, जबकि वर्ष 2022 में 43वी रैंक प्राप्त हुई थी।

### कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में 3 स्टार रेटिंग मिली

नगर पालिका को कचरा मुक्त शहर की श्रेणी में 3 स्टार रेटिंग मिली है। घर-घर जाकर कचरा कलेक्शन स्वच्छता कर्मचारियों के माध्यम से किया जाता है। जहां रिक्शा नहीं जा पाता उन गलियों में भी पैदल जाकर कचरा इकट्ठा किया जाता हैं। आगे और भी स्वच्छता पर ध्यान दिया जाएगा। नगरवासियों को भी शहर को स्वच्छ बनाए रखने प्रयास करना चाहिए। स्वच्छता निरीक्षक अशीष कानूनगो ने बताया की नगर पालिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में नगर पालिका में स्वच्छता के संकल्प को पूरा करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। साथ ही जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। कलेक्टर के प्रयासों से स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 नगर पालिका की रैंक में बेहतर सुधार हुआ है। स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में मंडीदीप को 50 हजार से अधिक और एक लाख से कम आबादी वाले शहरों में 1 स्टार के साथ 18वी रैंक प्राप्त हुई है, जबकि वर्ष 2022 में मण्डीदीप को 43वी रैंक प्राप्त हुई थी।

---

धोखाधड़ी करने कोलार में जालसाजों ने खोल रखी थी इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान

# ऑनलाइन पोर्टल बनाकर 130 लोगों से सवा 5 करोड़ रुपए की ठगी, निवेश कराने के बाद जालसाज फरार

**जालसाजों ने 12 अलग-अलग स्कीम में लोगों से निवेश कराए रुपए**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोलार थाना क्षेत्र में मेक भारत नाम से ऑनलाइन पोर्टल बनाकर ठगी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने 130 लोगों से करीब सवा पांच करोड़ रुपए की ठगी की है। आरोपियों ने लोगों को जाल में फंसाने कोलार में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान भी खोल रखी थी। जालसाजों ने 12 अलग अलग स्कीम में लोगों से रुपए निवेश कराए और रिटर्न देने की बारी आते ही भोपाल से फरार हो गए। ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर फरियादी कोलार के निजी अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी हैं। क्राइम ब्रांच जालसाजों की तलाश कर रही है। उनकी लोकेशन एमपी के बाहर मिल रही है।

*ठगी के शिकार होने वाले अधिकतर फरियादी कोलार के निजी अस्पताल के डॉक्टर और कर्मचारी शामिल*

जानकारी के मुताबिक, कुछ डॉक्टर्स ने क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज कराते हुए बताया कि जुलाई 2023 में उनके साथ अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारी ओमप्रकाश वर्मा, श्याम तंवर ने ऑनलाइन पोर्टल मेक भारत में इन्वेस्टमेंट के बारे में बताया था। उन्होंने डाक्टर्स को बताया कि दो साल में पोर्टल में निवेश कर उन्होंने अच्छा लाभ अर्जित किया है। कर्मचारियों ने डॉक्टर्स को बताया कि यह स्कीम औरंगाबाद, महाराष्ट्र निवासी संतोष दास उसका पार्टनर सुनील रामभाउ ढोले मिलकर चला रहे हैं। कर्मचारियों के मुनाफा बताने पर डॉक्टर्स ने निवेश कर दिया। एक डॉक्टर ने पोर्टल में 22 लाख रुपए का निवेश किया। रिटर्न में सिर्फ 5 लाख रुपए मिले। इसके बाद डॉक्टर ने जब आरोपियों के बारे में पता किया तो उनका मोबाइल बंद मिला। ठगी का संदेह होने पर सभी फरियादी क्राइम ब्रांच थाना पहुंचे और शिकायती आवेदन दिया। पुलिस ने आवेदन जांच के बाद संतोष दास, सुनील रामभाऊ के खिलाफ मामला दर्ज किया।




पुलिस ने भोपाल में रहने वाली संतोष की साली से भी पूछताछ की तो पता चला कि संतोष व उसका पार्टनर हमारे भी पैसे निवेश कराकर फरार हुआ है। उनके वर्तमान पते ठिकाने के बारे में कोई जानकारी नहीं है। संतोष की पत्नी का भी पता नहीं है।

---

# कार के चेचिस से साढ़े तीन करोड़ की हेरोइन बरामद, 2 गिरफ्तार

**सेंट्रल नार्कोटिक्स ब्यूरो की टीम ने की कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंट्रल नार्कोटिक्स ब्यूरो की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मंदसौर जिले के शामगढ़ सुवासरा रोड बर्डिया अमरा गांव के निकट 3 किलो 450 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हीरोइन बरामद की है।

मुखबिर की सूचना पर सीबीएन की टीम ने गरोठ शामगढ़ रोड बर्डिया-अमरा के निकट घेराबंदी कर मुखबिर द्वारा बताई गई अर्टिगा कार को रोककर चालक और एक अन्य व्यक्ति को हिरासत में लिया। कार को सेंट्रल नार्कोटिक्स कार्यालय ले आया गया। पूछताछ में चालक ने बताया कि कार के टायर की साइड में एक गुप्त तरीके से हीरोइन छुपाई गई है। तलाशी लेने पर कार में लगे टायर के पास एक गुप्त बॉक्स में 3 किलो 450 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोइन बरामद की गई है।

बरामद मादक पदार्थ की कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मामले में सीबीएन टीम ने कार सवार दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ मादक पदार्थ तस्करी की धारा एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी मादक पदार्थ कहा से लेकर आए थे और कहा देने जा रहे थे, मामले में आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।



# गुलाबों की धीमी-धीमी खुशबू से महकी राजधानी

## 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

लिंक रोड स्थित गुलाब उद्यान में शनिवार को 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह एवं विशिष्ट अतिथि वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ रोज सोसाइटी के कोषाध्यक्ष सुशील प्रकाश, अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया, उद्यानिकी विभाग की संचालक निधि निवेदिता मौजूद रहीं। इस मौके पर उद्यानों की प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समारोह में विशेष तौर पर वर्ल्ड फेडरेशन आफ रोज सोसाइटी का प्रतिनिधि मंडल भी शामिल रहे जो जनवरी 2028 में भोपाल में आयोजित वर्ल्ड रोज कन्वेंशन की तैयारियों का जायजा ले रहे थे। कट फ्लावर का जजिंग हुआ। मुख्य जज उरुग्वे की रोसारियो अल्गोर्टो रहीं। उन्होंने रायल फैमिली के गुलाबों को जज किया।



## बीएमएचआरसी को शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में मिला प्रथम पुरस्कार

भोपाल। 43वीं अखिल भारतीय गुलाब प्रदर्शनी में बीएमएचआरसी को चार पुरस्कार मिले हैं। शासकीय एवं संस्थागत शैक्षणिक संस्थानों की श्रेणी में बीएमएचआरसी के नर्सिंग कॉलेज उद्यान को प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

वृहद उद्यान, मध्यम उद्यान और लघु उद्यान श्रेणी में बीएमएचआरसी को द्वितीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। कल कुछ अन्य श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त होंगे। शनिवार को बीएमएचआरसी के जनसंपर्क अधिकारी रितेश पुरोहित ने ये पुरस्कार ग्रहण किए। बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने बताया कि गुलाब प्रदर्शनी में हमेशा से ही बीएमएचआरसी को पुरस्कार प्राप्त होते रहे हैं। हमारे सभी उद्यान बहुत सुंदर हैं और उनका बहुत अच्छे से रखरखाव भी किया जा रहा है। बीएमएचआरसी में अब हर्बल गार्डन भी बनाया जा रहा है।

## परी बाजार के तीसरे दिन फैशन शो में दिखी मध्यप्रदेश के आर्ट की झलक

# शान ए मध्यप्रदेश बाग की पोशाक में रैंप वॉक पर दिखाई दीं भोपाल की परियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गौहर महल में आयोजित चार दिवसीय 'परी बाजार' का तीसरा दिन फैशन शो और बतोलेबाजी के नाम रहा। मध्यप्रदेश के फेब्रिक, प्रिंट और वीविंग्स पर आधारित यह फैशन शो 4 राउंड में हुआ, जिसमें 40 मॉडल्स ने रैंप पर बाग, चंदेरी, महेश्वरी और खादी से तैयार 40 ड्रेसेज कैरी कीं। पहला राउंड शान-ए-मध्यप्रदेश में चंदेरी महेश्वरी की साड़ियों को बाग प्रिंट के ब्लाउज के साथ स्टाइलिंग के साथ कैरी किया गया। पहले राउंड में शो स्टॉपर रहीं मनीषा आनंद।



## चंदेरी और महेश्वरी से तैयार ड्रेसेज को किया इंडो-वेस्टर्स ड्रेसेज के रूप में प्रेजेंट





### खादी में पुरुषों का रैंप वॉक

सेकेंड राउंड रहा टेल्स फ्रॉम द लूम, इस राउंड में चंदेरी और महेश्वरी से तैयार ड्रेसेज को इंडो-वेस्टर्स ड्रेसेज के रूप में प्रेजेंट किया गया। यह पहला मौका था, जब चंदेरी और महेश्वरी जैसे फ्रेब्रिक, इनकी आमतौर पर सिर्फ सूट या साड़ियां ही तैयार होती हैं। इन्हें वन-पीस और गाउन और वेस्टर्न वियर्स में कैरी किया गया। इस राउंड में शो स्टॉपर रहीं मनीषा डबराल। तीसरा राउंड पुरुषों को डेडिकेटेड रहा, जिसमें खादी के परिधान कैरी किए गए। खादी राउंड में विवेक नीखरा शो स्टॉपर बने, जबकि, तीसरा राउंड परी बाजार की थीम को डेडिकेटेड बाग प्रिंट पर रहा। इस राउंड की शो स्टॉपर बनीं रीनू यादव। फैशन शो को फैशन डिजाइनर तजवार खान ने क्यूरेट किया।



### यह गतिविधि भी बनी विशेष आकर्षण

अतरंगी बतोलेबाजी में शहर पर चर्चा परी बाजार की शाम केनी ओबेरॉय की बतोलेबाजी के नाम रही। अतरंगी बतोलेबाजों में इस सत्र में सिंगर, कम्पोजर लिरिसिस्ट सादू, शहर की पहली फूड ब्लॉगर मुद्रा केसवानी और स्टैंडअप कॉमेडियन प्रकाश पगारे शामिल हुए।

## रंग श्री टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय



# विद्यार्थियों ने मिस्टर प्रीतम प्यारे नाटक की दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के टैगोर राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों की मिस्टर प्रीतम प्यारे नाटक की मनमोहक प्रस्तुती रंगश्री लिटिल बैले टूप, भोपाल द्वारा दी गई। इस नाटक का नाट्य रूपांतर अरुण कुमार सिंह और निर्देशन कन्हैया लाल कैथवास द्वारा किया गया है। हमारे समाज में बहुत सारी कथाएं प्रचलित है जिनका लिखित प्रमाण नहीं मिलता है। मिस्टर प्रीतम प्यारे भी ऐसी ही कथा है जिसका लेखक कोई नही है इसको संग्रहित कर 1467 में किताब के रूप में निकाला है।

### नाटक के बारे में

मिस्टर प्रीतम प्यारे, क्लासिक 'ला फार्स डे मैत्रे पाथेलिन' पर आधारित एक देसी रूपान्तरण है। प्रीतम प्यारे एक चालाक व्यक्ति है जिसकी परिवारिक स्थिति ठीक नही है। वह विपरीत समय का सामना कर रहा है। वो अपनी सूझ-बूझ व चालाकी से जमुनादास से बिना एक भी पैसा दिए, उससे बहुत सार सामान खरीद लेता है पैसे घर पर आकर लेने का वादा कर चला जाता है। घर पर परिवार के लोग उसे पहचाने से इंकार कर देते ये स्थिति हास्यास्पद मोड़ लेती है जब जमुनादास अपने पैसे मांगने प्रीतम के यर जाता है, लेकिन प्रीतम और उसकी पत्नी गुल्लुमती उसके सामने प्रीतम के महीनों से बीमार होने का ढोग करते हैं।

### जीवन के उतार-चढ़ाव की तरह नाटक बढ़ता है

जीवन के उतार चढ़ाव की तरह नाटक बढ़ता है और जमुनादास अपने नौकर को घरेलू कारणों की वजह से कोर्ट में लेकर आता है। एक बार फिर प्रीतम प्यारे अपने शातिर दिमाग से नौकर को बचा लेते हैं, लेकिन परिणाम यह होता है कि प्रीतम प्यारे केस जीत कर भी मजाकिया तौर पर हार जाते हैं। एक हँसी और उल्लास से भरी शाम के लिए आइये हमारे साथ, क्योंकि जीवन के उतार चढ़ाव तो हँसते खेलते ही पार करने होते हैं।

## लघुकथा शोध केंद्र समिति का पुस्तक परिचर्चा

# साहित्य में समकालीन समाज प्रतिबिंबित होता है: डॉ.ऋचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

साहित्य में समकालीन समाज प्रतिबिंबित होता है, तत्कालीन परिस्थितियों से साहित्य प्रभावित होता है समाज में घटित घटनाओं का साहित्य पर प्रभाव अवश्य पड़ता है। लघुकथा शोध केंद्र समिति पाठकों से पुस्तकों की निकटता बढ़ाने के लिए पुस्तक परिचर्चा का महत्वपूर्ण आयोजन कर रही है। यह उद्गार हैं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ऋचा शर्मा जो लघुकथा शोध केंद्र समिति भोपाल द्वारा गूगल गोष्ठी के ऑनलाइन आयोजित पुस्तक पखवाड़े के छठे दिवस पर साहित्यकार गोविंद शर्मा के लघुकथा संग्रह 'खेल नंबरों का' का और वरिष्ठ साहित्यकार हीरा लाल नागर के संपादन में प्रकाशित कृति 'कथा साकिबा' पर आयोजित विमर्श की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थी। लघुकथा शोध की निदेशक कांता राय ने स्वागत उद्बोधन दिया। वरिष्ठ समीक्षक मुजफ्फर इकबाल सिद्दीकी ने दोनों कृतियों की गंभीर विवेचना की उन्होंने कृतियों की कथाओं और लघुकथा के कथ्य व शिल्प को लेकर रचनाओं की बेबाकी से विवेचना की।



## बीएसएसएस में साइंस ऑफ हैप्पीनेस सेंटर की स्थापना

# जैसा विचार करते हैं, वैसा ही हमारा जीवन बनता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हम जैसा सोचते हैं, जैसे विचार करते हैं, जिस माहौल में रहते हैं हमारे जीवन की कहानी वैसे ही बनती जाती है। यह तय करना जरूरी है कि आपके मस्तिष्क को कौन चला रहा है आप खुद या थोड़ी - थोड़ी देर में उछल कूद करने वाला बंदर। यह बात मुख्य अतिथि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के डॉ. सतिंदर सिंह रेखी ने साइंस ऑफ हैप्पीनेस सेंटर के शुभारंभ समारोह में बीएसएसएस में कही। इस अवसर पर कॉलेज में सकारात्मकता और प्रसन्नता के विज्ञान पर विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जाने की घोषणा की गई।



### एमओयू पर किए गए हस्ताक्षर

कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. जॉन पीजे मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विनय मिश्रा डॉ सिस्टर सोनिया और फादर जॉमी उपस्थित रहे। कॉलेज में हैप्पीनेस सेंटर की स्थापना के लिए बीएसएसएस महाविद्यालय और रेखी फाउंडेशन के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। महाविद्यालय में इस हैप्पीनेस सेंटर की स्थापना का उद्देश्य विद्यार्थियों को सकारात्मकता से सफलता की और प्रसन्नता से बढ़ना सिखाना है।

## पोंगल उत्सव के लिए बनाई जा रही भव्य आकर्षक रंगोली

# पलाश रेसीडेंसी में दो दिवसीय पोंगल उत्सव आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई पलाश रेसीडेंसी में दो दिवसीय पोंगल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। रविवार से 15 जनवरी तक होने जा रहे। इस आयोजन में पलाश रेसीडेंसी को आकर्षक रंगोली व दक्षिण भारत के परंपरागत तरीके से फूलों और केले के पत्तों से साज सज्जा की तैयारी की जा रही है।

निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी ने बताया कि इस दो दिवसीय आयोजन में पलाश रेसीडेंसी को और सदर्न स्पाइसेस रेस्टोरेंट को पोंगल पर्व की थीम पर डेकोरेट किया जा रहा है साथ ही यहां आने अतिथियों और फूड लवर्स को पोंगल पर्व पर दक्षिण भारतीय व्यंजन परोसे जाएंगे। डॉ इलैया राजा ने आगे बताया कि इस आकर्षक रंगोली को मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ के कलाकार, अलख खरे, संतोष पटेल , जीवन साहू द्वारा बनाया जा रहा है।



# राष्ट्र की चेतना जगाने का केंद्र बनेगा राम मंदिर: मुकुल

- वनवासी कल्याण परिषद में युवा संवाद कार्यक्रम आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राम मंदिर का निर्माण केवल उसकी भव्यता और दिव्यता के लिए नहीं जाना जाएगा, बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को जगाने वाले मंदिर के रूप में समूचे विश्व में पहचान बनाएगा। राष्ट्र की चेतना जो वर्षों पहले कहीं खो गई थी, उस चेतना के जागरण की शुरुआत प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण के साथ हो चुकी है। यह विचार वनवासी कल्याण परिषद, महाराणा प्रताप नगर के सभागृह में युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय शिक्षण मंडल के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने व्यक्त किए। शनिवार शाम आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर डॉ. योगेश कुमार निवारिया, एम्स हृदय चिकित्सा विभागाध्यक्ष शामिल हुए।

### राष्ट्र की चेतना के जागरण को पूरा विश्व देख रहा है

मुख्य वक्ता मुकुल कानिटकर ने कहा कि राष्ट्र की चेतना के जागरण को पूरा विश्व देख रहा है। राम मंदिर का निर्माण केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है अपितु यह राष्ट्र के नव जागरण का निर्माण है। जब पूरे विश्व में कई देश आपस में युद्ध कर रहे हैं। आपसी संघर्ष से जूझ रहे हैं, जिसके कारण मानवता संकट में है, लेकिन इसी समय में भारत मर्यादा के नए मापदंड स्थापित कर रहा है।

## भोपाल लिटरेचर एंड आर्ट फेस्टिवल के दूसरे रैपिड एक्शन-डे में 25 विषयों पर हुई चर्चा

### आर्ट और स्टोरीटेलिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने जीते पुरस्कार

# किसी धर्म का नहीं, गीता मानवजाति का ग्रंथ, इसे किसी भी धर्म या जाति से जोड़कर देखना गलत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गीता किसी हिंदू या धर्म का ग्रंथ नहीं है यह मानवजाति का ग्रंथ है। इसलिए इसे किसी धर्म या जाति से जोड़कर देखना गलत है। यह एक ऐसा ग्रंथ है जो संसार, कर्म, व्यवहार, स्वभाव के बारे में हमें बताता है। आप जब इन बातों को समझेंगे तो निश्चित ही आपको समस्याओं का समाधान मिल जाएगा।

यह कहना है भोपाल लिटरेचर फेस्टिवल में गीता ज्ञान पर आधारित सत्र में विजय अग्रवाल और ओपी श्रीवास्तव का। आयोजन में दूसरे दिन रैपिड एक्शन मोड पर चलता रहा। फेस्टिवल के दौरान हर घंटे भारत भवन के अधिकतर हिस्सों में चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में स्कूल, कॉलेज और प्रबुद्धजनों ने सहभागिता की। स्कूल के बच्चों ने जहां आर्ट और पेंटिंग प्रतियोगिता में सहभागिता कर कई पुरस्कार जीते तो वहीं कॉलेज विद्यार्थियों ने 'स्टोरीटेलिंग' में सहभागिता कर अपनी कहानियां सुनाईं। इधर, तीन सभागारों में पुस्तकों के लेखकों एवं विषय वक्ताओं ने गीता, अंडमान निकोबार द्वीप समूह के विकास, कानून, कविता, शहरी विकास सहित लगभग 25 अन्य विषयों पर अपनी बात रखी।



### भारत के संग्रहालय 10 साल में काफी बदले हैं : तसनीम

पुस्तक 'मुंबई अ सिटी थ्रू ऑब्जेक्ट' के लेखक इतिहासकार, क्यूरेटर तसनीम जजकारिया मेहता के साथ सुनीत टंडन ने चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारत में संग्रहालय पहले की तुलना में काफी बदलने की बात करते हुए डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय (बीडीएल) द्वारा यह संभव होने की बात कही।

### 1986-87 में एक सर्वे में आया कि दो तिहाई लड़कियों ने नहीं देखा था स्कूल

वरिष्ठ आईएएस अमरजीत सिन्हा ने अपनी किताब द लास्ट स्माइल पर चर्चा की। इस चर्चा में आर परशुराम और वेद आर्या भी शामिल हुए। अमरजीत सिन्हा ने कहा कि आज हम सभी जनवरी वर्ष 2024 में हैं। 1986-87 में एक सर्वे हुआ था, जिसमें यह बात सामने आई थी कि दो तिहाई महिला व लड़कियां जिनकी उम्र 6 वर्ष से अधिक है उन्होंने स्कूलों तक को नहीं देखा है। यह स्थिति तब है जब देश को आजाद हुए इतने वर्ष हो गए थे।

### जी-20 की अध्यक्षता कर भारत ने दुनिया को अपना एजेंडा दिया : चिनॉय

आईडीएसए के महानिदेशक सुजान आर चिनॉय द्वारा लिखित पुस्तक 'वर्ल्ड अपसाइड डाउन' पर पंकज सरन और शिशिर प्रियदर्शी ने उनके साथ भारत द्वारा अपनी भू-राजनीति को पुनर्गठित करने की बात पर विस्तार से चर्चा की। इस दौरान श्री चिनॉय ने भारत की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने की बात पर जोर दिया। साथ ही भारत द्वारा जी-20 की अध्यक्षता के माध्यम से अपना एजेंडा दुनिया के लिए सेट करने को भारत की रणनीतिक विजय बताया।

### अंडमान के विकास से मिलिट्री को मिलेगा सहयोग : वर्मा

'अंडमान द्वीप के विकास' पर अजय सैनी, पंकज सेखसरिया, सेवानिवृत्त वाइस एडमिरल बिमल वर्मा, अमिताभ पांडेय के साथ बातचीत हुई। पंकज ने डेवलपमेंट को भविष्य के लिए वहां की व्यवस्थाओं एवं बजट को बेवजह खराब करने की बात कही। वहीं सैनी ने अंडमान के सामाजिक और पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए इसके विकास पर जोर दिया। वर्मा ने अंडमान में आने वाले परिवर्तन से वहां मिलिट्री को भी सहयोग मिलने की बात करते हुए विकास के लिए वर्तमान की आवश्यकता बताई।

### परिवार सुरक्षा के लिए कानून का ज्ञान रखें युवा : चंद्रा

'वकालत और मुकदमेबाजी' पर केंद्रित सत्र में अनंत मेराठिया और श्लोक चंद्रा ने कानून प्रणाली पर परिचर्चा की। श्री मेराठिया ने स्वयं को वकालत में परिवार की तीसरी पीढ़ी होने के बावजूद स्वयं को स्थापित करने के लिए काफी संघर्ष करने की बात कही। श्री चंद्रा ने मुकद्दमेबाजी को मैराथन की तरह बताया।

# 'सुपरसोनिक जेट'...1 घंटे में दिल्ली से मुंबई




- गेम चेंजर: नासा और लॉकहीड मार्टिन का कमाल
- कम आवाज वाले सुपरसोनिक विमान एक्स-59 लांच
- विमान साल के अंत में पहली बार भरेगा उड़ान
- यह जेट ध्वनि की गति से भी तेज उड़ने में सक्षम
- नई पीढ़ी के वाणिज्यिक विमानों का मार्ग प्रशस्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और एयरोस्पेस क्षेत्र की प्रमुख लॉकहीड मार्टिन ने औपचारिक रूप से कम आवाज वाले सुपरसोनिक विमान एक्स-59 लॉन्च किया है। एक्स-59 के ध्वनि की गति से 1.4 गुना या 925 मील प्रति घंटे की गति से उड़ने की उम्मीद है। दिल्ली से मुंबई की दूरी करीब 1500 किमी है, तो यह जेट 1 घंटे से भी कम समय में दूरी तय कर लेगा। 99.7 फीट लंबे और 29.5 फीट चौड़े विमान का आकार और तकनीकी प्रगति शांत सुपरसोनिक उड़ान को संभव बनाएगी। नोज इसकी लंबाई का एक तिहाई है।

# भारत-जापान के बीच 'युद्धाभ्यास'



- चेन्नई के तट पर हिंद महासागर में हो रहा युद्धाभ्यास
- भारत के 9 जहाज और 6 एयरक्राफ्ट शामिल
- जापान तटरक्षक बल का जहाज याशिमा भी दिखाएगा ताकत
- युद्धाभ्यास का उद्देश्य समुद्री डकैतों और प्रदूषण के मुद्दों से निपटने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल और जापान के तटरक्षक बल के बीच सैन्य युद्धाभ्यास सहयोग-काइजिन किया जा रहा है। यह युद्धाभ्यास चेन्नई के तट पर हिंद महासागर में हो रहा है। भारत और जापान के तटरक्षक बलों के बीच सहयोग-काइजिन युद्धाभ्यास को लेकर साल 2006 में समझौता हुआ था। भारत और जापान क्वाड समूह के सदस्य हैं। हिंद महासागर में समुद्री डकैती की घटनाएं बढ़ी हैं। साथ ही चीन भी हिंद महासागर में अपने प्रभाव को बढ़ा रहा है। ऐसे में भारत और जापान लगातार सहयोग को बढ़ा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### चीन में कोयला खदान में विस्फोट, 10 की मौत



**बीजिंग।** चीन के हेनान प्रांत में एक भीषण हादसा हुआ है। एक कोयले की खदान में भीषण विस्फोट हुआ है, जिसमें 10 लोगों की मौत हो गई है। वहीं 6 लोग लापता बताए जा रहे हैं। चीन की सरकारी मीडिया 'सीसीटीवी' ने बताया कि दुर्घटना शुक्रवार को पिंगदिंगशन में दोपहर लगभग 2 बजकर 55 मिनट पर हुई। हादसा संभवतः कोयला और गैस में धमाके के कारण हुआ।

### चीन से 10.77 अरब लेकर लौटे मुइज्जू के बिगड़े बोल



**माले।** राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू चीन 10.77 अरब रुपए लेकर 5 दिवसीय यात्रा से स्वदेश लौट गए हैं। उन्होंने किसी देश का नाम लिए बिना, 'मालदीव को धमकाने का अधिकार' नहीं जैसी टिप्पणी की है। उन्होंने कहा कि हम किसी के पिछवाड़े में नहीं हैं। हम एक स्वतंत्र और संप्रभु राज्य हैं। सहायता का बड़ा हिस्सा माले में सड़कों के पुनर्विकास पर खर्च किया जाएगा।

### पाक में उच्चायुक्त जेने मैरियट 10 जनवरी को पहुंची थीं मीरपुर शहर

# यूके राजदूत के पीओके दौरे का भारत ने किया विरोध... संप्रभुता के साथ कोई समझौता नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेने मैरियट ने 10 जनवरी को पीओके के मीरपुर का दौरा किया था और उन्होंने अपनी इस यात्रा को सही भी बताया था। मैरियट पाकिस्तान में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त हैं।*

ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेने मैरियट के पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) दौरे पर भारत ने कड़ा विरोध जताते हुए इसे अपनी संप्रभुता का उल्लंघन बताया है।

विदेश मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि उसने 10 जनवरी 2024 को ब्रिटेन के विदेश कार्यालय के एक अधिकारी के साथ इस्लामाबाद में ब्रिटिश उच्चायुक्त की पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर की 'अत्यधिक आपत्तिजनक' यात्रा को 'गंभीरता से लिया है'। मैरियट, पाकिस्तान में पहली महिला ब्रिटिश उच्चायुक्त हैं। बता दें, ब्रिटेन की वजह से भारत का विभाजन हुआ और ब्रिटेन अभी भी भारत के खिलाफ काम करने से पहले एक बार संकोच नहीं करता है। ब्रिटेन की हाई कमिश्नर के पीओके दौरे से बवाल मच गया है।

**खास बातें**

- क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा उल्लंघन अस्वीकार्य
- भारत ने 'अत्यधिक आपत्तिजनक' यात्रा को 'गंभीरता से लिया
- उच्चायुक्त: ब्रिटेन और पाकिस्तान के लोगों के बीच संबंधों का केंद्र

### मीरपुर दौरे का भारत ने जताया कड़ा विरोध



**विदेश सचिव ने दर्ज कराया कड़ा विरोध**

भारतीय विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने ब्रिटिश उच्चायुक्त से कड़ा विरोध दर्ज कराया है। उन्होंने कहा कि भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का ऐसा उल्लंघन अस्वीकार्य है।

### उच्चायुक्त बोली-70% ब्रिटिश पाक जड़ें मीरपुर से हैं

पाकिस्तान में ब्रिटेन की उच्चायुक्त जेन मैरियट ने एक्स पर ट्वीट करते हुए 10 जनवरी को मीरपुर की यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की है। ब्रिटिश हाई कमिश्नर को तस्वीरों में कुछ खिलाड़ी बच्चों, एक मिठाई की दुकान, कुछ स्थानीय महिलाओं और एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए देखा जा सकता है। भारत द्वारा दावा किए जाने वाले क्षेत्र मीरपुर की अपनी यात्रा को उचित ठहराते हुए मैरियट ने कहा कि चूंकि 70% ब्रिटिश पाकिस्तानी जड़ें मीरपुर से हैं, इसलिए प्रवासियों के हितों के साथ मिलकर काम करना उनके लिए महत्वपूर्ण हो जाता है। अपनी यात्रा पर उन्होंने कहा था कि मीरपुर से सलाम, ब्रिटेन और पाकिस्तान के लोगों के बीच संबंधों का केंद्र। अपने आतिथ्य के लिए धन्यवाद।

### दौरे से उठे सवाल

दौरे के बाद अब सवाल उठ रहे हैं, कि क्या ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने अपनी मर्जी से पीओके का दौरा किया है, या फिर पाकिस्तान अधिगृहित कश्मीर के दौरे के पीछे ब्रिटेन की ऋषि सुनक सरकार की मंजूरी मिली हुई है, जो भारतीय मूल के हैं। एक्सपर्ट्स सवाल पूछ रहे हैं, कि ब्रिटिश सरकार की मंजूरी नहीं है, तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं की।

### वे पाक में पहली महिला राजदूत

पिछले साल जून में जेन मेरियट को पाक में ब्रिटेन का हाई कमिश्नर नियुक्त किया गया था, जिससे वह इस्लामाबाद में पहली महिला ब्रिटिश दूत बन गईं थीं। मैरियट सितंबर 2019 से केन्या में उच्चायुक्त थीं। उन्होंने डॉ. क्रिश्चियन टर्नर की जगह ली थी।

### रक्षा मंत्री ने प्रस्ताव को दी मंजूरी

# बीआरओ के दिहाड़ी मजदूरों को मिलेगा 10 लाख का बीमा

◆ मानवीय आधार पर बीमा कवरेज का प्रावधान एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला साबित होगा

- गंभीर जोखिम, दुर्गम इलाके और स्वास्थ्य खतरों और दुर्घटना को ध्यान में रखा गया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) की ओर से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए लगाए गए दिहाड़ी मजदूरों के लिए बीमा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार इस योजना के तहत परियोजना कार्यों के दौरान किसी मजदूर की मृत्यु होने पर उसके परिजनों को 10 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान के मुताबिक 'रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सीमा सड़क संगठन, जनरल रिजर्व इंजीनियर फोर्स द्वारा लगाए गए आकस्मिक वेतन भोगी मजदूरों (सीपीएल) के लिए चल रहे परियोजना कार्यों के लिए समूह (सावधि) बीमा योजना शुरू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

### पीड़ित परिवारों को मिलेगा सहारा

मंत्रालय ने कहा कि यह योजना देश के दूरदराज के क्षेत्रों में काम करने वाले सीपीएल के लिए एक सामाजिक सुरक्षा और कल्याणकारी उपाय के रूप में काम करेगी। रक्षा मंत्रालय के बयान के मुताबिक खतरनाक कार्यस्थलों पर तैनात सीपीएल के जीवन के लिए गंभीर जोखिम, खराब मौसम, दुर्गम इलाके और व्यावसायिक स्वास्थ्य खतरों और उनके काम के दौरान किसी भी दुर्घटना को ध्यान में रखते हुए, मानवीय आधार पर बीमा कवरेज का प्रावधान एक बड़ा मनोबल बढ़ाने वाला साबित होगा। मंत्रालय ने कहा कि यह योजना सीएलपी के परिवारों की आजीविका को सुरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**सही मार्ग पर चलने का दिया संदेश**

# दरगाह पर चढ़ाई पीएम मोदी की चादर

- देश-दुनिया में अमन और शांति की कामना की
- धानमंडी से दरगाह तक निकला पैदल जुलूस
- अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी चादर लेकर पहुंचे




**अजमेर।** चादर पेश करने के बाद दरगाह के बुलंद दरवाजे पर पीएम मोदी के संदेश को जायरीनों को सुनाया गया। पीएम मोदी के संदेश में कहा कि ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स मुबारक के अवसर पर ईश्वर से उनके अनुयायियों और अजमेर शरीफ आए सभी श्रद्धालुओं को बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं। भारत के संतों, पीरों और फकीरों ने अपने आदर्शों व विचारों से जन-जन को सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया है। लोगों में अमन शांति सद्भावना और भाईचारे का संदेश देते हुए उन्होंने हमारी सांस्कृतिक एकता को सशक्त किया।

### दिव्या पाहुजा मर्डर केस

# 12वें दिन टोहना की नहर में मिली मॉडल की बॉडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिव्या पाहुजा मर्डर केस में बड़ी कामयाबी हाथ लग गई है। एनडीआरएफ और गुरुग्राम क्राइम ब्रांच की टीम को दिव्या पाहुजा की बॉडी हरियाणा के टोहना के पास नहर में मिली है। 27 वर्षीय पूर्व मॉडल दिव्या पाहुजा की पिछले हफ्ते एक होटल के कमरे में गोली मारकर हत्या की गई थी। 4 लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

### पाहुजा के परिवार को तस्वीरें भेजीं

पुलिस ने कहा कि उन्होंने पाहुजा के परिवार को तस्वीरें भेजीं, जिन्होंने उसके शव की पहचान की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। गुरुग्राम के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मुकेश कुमार ने कहा कि घटना 1 जनवरी को हुई और शव को 2 जनवरी को फेंक दिया गया था। पीड़िता के शरीर की पहचान उसके टैटू से की। कल शाम कोलकाता हवाई अड्डे से गिरफ्तार बलराज गिल ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि उसने पूर्व मॉडल के शव को पटियाला में एक नहर में फेंक दिया था।

### स्वदेशी हथियारों पर रहेंगी नजरें, सेना की ताकत हैं यह हथियार

# गणतंत्र दिवस की परेड में 'मेड इन इंडिया' पर जोर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजपथ पर इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में मेड इन इंडिया हथियार आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेंगे। परेड के दौरान स्वदेशी हथियार जैसे एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर, पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर और एंटी टैंक मिसाइल नाग का प्रदर्शन किया जाएगा।

एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर देश का पहला स्वदेशी मल्टी रोल कॉम्बैट हेलीकॉप्टर है, जिसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन किया गया है।



### परेड में इन हथियारों का प्रदर्शन

इस साल गणतंत्र दिवस की परेड में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रां मुख्य अतिथि होंगे। मेड इन इंडिया हथियारों में टी-90 टैंक, बीएमपी-2 इंफेंट्री कॉम्बैट वाहन, ड्रोन जैमर्स, एडवांस्ड सर्वत्र ब्रिज, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलें और मल्टी फंक्शन रडार आदि का भी प्रदर्शन किया जाएगा। एलसीएच प्रचंड हेलीकॉप्टर और नाग मिसाइल सबसे ताकतवर हथियार हैं। इनकी भी झलक दिखेगी।

### सत्तारूढ़ पार्टी के नेता और हैं उपराष्ट्रपति

# लाई चिंग-ते ने ताइवान में जीता राष्ट्रपति का चुनाव

एजेंसी ▶▶ ताइपे

ताइवान में सत्तारूढ़ पार्टी के नेता और मौजूदा उपराष्ट्रपति विलियम लाई चिंग-ते ने राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया है।



डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी अपना तीसरा कार्यकाल शुरू करेगी। लाई चिंग और उनकी पार्टी को चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है। ऐसे में विलियम लाई चिंग-ते का चुनाव जीतना चीन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। चिंग-ते ने अपने दो प्रतिद्वंद्वियों केएमटी से होउ और पूर्व ताइपे मेयर को वेन-जे को हराया है।

### चीन ने किया है अलगाववादी घोषित

विलियम लाई की डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ताइवान की अलग पहचान का समर्थन करती है और चीन के क्षेत्रीय दावों को खारिज करती है। यही वजह है कि चीन ने चुनाव से पहले ही लाई चिंग को अलगाववादी घोषित कर दिया था। चीन ने कथित तौर पर ताइवान की जनता को धमकी देते हुए कहा था कि अगर वे सैन्य संघर्ष की स्थिति से बचना चाहते हैं तो उन्हें सही विकल्प चुनना होगा।

### 'खून के समंदर' में बदल रहा है लाल सागर, यमन ने दोनों देशों को दी चेतावनी

# अमेरिका-ब्रिटेन का हूती विद्रोहियों पर बड़ा हवाई हमला, बौखलाया तुर्की

*ताबड़तोड़ हवाई हमलों से दहला यमन, हूती के खिलाफ अमेरिका ने छेड़ी जंग*

एजेंसी ▶▶ अंकारा

लाल सागर में फिलिस्तीनियों के समर्थन में व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाए जाने के बाद अब अमेरिका और ब्रिटेन ने जवाबी हमला शुरू कर दिया है। यमन में एक साथ कई हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन ने हवाई हमले किए हैं।

इन हमलों में हूती विद्रोहियों को भारी नुकसान हुआ है। दोनों देशों ने हूती विद्रोहियों के ठिकानों पर बमबारी की है। हूती ठिकानों पर टॉमहॉक मिसाइलों और लड़ाकू जेट विमानों से हमला कर उसके लॉजिस्टिक हब, वायु रक्षा प्रणाली और हथियारों के जखीरे को निशाना बनाया गया है। माना जा रहा है कि इन हवाई हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ सकता है।

- हवाई हमलों के बाद पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने की आशंका
- यह कार्रवाई हूती विद्रोहियों द्वारा मालवाहक जहाजों को निशाना बनाने के बाद की
- भारत ने भी 10 युद्धपोत लाल सागर में कर दिए हैं तैनात

### पहली बार हूती विद्रोहियों पर बड़ी कार्रवाई



**तुर्की बोला-अमेरिका और ब्रिटेन को देंगे जवाब**

तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने यमन में हूती विद्रोहियों पर हमला करने पर एक कड़े शब्दों में टिप्पणी की है कि ये देश लाल सागर को 'खून के समुद्र' में बदलने की कोशिश कर रहे हैं। वह अमेरिका, ब्रिटेन को जरूरी जवाब देगा।

अमेरिका और ब्रिटेन ने हूती विद्रोहियों के खिलाफ पहली बार कार्रवाई की है। यह कार्रवाई हूती विद्रोहियों के उस हमले के बाद की गई है जिसमें उसने मालवाहक जहाजों को अपना निशाना बनाया था। इन हमलों के बाद हूती विद्रोहियों के खिलाफ चेतावनी भी जारी की गई थी। अमेरिका की ओर से बयान सामने आया था कि अगर मालवाहक जहाजों को हूती विद्रोहियों की ओर से निशाना बनाया गया तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि पिछले दिनों भारत ने भी अपने 10 युद्धपोत लाल सागर में तैनात कर दिए हैं।

### 20 देशों ने मिलकर शुरू किया ऑपरेशन

हूती विद्रोहियों के खिलाफ कई देश एकजुट हो गए हैं। लाल सागर में हूतियों के हमलों को रोकने के लिए यूके, यूएस, ऑस्ट्रेलिया, बहरीन, बेल्जियम, कनाडा, डेनमार्क, जर्मनी, इटली, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर ने मिलकर ऑपरेशन प्रॉस्पेरिटी गार्जियन लॉच किया है। इसमें हूती के ठिकानों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है। इन देशों की ओर से चेतावनी दी गई है कि अगर हूती विद्रोहियों के हमले जारी रहे तो उसके खिलाफ कई बड़े हमले किए जाएंगे।





**मकर संक्रांति विशेष**

मकर संक्रांति पर्व की धार्मिक ही नहीं अत्यधिक सांस्कृतिक महत्ता भी है। यह पर्व ऋतुचक्र में होने वाले परिवर्तन और सूर्य की गति में बदलाव को भी प्रकट करता है। यह पर्व देश के अलग-अलग भागों में विभिन्न रूपों और नामों से मनाया जाता है। लेकिन इसे मनाने की मूल भावना में निहित सामाजिक समरसता, इसकी खूबसूरती को और बढ़ा देता है।

## धार्मिक आस्था-सांस्कृतिक उल्लास का
# पवित्र पर्व मकर संक्रांति

**आवरण कथा / आर.सी.शर्मा**

पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण तक नाम भले अलग-अलग हों, लेकिन मकर संक्रांति का धार्मिक-सांस्कृतिक पर्व, पूरे भारत में मनाया जाता है। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। जैसे- उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में इसे मकर संक्रांति कहते हैं, तो पंजाब में लोहड़ी, गुजरात में उत्तरायण, उत्तराखंड में उत्तरायणी, केरल में पोंगल, असम में माघ बीहू और भोगाली बीहू, बिहार-उत्तर प्रदेश में खिचड़ी, बंगाल में दान पूर्व और तमिलनाडु में पोंगल के नाम से इसे मनाते हैं। चाहे पर्व के नाम अलग-अलग हों और इनके मनाने के तौर तरीके भी थोड़े अलग-अलग हों। लेकिन अपनी मूल प्रकृति और मूल आस्था में ये सारे पर्व एक ही होते हैं। नई फसल तैयार होने की खुशी में नाचना-गाना, सूर्य के उत्तरायण होने से उसके बढ़ते जीवनदायी ताप के प्रति आभार-सम्मान प्रकट करना और पवित्र नदियों में स्नान करने जैसी तमाम तरह की गतिविधियां, इन सभी पर्वों के मूल विधान में शामिल हैं।



केरल में पोंगल पर्व मनाते स्थानीय निवासी

### पर्व मनाने की शुभ तिथि

मकर संक्रांति आमतौर पर अंग्रेजी कैलेंडर के जनवरी माह में 14 या 15 जनवरी को मनाई जाती है। मकर संक्रांति की तिथि से सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, इसलिए यह मकर संक्रांति कहलाती है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण हो जाते हैं, जिसे शास्त्रों के मुताबिक देवताओं का दिन माना जाता है, जबकि दक्षिणायन को देवताओं की निशा यानी रात्रि माना जाता है। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक इस दिन किया गया दान, साल के बाकी किसी भी दिन में किए गए दान के मुकाबले कहीं ज्यादा पुण्य लाभ देने वाला होता है। इस साल मकर संक्रांति की तिथि आज रात के बाद यानी 15 जनवरी को ब्रह्म मुहूर्त से पहले 2 बजकर 54 मिनट से आरंभ होगी, जब सूर्यदेव धनु राशि से निकल कर मकर राशि में प्रवेश करेंगे।

### महत्वपूर्ण-पुण्यकारी धार्मिक कार्य

मकर संक्रांति के दिन सुबह उठकर सूर्य के निकलने से पहले या निकलते समय पवित्र नदियों में स्नान करना सबसे अच्छा माना जाता है। इसके बाद नए साफ वस्त्र पहनकर तांबे के लोटे में पानी भरकर उसमें काला तिल, गुड़ का छोटा टुकड़ा और अगर गंगा में नहीं नहा रहे तो थोड़ा गंगाजल मिलाकर सूर्यदेव को प्रणाम करते हुए उन्हें अर्घ्य दिया जाता है। इसके बाद गरीबों को दान दिया जाता है, इस दान में तिल और खिचड़ी का होना बहुत शुभ माना जाता है। ज्योतिष शास्त्र के मुताबिक मकर संक्रांति की सुबह घर में स्नान करें तो पानी में तिल और गंगाजल अवश्य मिला लें। किसी पवित्र नदी में स्नान कर रहे हों तो जिस जगह स्नान करें, वहां थोड़े तिल और गंगाजल छिड़क देना चाहिए। इस दिन सूर्यदेव शनि की राशि मकर में प्रवेश करते हैं, इसलिए मकर संक्रांति को शनि देव की पूजा भी करनी चाहिए।

### कहीं नृत्य तो कहीं पतंगबाजी

मकर संक्रांति देश के अलग-अलग हिस्सों में खूब मस्ती और उमंग के साथ मनाई जाती है। कहीं पर लोग ढोल की थाप पर नाचते-गाते हैं। जैसे पंजाब में भागड़ा और गिद्धा लोकनृत्य किया जाता है। इसी तरह असम में लोग बिहू लोकनृत्य में सामूहिक रूप से शामिल होते हैं। गुजरात और उत्तर भारत में इस अवसर पर बड़े पैमाने पर पतंग उत्सव का भी आयोजन किया जाता है।



असम में माघ बीहू के अवसर पर सामूहिक नृत्य करतीं महिलाएं

### पर्व का जीवन में महत्व

मकर संक्रांति पर्व का महत्व सिर्फ धार्मिक या पारंपरिक संस्कारों तक ही सीमित नहीं है। इसका सीधा-सीधा रिश्ता बदलते हुए ऋतु चक्रों से भी होता है। जिस कारण बहते हुए पानी में स्नान किए जाने की परंपरा इससे जोड़ी गई है। इसका वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य यह है कि इन तिथियों को बहते हुए पानी में ऊर्जा की अधिकता होती है और उस पानी में स्नान करने से इंसान बहुत तरह की शारीरिक व्याधियों से छुटकारा पा जाता है। साथ ही बदलते हुए मौसम के इस संधिकाल में सूर्य के ताप, पृथ्वी और जल की ऊर्जा का शरीर में इस तरह से प्रभाव पड़ता है कि हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है। इसलिए संक्रांति को सिर्फ धर्म की नहीं प्रकृति की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जाता है। *

### वर्ष में होती हैं तीन संक्रांतियां

**हिंदू पंचांग** के अनुसार पूरे वर्ष में एक नहीं तीन संक्रांतियां मनाई जाती हैं- मकर संक्रांति, विषुवत संक्रांति और कार्तिक संक्रांति। सभी में एक जैसी श्रद्धा और एक जैसी धार्मिक भावनाएं होती हैं। विषुवत संक्रांति अप्रैल माह में पड़ती है, इस तिथि पर सूर्य मेष राशि में प्रवेश करते हैं। साथ ही इसी दिन विशाखा नक्षत्र में भी प्रवेश करते हैं, इसलिए इसे वैशाखी भी कहा जाता है। इसी तरह कार्तिक संक्रांति हिंदुओं में बहुत पवित्र मानी जाती है। कार्तिक संक्रांति में सूर्य तुला राशि में प्रवेश करते हैं। आमतौर पर यह अक्टूबर के मध्य में आती है। सभी संक्रांतियों में सूर्योदय से पहले उठकर या उग रहे सूर्य के समय स्नान का विधान होता है। साथ ही इस दिन पवित्र नदियों में भी स्नान करने का महत्व बताया गया है। *

---

जीवन में सुकून और खुशी तो सभी चाहते हैं लेकिन इन्हें पाने के लिए किस रास्ते पर चलने की जरूरत होती है, इस बारे में कम ही लोगों को पता होता है। वास्तव में सुकून-खुशी हासिल करना कठिन नहीं है, अगर आप सही दिशा में इसे तलाश करें।

# सुकून-खुशी पाना कठिन नहीं है, अगर...

**जीवनशैली**
**शिखर चंद जैन**




अगर आपको दिल्ली से कोलकाता जाना हो लेकिन आप ट्रेन या फ्लाइट चेन्नई की पकड़ लें तो कोलकाता पहुंचेंगे या चेन्नई? यह सवाल आपको अटपटा लग सकता है लेकिन व्यावहारिक जीवन में देखें तो खुशी और सुकून की तलाश में हम कुछ इसी तरह गलत राह पर चलते हुए अपनी मंजिल से भटक जाते हैं और हमें इसका एहसास ही नहीं होता है।

**लिविंग स्टैंडर्ड का गलत पैमानाः** बेहतरी, सफलता, समृद्धि और सुकून के वास्तविक स्वरूप को समझने में लोग अकसर चूक जाते हैं। इसमें पूरी तरह गलती आपकी नहीं है। वास्तव में हमारा माहौल, संगत और समाज कई मामलों में हमारा नजरिया तय करते हैं। यही वजह है कि आज स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग हाई होने यानी सफलता और खुशहाली का प्रतीक भौतिक साधनों के बहुलता को माना जा रहा है। आपके जीवन का स्तर कितना ऊंचा है, यह इस बात से तय होता है कि आप का मकान शहर के किस पॉश इलाके में है, कितना बड़ा मकान या फ्लैट है, आपकी कार कितनी महंगी है, आपके यहां कितने नौकर-चाकर काम करते हैं, आपका बैंक बैलेंस कितना बड़ा है, आपका मोबाइल किस ब्रांड का है, आप शहर के किस रेस्तरां में डिनर या लंच के लिए जाते हैं, किस ब्रांड के कपड़े, घड़ी या जूते पहनते हैं? आप छुट्टियां बिताने के लिए विदेश जाते हैं या नहीं? इतना ही नहीं रेव पार्टीज में या महंगे क्लब्स में जाना भी स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग का प्रतीक बन गया है।



**अपना नुकसान खुद करते हमः** आज के दौर का यह सच बन गया है कि हममें से अधिकांश लोगों के जीवन का ज्यादातर समय इन्हीं को पा लेने की कोशिश में खप जाता है, इन्हीं में सुकून और खुशहाली की तलाश करते हुए अनजाने में ही हम परेशान, बदहाल और तनावग्रस्त रहने लगते हैं। पिछली सदी में बुजुर्ग और अब तो वैज्ञानिक भी कहते हैं कि चिंता, चिता के समान होती है। हम अपनी ही नासमझी से गलत जीवनशैली के कारण उच्च रक्तचाप, मधुमेह, स्ट्रोक, हृदय रोगों और कैंसर जैसे घातक रोगों के शिकार बेहद आसानी से हो जाते हैं। नतीजतन ना मनचाहा खा सकते हैं ना ढंग से सो पाते हैं। कहा गया है कि पहला सुख निरोगी काया। लेकिन जब माया के चक्कर में काया ही रोगी हो गई तो सुख और सुकून भला कैसे मिलेंगे?

**गलत मार्ग पर मंजिल की तलाशः** हममें से अधिकतर लोग समझ ही नहीं पाते कि आखिर इतने प्रयासों के बावजूद हम सुखी क्यों नहीं हो पा रहे हैं? सीधी सी बात है, जाना था जापान पहुंच गए चीन वाली कहावत हमारे साथ लागू हो गई है। हमारे प्रयास ही गलत दिशा में और गलत चीजों के लिए होते हैं। हमारा लक्ष्य कुछ और होता है और राह हम दूसरी पकड़ लेते हैं। हम अपने जीवन का स्तर ऊंचा करने की बजाय, इसे छोड़कर दूसरी भौतिक, दिखावटी और गैर जरूरी चीजों का स्तर ऊंचा करने में जुट जाते हैं। स्टैंडर्ड ऑफ लिविंग को ऊंचा करना एक अंतहीन प्रयास है, जिसका कोई उच्चतम मापदंड आज तक कोई निश्चित नहीं कर पाया है। आप चाहे जितना महंगा सामान खरीदेंगे, आपसे भी महंगा किसी और के पास मिल जाएगा। उसे देखते ही आपका अहं, चूर-चूर हो जाएगा और खुशी काफूर हो जाएगी।




**आंतरिक सुकून की राहः** आपको जीवन का स्तर ऊंचा रखना है, सुकून, सुख और खुशहाली से रहना है तो जरूरतों और चाहतों में अंतर समझना होगा। जीवन का स्तर आंतरिक सुख से ऊंचा होगा, जो संतोष से प्राप्त होता है। कहा भी गया है, संतोषम् परम सुखम्। अध्यात्म, प्राणायाम, योग, ध्यान आदि को अपनाना होगा। परमार्थ की भावना, दयालुता, परोपकार, समाज की सेवा और मनुष्य मात्र के प्रति संवेदनशीलता हमें जीवन के उच्चतम स्तर तक पहुंचा सकती है। झूठ, छल, कपट, धोखाधड़ी, झूठ, ईर्ष्या, लालच, क्रोध जैसे दुखी करने वाले जंजालों से मुक्ति पानी होगी। जैसे किसी तालाब के पानी से काई, तृण, गंदगी और विषाणु निकालकर उसे हल्का, सुपाच्य और स्वस्थ पेय जल बनाया जा सकता है, वैसे ही जीवन से इन अवांछित तत्वों और नकारात्मक भावनाओं को निकाल दें तो जीवन स्वच्छ जल की मानिंद हल्का और सुकून देने वाला बन सकता है। इस प्रकार का जीवन जीने वाला स्वतः ही अपने समाज में चहेता, प्रशंसनीय, स्नेह का पात्र और आदरणीय बन जाता है। लोग उसका सम्मान करते हैं। लोगों से जब ऐसा आदरपूर्ण और स्नेहिल व्यवहार मिलेगा तो आपको अतुलनीय आंतरिक आनंद और सुकून मिल जाएगा। *

---

**नवगीत / शिवचरण चौहान**

## धूप आई, जान आई



धूप आई
जान आई!
शीत से मारे हुए
फूलों के मुख
मुस्कान आई।
आएगा ऋतुराज पक्का
जानते हैं हम सभी
पर शिशिर, हेमंत तो
सबको रुलाएगा अभी,
सभी के चेहरों में मीठी
धूप है मुस्कान लाई।।
धुंध, कोहरे से महीना
गले तक डूबा हुआ था।
और भारत इस अयाचित
बर्फ से ऊबा हुआ था।
आज चिड़ियों के
स्वरों में एक मधुरिम
तान आई।
धूप निकली है छिटक कर
जान में है जान आई।।

**पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण**

## कविता में उम्मीद

हाल में युवा कवि अनुराग वत्स का पहला कविता संग्रह 'उम्मीद प्रेम का अन्न है' छपकर आया है। इसमें उनकी कई छोटी कविताओं के साथ ही आत्मकथ्य भी संकलित हैं। इस पुस्तक की कई कविताएं, प्रेमानुभूति से जुड़ी बहुत बारीक संवेदनाओं को व्यक्त करती हैं। *'बात न हो, बात की याद हो/तो वह याद ही भेज दो।'* जैसी पंक्तियां मन के भीतर ठहर सी जाती हैं। प्रेम की अनुभूति से इतर भी कुछ कविताएं, अनुराग की सूक्ष्म संवेदनात्मक दृष्टि को प्रमाणित करती हैं। इस लिहाज से 'पिताः1' कविता को देख सकते हैं, जिसमें पिता शब्द को लिखे बिना ही अनुराग, मार्मिकता से उनकी अनुपस्थिति को महसूस करते हैं। इसी तरह 'हाथ की कांप' में वह दार्शनिक लहजे में जीवन और नियति को परिभाषित करते हैं। कहा जा सकता है कि किसी वाद या वैचारिकता से मुक्त ये भावसंपन्न कविताएं, आने वाले समय में अनुराग से और बेहतर रचनाओं की उम्मीद जगाती हैं। *



**पुस्तकः** उम्मीद प्रेम का अन्न है (कविता संग्रह), **लेखकः** अनुराग वत्स, **मूल्यः** 150 रुपए, **प्रकाशकः** रुख पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

---

**कहानी**
**शीला श्रीवास्तव**

सविता जी को इस बात की चिंता मन ही मन में सताए हुए थी कि बेटे रवि की शादी के बाद उनका प्यार बंट जाएगा। वह पत्नी का साथ पाकर उनसे दूर हो जाएगा। इसलिए वह उसकी शादी टाल रही थीं। मां के आगाध प्रेम पर केंद्रित दिल को छूती कहानी।

# अलगाव



मंदिर से आकर सविता जी धम्म से सोफे पर बैठ गईं। पति जयप्रकाश जी ने धीमे स्वर में पूछा, 'क्या बात है भाग्यवान, मूड क्यों खराब है?'

'पता नहीं, लोगों को क्या पड़ी है, जो बार-बार हमारे बेटे रवि की शादी के बारे में पूछते हैं। अरे, नहीं करनी मुझे रवि की शादी। शादी के बाद वह भी हमसे अलग हो जाएगा।' सविता जी कुढ़ते हुए बोलीं।

'तुम स्वार्थी हो गई हो रवि की मां। अपने स्वार्थ के लिए तुम अपने बेटे को सदा के लिए कुंवारा रखना चाहती हो।' जयप्रकाश जी गंभीर स्वर में बोले।

'आपको जो समझना है, समझिए।' दोनों पति-पत्नी में बहस चल ही रही थी, तभी रवि आ गया। उसके आते ही दोनों ऐसे हंस-हंसकर बातें करने लगे, जैसे उनके बीच कोई हास-परिहास चल रहा हो।

दरअसल, रवि अपनी मां के मन से अनभिज्ञ अपनी एक कुलीग सुजाता से प्यार कर बैठा। एक दिन सकुचाते-सकुचाते उसने अपने दिल की बात अपनी मां से कह ही दी। सविता जी को जैसे झटका-सा लगा। वह जड़वत रह गईं। तभी रवि ने मां को झकझोरते हुए पूछा था, 'क्या सोच रही हो मां?'

'कुछ नहीं बेटा, शादी की अभी इतनी जल्दी क्या है? अभी छब्बीस की ही तो उम्र है तुम्हारी।' सविता जी अपनी भावनाओं को छुपाते हुए बोली थीं।

बस उसी दिन से रवि उदास रहने लगा। सविता जी अपने बेटे के उदासी के कारण को अच्छी तरह जानती थीं, लेकिन वह अपनी शंकाओं से मुक्त भी तो नहीं हो पा रही थीं।

एक दिन वह अपने बेटे रवि के सिर पर हाथ फेरते हुए बोलीं, 'काश! तू हमेशा बच्चा ही रहता तो कितना अच्छा होता, लेकिन अब तू बड़ा हो गया है। तुझे मां की नहीं बल्कि एक जीवन संगिनी की जरूरत है...।' लेकिन सविता जी ने वाक्य अधूरा ही छोड़ दिया। उनकी आवाज बीच में ही भर आई थी, आंखों से मोटे-मोटे आंसू टपक पड़े।

रवि अपनी मां के आंसुओं का मतलब नहीं समझ पाया, इसलिए आश्चर्य और प्रश्न भरी नजरों से मां को निहारने लगा। तभी जयप्रकाश जी ने बात संभाली, 'अरे बेटा, तुम्हारी मां डरती है कि शादी के बाद कहीं तुम्हारा प्यार बंट ना जाए।'

'ओफ्फ हो मां.. तुम भी न, कुछ भी सोचती रहती हो।' रवि हंसते हुए बोला।

रवि के ऑफिस जाने के बाद जयप्रकाश जी ने सविता जी को समझाया, 'देखो रवि की मां, हम मां-बाप को अपना फर्ज निभाना चाहिए। अब आगे चलकर बेटा-बहू हमें पूछें या ना पूछें, यह उनकी मर्जी। अपने स्वार्थ में अंधे होकर हम अपने बच्चों की खुशियों को दांव पर तो नहीं लगा सकते ना।'

जयप्रकाश जी एक पल रुक कर आगे बोले, 'अच्छा बताओ, तुम्हें ज्यादा खुशी किस बात में होगी, जब रवि कुंवारा रहकर दुखी मन से हम लोगों की सेवा करेगा या फिर अपने जीवन साथी के साथ खुशहाल जिंदगी जिएगा?'

'हां, मैं स्वार्थी हो गई थी। मेरे लिए तो मेरे बेटे की खुशी से बढ़कर कुछ और नहीं होना चाहिए। यह सही नहीं है।' सविता जी को अपने पति की बात अच्छे से समझ में आ गई थी।

दूसरे ही दिन सविता जी अपना घुटना लेकर बैठ गईं।

'क्या हुआ मां, घुटने में दर्द हो रहा है क्या?' रवि ने पूछा।

'हां रे, बहुत दर्द हो रहा है। अब मुझसे ज्यादा काम नहीं होता। ऐसा कर तू शादी कर ले।' सविता जी झूठ-मूठ दर्द से कराहती हुई बोलीं।

'क्या मां, कभी तुम कुछ बोलती हो तो कभी कुछ।' रवि सहज स्वर में बोला। जयप्रकाश जी अपनी पत्नी के बहाने को अच्छी तरह समझ रहे थे, इसलिए तपाक से बीच में बोल पड़े, 'अब तुम्हारी मां सठिया गई हैं बेटा। बहू आ जाएगी तो इनको सहारा मिल जाएगा।'

'ऐसी बात है तो मैं कल ही लड़की वालों को घर पर बुलाता हूं।' रवि खुशी से चहकते हुए बोला तो सविता जी की आंखें भर आईं। इस बार उनकी आंखों में स्नेह के आंसू थे।

जयप्रकाश जी ने राहत की सांस ली। *

---



**लघुकथा / डॉ. मोनिका शर्मा**

## त्योहारी शगुन

श्वेता संक्रांति के पर्व पर दिए जाने वाले शगुन को सगे-संबंधियों और आस-पड़ोस की महिलाओं के बजाय मेड सर्वेंट्स को देती रही है। आज त्योहार के दिन सुबह-सुबह शगुन सामग्री बांटने की तैयारी में जुटी श्वेता को सासू मां ने टोका। सुहाग से जुड़ी चीजें अपनी बराबरी वालों को देने की सलाह देतीं, सासू मां के आपत्ति जताने पर उसने सहज भाव से कहा, 'इसमें बराबरी कैसी मां? यूं इस पर्व पर स्नेह स्वरूप भेंट देने की रीत पुण्य कमाने से ज्यादा परवाह के भाव से जुड़ी है। परवाह की सोच प्रेम की डोर से बंधी है। प्रेम का आधार किसी के जीवन को सहज बनाना है। सहजता किसी की आवश्यकताओं और परिस्थितियों को समझकर मदद करने की श्रद्धा से जुड़ी है।' 'अच्छा ठीक है...ठीक है।' कहते हुए सासू मां ने मुस्कुराते हुए हामी भरी। फिर थोड़ी गंभीर होकर बोलीं, 'हां, बात तो सही है। आपस में लेना-देना करने से तो इस रीत के मायने ही बदल गए। यह रिवाज बना तो सौगात स्वरूप एक-दूजे का जीवन सहज बनाने वाले सामान देने को लेकर ही है ना। समय के साथ रीत भी बदलनी ही चाहिए बहू।'

श्वेता की खुशी सासू मां का समर्थन पाकर और बढ़ गई। उसने प्यार भरे अंदाज में सूचित करते हुए कहा, 'मेरा ही नहीं, अबके बरस आपका शगुन भी ठंड के मौसम में हमारा जीवन सहज-सुविधाजनक बनाने वाली मेड सर्वेंट्स को देंगे मां।'

त्योहार के दिन घर के स्नेहमयी परिवेश में इस बात पर लगा दोनों का ठहाका डोर बेल बजते ही रुका। कड़कड़ाती ठंड में श्वेता ने ठिठके हाथों से दरवाजा खोला तो पिछले साल त्योहारी सौगात में दी स्वेटर पहने उनकी घरेलू सहायिका खड़ी थी। उसके भीतर आते ही सास-बहू ने मानवीय अनुभूतियों भरी मुस्कुराहट संग एक-दूजे की ओर देखा और शगुन की सामग्री पर जा टिकी उनकी आंखें संवेदनाओं की नमी से भीग गईं। आसमान तक छाई रंग-बिरंगी त्योहारी रौनक में आज दो पीढ़ियां परवाह के भाव से उपजे सार्थक परिवर्तन की साक्षी बनीं, विचार के बदलाव से आए व्यावहारिक परिणाम को देख रही थीं। *

**लेखक ध्यान दें...**

लेखक रविवार भारती में प्रकाशनार्थ अपनी रचनाएं / लेख कृपया ई-मेल आईडी haribhoomifeaturedep@gmail.com पर भेजें।

# श्रृंखला जीतने उतरेगा भारत, कोहली की होगी वापसी, अफगान के खिलाफ टी20 आज

एजेंसी ▶▶| इंदौर

अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में जीत को अब भी क्रिकेट की बड़ी उपलब्धियां में नहीं गिना जाएगा। लेकिन भारत के कुछ खिलाड़ी रविवार को यहां होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में इसे हासिल करने के लिए बेताब होंगे, ताकि वह टीम में अपनी जगह पक्की करने के लिए दावा मजबूत कर सकें। भारत ने मोहाली में खेले गए पहले मैच में 6 विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बनाई।

ऐसे में जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर और अक्षर पटेल जैसे खिलाड़ियों के लिए यह अनिवार्य हो गया है कि वह अफगानिस्तान के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके चयनकर्ताओं की नजर में बने रहें जिनका लक्ष्य टी20 विश्व कप के लिए अदद टीम का चयन करना है। भारतीय टीम को जून में होने वाले विश्व कप से पहले कोई अन्य टी20 श्रृंखला नहीं खेली है और ऐसे में अफगानिस्तान के खिलाफ प्रदर्शन काफी मायने रखता है।



## युवा अच्छा प्रदर्शन कर खीचेंगे चयनकर्ताओं का ध्यान

### तिलक को मौका मिलना मुश्किल

तिलक वर्मा का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने पिछले साल वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैच की श्रृंखला में 39, 51 और नाबाद 49 रन बनाकर शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद वह अगली 13 पारियों में केवल एक अर्धशतक लगा पाए। इस 21 वर्षीय बल्लेबाज के लिए यह आंकड़े पर्याप्त नहीं होंगे और उन्हें बड़ी पारी खेलने की जरूरत है। हालांकि यह देखना होगा कि वह अंतिम एकादश में जगह बना पाते हैं कि नहीं क्योंकि स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पहले मैच में नहीं खेल पाने के बाद इस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।



**टीम इस प्रकार है**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा, संजू सैमसन, शिवम दुबे, वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, आवेश खान, मुकेश कुमार।

**अफगानिस्तान:** इब्राहिम जादरान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इकराम अलीखिल, हजरतुल्लाह जजई, रहमत शाह, नजीबुल्लाह जादरान, मोहम्मद नबी, करीम जनत, अजमतुल्लाह उमरजई, शराफुद्दीन अशरफ, मुजीब उर रहमान, फजलहक फारुकी, फरीद अहमद, नवीन उल हक, नूर अहमद, मोहम्मद सलीम, क्रैस अहमद, गुलबदीन नायब, राशिद खान।

### अक्षर टेस्ट के लिए तैयार

चोटिल होने के कारण वनडे विश्व कप में नहीं खेल पाने वाले अक्षर अब सीमित ओवरों ही नहीं बल्कि टेस्ट मैचों में खेलने के लिए भी तैयार है। बाएं हाथ के इस स्पिनर के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने अफगानिस्तान के खिलाफ मोहाली में पहले टी20 मैच में 23 रन दे कर दो विकेट लिए थे। वह अगले मैच में भी अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।


### विकेटकीपर जितेश ने किशन को पीछे छोड़ा

जितेश ने ईशान किशन को पीछे छोड़कर विकेटकीपर बल्लेबाज की दौड़ में खुद को आगे कर दिया है। उन्होंने निचले मध्यक्रम में कुछ उपयोगी पारियां खेली हैं और वह अपना दावा पक्का करने के लिए बड़ी पारियां खेलने की कोशिश करेंगे।

### अफगानिस्तान के पास प्रतिभाशाली खिलाड़ी मौजूद

भारतीय टीम अफगानिस्तान को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी क्योंकि उसके पास कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। युवा रहमानुल्लाह गुरबाज़, अज़मतुल्लाह उमरज़ई और अनुभवी मोहम्मद नबी किसी भी तरह के गेंदबाजी आक्रमण को तहस नहस करने की क्षमता रखते हैं। गेंदबाजी विभाग में स्टार स्पिनर राशिद खान की अनुपस्थिति के बावजूद अफगानिस्तान के पास मुजीब उर रहमान जैसा उपयोगी स्पिनर है। तेज गेंदबाजी विभाग में नवीन उल हक और फजलहक फारूकी अच्छी भूमिका निभा रहे हैं।

## खबर संक्षेप




### भारत एशिया कप में आस्ट्रेलिया से हारा

**अल रेयान।** भारत ने शनिवार को यहां एएफसी एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के शुरुआती ग्रुप मैच में 50वें मिनट तक मजबूत आस्ट्रेलियाई टीम को गोल नहीं करने दिया लेकिन अंत में उसे 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। आस्ट्रेलिया के लिए ग्रुप बी के इस मैच में जैक्सन इरविन ने 50वें और जोर्डन ब्रोस ने 73वें मिनट में गोल दागा। भारत 18 जनवरी को दूसरे मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगा।


### फॉर्मूला ई से जुड़ने का यह सही समय

**मैक्सिको सिटी।** भारतीय रेसर जेहान दारूवाला को इस बात का खेद नहीं है कि उन्होंने फॉर्मूला वन में जगह बनाने के लिए जूनियर सीरीज में कुछ अतिरिक्त वर्ष लगाए और उन्होंने कहा कि यह फार्मूला ई से जुड़ने का सही समय है। जेहान ने चार साल फार्मूला 2 में रेड बुल जूनियर टीम का हिस्सा रहने के बाद अब फॉर्मूला ई की तरफ रुख किया है। वह फॉर्मूला वन में जगह बनाने में नाकाम रहे। फॉर्मूला 2 में समय बिताने के बाद वह एक साल तक फॉर्मूला ई में महिंद्रा रेसिंग के साथ रिजर्व ड्राइवर रहे।



### कलाई की चोट पूरी तरह ठीक : जोकोविच

**मेलबर्न।** सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच की योजना हर साल की तरह 2024 की शुरुआत आस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंडस्लैम खिताब के साथ करने की है और उनका कहना है कि उनकी कलाई की चोट अब पूरी तरह ठीक है। पिछले हफ्ते यूनाईटेड कप में सर्बिया की ओर से खेलते हुए उनकी कलाई चोटिल हो गयी थी जिससे क्वार्टर फाइनल में उन्हें दो बार उपचार की जरूरत पड़ी थी और फिर वह आस्ट्रेलिया के एलेक्स डि मिनॉर से हार गए थे। जोकोविच ने कहा, 'मेरी कलाई अच्छी है।



### बीसीबी का अध्यक्ष पद छोड़ेंगे हसन

**ढाका।** नजमुल हसन आम चुनाव में जीत के बाद खेल मंत्री बनाए जाने के कारण बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष पद छोड़ देंगे। नजमुल 2012 से बीसीबी के अध्यक्ष हैं। उन्होंने 7 जनवरी को हुए चुनाव में किशोरगंज-6 से जी दर्ज की थी और इसके चार दिन बाद उन्हें युवा एवं खेल मंत्री पद सौंपा गया। इसके बाद उनके वर्तमान पद से हटने की संभावना है। नजमुल ने पत्रकारों से कहा, 'मैं दोनों पदों पर बने रह सकता हूं। मंत्री पद हासिल करने और बीसीबी के पद से हटने के बीच कोई संबंध नहीं है। यह कोई मुद्दा नहीं है।'



## महिला ओलंपिक क्वालीफायर: ओरुज, जेटे और लिसा ने दागे गोल

# जर्मनी ने चिली को 3-0 से हराया, सुजुकी और ओइकावा के गोल से जीता जापान

एजेंसी ▶▶| रांची

खिताब के प्रबल दावेदार जर्मनी ने दमदार प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां अपने से कम रैंकिंग के चिली को 3-0 से हराकर एफआईएच महिला ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। विश्व में पांचवें नंबर की टीम जर्मनी ने पूल बी के शुरुआती मैच में सेलिन ओरुज़ (7वें मिनट), जेटे फ्लेस्कट्ज़ (10वें) और लिसा नोल्टे (38वें) के गोल की मदद से दुनिया की 14वें नंबर की टीम चिली पर आसान जीत दर्ज की।

जर्मनी ने उम्मीद के अनुरूप आक्रामक शुरुआत की और मैच में अधिकतर समय अपना दबदबा बनाए रखा। चिली की टीम टुकड़ों में ही अच्छा प्रदर्शन कर पाई। जर्मनी ने दूसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। ओरुज़ ने हालांकि जल्द ही दूसरे पेनल्टी कार्नर को गोल में बदल दिया। इसके तीन मिनट बाद फ्लेस्कट्ज़ ने मैदानी गोल दागा। इसके बाद चिली ने भी दो पेनल्टी कार्नर हासिल किये लेकिन वह उनका फायदा नहीं उठा पाया। नोल्टे ने 38वें मिनट में मैदानी गोल करके जर्मनी की जीत सुनिश्चित की।



### डेविस के दो गोल से जीता न्यूजीलैंड

*फ्रांसिस डेविस के दो गोल की मदद से न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के अपने शुरुआती पूल बी मैच में तीन पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर इटली को 3-0 से हराया। न्यूजीलैंड के लिए डेविस (सातवें, 51वें मिनट) के अलावा स्टेफनी डिकिंस (53वें मिनट) भी गोल दागने में सफल रही। न्यूजीलैंड ने इस मैच की शुरुआत से आक्रामक खेल से इटली की रक्षा पंक्ति पर दबाव बना दिया। न्यूजीलैंड के सामने अपने अगले मैच में रविवार को यहां मेजबान भारत की चुनौती होगी।*

### जापान ने चेक गणराज्य को 2-0 से हराया

*एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान को शनिवार को यहां एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के पूल ए के शुरुआती मैच में निचली रैंकिंग पर काबिज चेक गणराज्य को 2-0 से हराने में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जकार्ता एशियाड 2018 जीतने वाली जापान की टीम ने हालांकि मैच के ज्यादातर हिस्से में नियंत्रण बनाए रखा लेकिन दो ही गोल कर सकी। मियू सुजुकी ने चौथे मिनट में जापान के लिए दूसरे पेनल्टी कॉर्नर पर रिबाउंड पर पहला गोल दागा। इसके बाद शिहोरी ओइकावा ने 40वें मिनट में दूसरा गोल किया। जापान ने मैच में आठ पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए जबकि प्रतिद्वंद्वी टीम को केवल एक ही मिला। जापान रविवार को जर्मनी से भिड़ेगा जबकि चेक गणराज्य का सामना चिली से होगा।*

# सात्विक-चिराग सुपर 1000 खिताब से एक जीत दूर



एजेंसी ▶▶| कुआलालंपुर

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने शनिवार को कोरिया की विश्व चैंपियन सेओ सेउंग जे और कांग मिन ह्युकडिश की जोड़ी को को सीधे गेम में हराकर मलेशिया ओपन सुपर 1000 पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश किया।

विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने सत्र के अपने पहले टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दूसरे गेम में शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने इस करीबी मुकाबले का पहला गेम 21-18 से जीता। दूसरे गेम में कोरिया की जोड़ी के पास छह गेम प्वाइंट थे लेकिन भारतीय जोड़ी ने लगातार आठ अंक जुटा कर इस गेम को 22-20 से जीतने के साथ फाइनल का टिकट पक्का किया। सात्विक और चिराग इस तरह अपने दूसरे सुपर 1000 खिताब से केवल एक कदम दूर है। उन्होंने इस स्तर का अपना पहला खिताब पिछले साल जून में इंडोनेशियाई ओपन में जीता था। भारतीय जोड़ी ने इंडोनेशिया ओपन में भी इसी कोरियाई जोड़ी को हराया था।

### टी20 पहली द्विपक्षीय श्रृंखला सही कदम

*इंदौर। भारत के खिलाफ सीमित ओवर की पहली द्विपक्षीय श्रृंखला को 'सही दिशा में उठाया गया कदम' करार देते हुए अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने शनिवार को उम्मीद जताई कि उनकी टीम को भविष्य में अन्य देशों के खिलाफ भी अधिक मौके मिलेंगे। अफगानिस्तान ने 2018 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था और अब ट्रॉट इस अनुभव को आगे बढ़ाना चाहते हैं। ट्रॉट ने कहा, 'द्विपक्षीय श्रृंखला हमारी टीम के लिए सही दिशा में एक कदम है। यह टीम द्वारा की गई प्रगति का संकेत है।'*

## नवारो ने जीता होबार्ट इंटरनेशनल खिताब

एजेंसी ▶▶| होबार्ट



*अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने शनिवार को यहां संघर्षपूर्ण फाइनल में दो बार की चैंपियन और शीर्ष वरीयता प्राप्त एलिस मर्टेंस को हराकर होबार्ट इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। पहली बार किसी डब्लूटीए टूर्नामेंट के फाइनल में खेल रही नवारो ने मर्टेंस को तीन सेट में 6-1, 4-6, 7-5 से हराकर जीत हासिल की। यह मैच दो घंटे 48 मिनट तक चला। इस तरह से अमेरिका की किसी खिलाड़ी ने लगातार दूसरे साल इस प्रतियोगिता का खिताब जीता। पिछले साल अमेरिका की ही लॉरेन डेविस यहां चैंपियन बनी थी।*

### मयंक के शतक ने कर्नाटक ने बनाई 64 रन की बढ़त

*अहमदाबाद। कप्तान मयंक अग्रवाल (109 रन) के शतक से कर्नाटक ने शनिवार को यहां रणजी ट्राफी ग्रुप सी मैच के दूसरे दिन गुजरात के खिलाफ 64 रन की बढ़त हासिल की। गुजरात को शुरुआती दिन 263 रन पर समेटने के बाद कर्नाटक ने स्टंप तक पांच विकेट पर 328 रन बना लिए। मनीष पांडे 50 और सुजय सातेरी 24 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। दोनों 60 रन की भागीदारी निभा चुके हैं। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज समर्थ (60) और मयंक ने 172 रन की भागीदारी निभाकर टीम को शनिवार को अच्छी शुरूआत करायी। मयंक ने 124 गेंद में 17 चौके और एक छक्के से अपना 16वां प्रथम श्रेणी शतक जड़ा।*

## निशानेबाज विजयवीर ने भारत को दिलाया 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा

एजेंसी ▶▶| जकार्ता

भारत के विजयवीर सिद्धू ने शनिवार को यहां एशिया ओलंपिक क्वालीफायर की पुरुष 25 मीटर रैपिड फायर स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश को 17वां पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाया।

इस तरह वह 25 मीटर रैपिड फायर में पेरिस ओलंपिक कोटा दिलाकर सीनियर साथी अनीश भानवाला के साथ शामिल हो गए। उन्होंने फाइनल में क्वालीफाई करते ही कोटा हासिल कर लिया था। शनिवार को फाइनल में पहुंचने वाले छह में से चार निशानेबाजों को कोटा स्थान मिलना तय था।



### चोटिल हॉलैंड का 15 दिन बाहर रहने की संभावना

*मैनचेस्टर। स्टार स्ट्राइकर अर्लिंग हॉलैंड पांव की चोट के कारण मैनचेस्टर सिटी की तरफ से इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल प्रतियोगिता में न्यूकैसल के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे और उनके जनवरी के आखिर तक बाहर रहने की संभावना है। नार्वे का यह स्ट्राइकर चोटिल होने के कारण सभी प्रतियोगिताओं में पिछले आठ मैच में नहीं खेल पाया है। इसके बावजूद वह प्रीमियर लीग में 14 गोल करके सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों में संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। हॉलैंड ने मैनचेस्टर सिटी की 6 दिसंबर को एस्टन विला के हाथों 1-0 से हार के बाद कोई मैच नहीं खेला है।*

## रजत का शतक, सरफराज ने बनाए 96 रन

# भारत 'ए' और इंग्लैंड लायन्स का अभ्यास मैच ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

रजत पाटीदार ने 111 रन की शानदार पारी खेली लेकिन सरफराज खान चार रन से शतक चूक गए जिससे भारत 'ए' और इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच में शनिवार को अपनी पहली पारी में बड़ी बढ़त के साथ मैच ड्रॉ कराया। इंग्लैंड लायंस के 233 रन के जवाब में भारत ए ने दूसरे दिन मैच की समाप्ति तक अपनी पहली पारी में आठ विकेट पर 462 रन बनाए। भारत ए की टीम इस समय 229 रन से आगे थी।

भारतीय टीम ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 123 रन की लेकिन उसने जल्द ही प्रदोष रंजन पॉल (21) का विकेट गंवा दिया। पाटीदार और सरफराज (96) ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी को कैलम पार्किंसन ने पाटीदार को आउट कर तोड़ा। सरफराज को इसके बाद कोना भरत (64) के साथ अच्छा साथ मिला और दोनों ने चौथे विकेट के लिए 121 रन की साझेदारी कर भारत को मजबूत बढ़त दिला दी। भारतीय टीम में जगह हासिल करने वाले ध्रुव जुरेल (50) ने इसके बाद मानव सुतार (26) के साथ छठे विकेट के लिए 57 रन जोड़कर टीम को 400 रन के करीब पहुंचाया।



### टेस्ट में पारी का आगाज करना मेरे लिए नया नहीं

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में पारी का आगाज करने के लिए तैयार स्टीव स्मिथ ने शनिवार को कहा कि यह उनके लिए नई भूमिका नहीं है क्योंकि वह तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते रहे हैं तथा उन्हें नई गेंद का सामना करने की चुनौती पसंद है। स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला में डेविड वार्नर की जगह सलामी बल्लेबाज की भूमिका निभाएंगे। वार्नर ने इस महीने के शुरू में पाकिस्तान के खिलाफ अपना आखिरी टेस्ट मैच खेलकर खेल के इस प्रारूप से संन्यास ले लिया था। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट मैच के लिए कैम बैनक्रॉफ्ट और मार्कस हैरिस को टीम में नहीं लिया गया है जबकि मैट रेनशॉ को रिजर्व खिलाड़ी चुना गया है। ऐसे में स्मिथ का उस्मान ख्वाजा के साथ पारी की शुरुआत करना तय है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान को लगता है कि मार्नस लाबुशेन के तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने के कारण उन्हें लंबा इंतजार करना पड़ता है।

हरिभूमि
पाठक पुरस्कार योजना-2023 कूपन फार्मेट जमा करने हेतु निम्न स्थानों पर संपर्क करें
भोपाल - मानसरोवर काम्पलेक्स
हरिभूमि कार्यालय- मानसरोवर काम्पलेक्स, 4 फ्लोर, पीबी-2, बी ब्लॉक, नियर रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन, शिवाजी नगर, भोपाल पिन नं. -462016 फोन नं.- 0755-4049935, मोबाईल नं. - 8349245522
भोपाल - चिनार इंक्यूब बिजनेस सेंटर
हरिभूमि कार्यालय - 4 फ्लोर, चिनार इंक्यूब बिजनेस सेंटर, होशंगाबाद रोड भोपाल मोबाईल नं.- 7987200297
भोपाल - गोविंदपुरा
हरिभूमि कार्यालय - प्लाट नं. 160, न्यू एच सेक्टर इंडस्ट्रीयल एस्टेट गोविंदपुरा भोपाल पिन नं. -462023 मोबाईल नं.- 7898655144
भोपाल - इंद्रपुरी
न्यू श्रीकृष्णा होम्योपैथिक मेडिकल 21 सी, इंद्रपुरी रायसेन रोड, बीमा हास्पिटल के सामने बी.एच.ई.एल, भोपाल मोबाईल नं.- 8602007178
भोपाल - करोंद
महावीर रेस्टोरेंट हाऊसिंग बोर्ड चौराहा, दशहरा मैदान, बैरसिया रोड करोंद, भोपाल मोबाईल नं.- 8871140922
भोपाल - नादरा बस स्टैण्ड
महावीर पटेल न्यूज पेपर एजेंसी, शॉप नं. 20, नादरा बस स्टैण्ड, अन्नी ट्रेवल्स के पास, भोपाल मोबाईल नं.- 9301908946
नोट - कूपन फार्मेट 31 जनवरी 2024 तक जमा किये जावेंगे।






## पीएम मोदी ने आह्वान किया है प्राण-प्रतिष्ठा से पहले देश भर के मंदिरों में चलाया जाए स्वच्छता अभियान

# विजयवर्गीय व सारंग ने मंदिर व गोशालाओं में झाड़ू लगाकर दिया 'स्वच्छता' का संदेश

मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज हर भारतीय स्वच्छता को जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना कर देश के विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भोपाल

अयोध्या में रामलला मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। देश भर में उत्साह का माहौल है। मप्र सरकार ने सभी मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ ही साथ अन्य क्रियाकलाप करने की एडवाइजरी जारी की है।

इसी के मद्देनजर सरकार के दो मंत्रियों नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीव व खेल तथा सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने मंदिर व गोशालाओं में पहुंचकर झाड़ू लगाई व साफ-सफाई की। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज हर भारतीय स्वच्छता को जीवनचर्या का अभिन्न हिस्सा बना कर देश के विकास में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहा है। स्वच्छता में ही ईश्वर का वास होता है। भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त प्रधानमंत्री की ओर से किए गए आह्वान पर शनिवार को इंदौर में स्वच्छता अभियान में सहभागिता कर श्रमदान किया। स्थानीय जनों के साथ साईं मंदिर एवं गोशाला के आसपास साफ-सफाई की। इस मौके पर विधायक रमेश मेंदोला व रहवासी भी मौजूद थे। मंत्री विजयवर्गीय ने शहर के पाटनीपुरा इलाके में साफ सफाई की। इसके साथ ही उन्होंने शहरवासियों को लगातार सफाई रखने का संदेश दिया।

### नरेला के मंदिर से स्वच्छता अभियान की शुरूआत



*सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत वार्ड 69 में अशोका गार्डन स्थित दुर्गा धाम मंदिर में स्वच्छता सेवा की। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है। अयोध्या में प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं। पीएम मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व 22 जनवरी तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है। इसके निमित्त नरेला विधानसभा के समस्त मंदिरों में स्वच्छता अभियान को शुरू किया गया है। 22 जनवरी को संपूर्ण नरेला विस में दीपोत्सव का आयोजन होंगे।*

# ईडी ने सोरेन को भेजा नोटिस, कहा आप आइए नहीं तो हम आएंगे

◆ प्रवर्तन निदेशालय ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 8वीं बार फिर समन भेजा है। सीएम से चिट्ठी का जवाब देने को कहा गया है और एजेंसी के सामने 16-20 जनवरी के बीच पेश होने को कहा है। इस बार या तो सीएम खुद पेश हों और या नहीं तो ईडी के अधिकारी आएंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶|नई दिल्ली/रांची

ईडी की ताजा चिट्ठी को हेमंत सोरेन के खिलाफ ईडी का आठवां समन माना जा रहा है। केंद्रीय एजेंसी ने अपनी पिछली चिट्ठी में कहा था कि जमीन घोटाला केस में सीएम का बयान दर्ज करना जरूरी है और सीएम चाहें तो इसके लिए जगह और समय खुद ही तय कर सकते हैं।

ईडी ने रांची के बड़गाई इलाके में फर्जी दस्तावेजों से आदिवासियों की जमीन की खरीद-बिक्री से जुड़े जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के लिए नोटिस जारी किया था। ईडी ने इस मामले पर सीएम सोरेन को अब तक सात समन जारी किए हैं। 14 अगस्त, 24 अगस्त, 9 सितंबर, 23 सितंबर, 4 अक्टूबर और 12 दिसंबर को भेजा था।



### सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट

सुप्रीम कोर्ट ने सीएम सोरेन को हाई कोर्ट जाने को कहा था लेकिन तब तक एजेंसी ने उन्हें दूसरा समन भेज 9 सितंबर को तलब कर लिया। बाद में मुख्यमंत्री ने 13 अक्टूबर को हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की लेकिन हाई कोर्ट से भी उन्हें कोई राहत नहीं मिली। और अब ईडी के नोटिस के बारे में खबर आई है। एजेंसी (अभी) चुपचाप बैठी थी और जैसे ही मुख्यमंत्री के दौरे की घोषणा की गई, इसने नोटिस भेज दिया।

### बार-बार समन के बाद भी पेश नहीं हुए सीएम

बताया जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने सभी समन का जवाब दिया है लेकिन बयान दर्ज कराने के लिए वह पेश नहीं हुए हैं। वह ईडी समन के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाई कोर्ट भी पहुंचे लेकिन उन्हें कोई राहत नहीं मिली। झारखंड मुक्ति मोर्चा सुप्रीमो हेमंत सोरेन पहले ही समन के बाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचे थे और एजेंसी के समन अवैध करार दिया था।

### केजरीवाल को चौथा समन, 18 को बुलाया

दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी के समक्ष पेश होने संबंधी तीन समन को नजरंदाज करने वाले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एजेंसी ने तीन माह से भी कम समय में चौथी बार समन जारी कर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है।

### आप बोली-भाजपा कर रही ईडी का दुरुपयोग

आप नेता एवं दिल्ली के मंत्री गोपाल राय ने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनावों में केजरीवाल को प्रचार से रोकने के लिए ईडी का 'दुरुपयोग' कर रही है। वे कानूनी सलाहकारों से परामर्श कर रहे हैं और उसके अनुसार कदम उठाएंगे। उन्होंने कहा, यह समझ से परे है। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 18 से 20 जनवरी तक दिल्ली के सीएम के गोवा दौरे की घोषणा कल की गई थी।


## कोलकाता के कारोबारी ने सट्टा एप की रकम शेयर बाजार में खपाई

# महादेव सट्टा एप में शामिल आरोपी के विदेश में हैं बैंक अकाउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶|रायपुर

महादेव सट्टा एप से जुड़े जिन दो कारोबारी रायपुर निवासी अमित अग्रवाल तथा कोलकाता निवासी नितिन टिबरेवाल को ईडी ने शुक्रवार को पूछताछ करने के बाद पांच दिन की रिमांड पर लिया है, उनके बारे में ईडी ने शनिवार को बयान जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि गिरफ्तार कारोबारी के विदेश में बैंक अकाउंट है जबकि नितिन ने सट्टे की एक बड़ी रकम शेयर बाजार में निवेश की है।

ईडी ने कहा मामले में अब तक पौने छह सौ करोड़ सीज किए गए हैं। दो प्रापर्टी अटैच करने की जानकारी दी है। नितिन ने ब्लैकमनी को छिपाने के लिए देश के साथ विदेश के बैंकों में रकम जमा की है।







## टायर फटने पर भी कई किमी तक डिस्क पर दौड़ाते रहे गोवंश से भरा ट्रक, फिर छोड़कर भागे

# 70 किमी पीछाकर पकड़ा गोवंश से भरा ट्रक, दम घुटने से 19 की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶|बैतूल

शुक्रवार रात को राष्ट्रीय हिंदू सेना ने 70 किमी दूर तक पीछा कर गोवंश से भरे एक आयशर ट्रक को पकड़ने में सफलता हासिल की है। इसमें 40 गोवंश भरे थे जिनमें से दम घुटने से 19 की मौत हो गई। 24 को गोशाला पहुंचाया गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने 'हरिभूमि' को बताया कि शुक्रवार रात्रि करीब 2 बजे गोवंश की तस्करी की सूचना मुखबिर से मिली थी। पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना कर गाड़ी को पकड़ने की योजना बनाई गई। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि एक लाल कलर की आयशर गाड़ी में गोवंश को क्रूरतापूर्वक चारों ओर से पैक किया गया था। उसमें गोवंश के पैर एवं मुंह को बांध कर महाराष्ट्र कत्लखाने बैतूल की ओर से ले जाया जा रहा था।

### आरोपी चलती गाड़ी से कूदे

आठनेर पुलिस एवं राष्ट्रीय हिंदू सेना ने महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित गेहूंबारसा तक पीछा किया। आठनेर के पास आयशर गाड़ी का अगला टायर फट गया था। इसके बावजूद तस्करों ने गाड़ी को तेजी से डिस्क पर भगाकर गेहूंबारसा के पास तक ले गए। वहां चलती गाड़ी से कूद कर तीन आरोपी फरार हो गए और गाड़ी नाले में करवट लेते हुए पलट गई।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930